# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर, बुधवार 18 फरवरी 2026


## आज आएगा प्रदेश का बजट विकास का होगा पूरा खाका

मध्य प्रदेश विधानसभा का 2026-27 का बजट 18 फरवरी को पेश किया जाएगा, जहां वित्तमंत्री जगदीश देवड़ा बजट पेश करेंगे। इस बार चार लाख 64 हजार करोड़ रुपए का बजट संभावित है। बजट में प्रदेश के विकास का तीन साल के खाका की झलक हो सकती है। बजट सत्र इस बार हंगामेदार होने के आसार नजर आ रहे हैं। पिछले सत्र में सरकार और विपक्ष के बीच जमकर बहस देखने को मिली थी, ऐसे में इस बार भी विधानसभा का बजट सत्र हंगामेदार होने की पूरी संभावना है।

### विधान सभा में आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 पेश

# स्थिर मूल्यों पर 76,971 हो गई प्रदेश में प्रति व्यक्ति शुद्ध आय

विशेष प्रतिनिधि :भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश की अर्थव्यवस्था समावेशी विकास के साथ अत्यंत गतिशील अर्थव्यवस्था बन गई है। वित्तीय अनुशासन, पारदर्शी प्रशासन और दूरदर्शी नीतियों के साथ मध्यप्रदेश की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हुई है। डॉ. यादव मध्यप्रदेश विधान सभा में मंगलवार को प्रस्तुत आर्थिक सर्वेक्षण 2025–26 पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे थे। इसके अनुसार राज्य की अर्थव्यवस्था योजनाबद्ध रूप से संतुलित और परिणामोन्मुखी है। सर्वेक्षण के अनुसार वित्तीय वर्ष 2011-12 से वित्तीय वर्ष 2025-26 की अवधि के दौरान मध्यप्रदेश की प्रति व्यक्ति शुद्ध आय स्थिर (2011-12) मूल्यों पर 38,497 से बढ़कर 76,971 रुपए एवं प्रचलित मूल्यों पर 38,497 से बढ़कर 1,69,050 रुपए हो गई है। यह वास्तविक आय स्तर में उल्लेखनीय सुधार को दर्शाता है।

### समावेशी विकास के साथ अत्यंत गतिशील बन गई मप्र की अर्थव्यवस्था: मुख्यमंत्री डॉ. यादव


सीएम डॉ. मोहन यादव

### सकल राज्य घरेलू उत्पाद में 11.14 प्रतिशत वृद्धि

सर्वेक्षण के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 (अग्रिम अनुमान) में मध्यप्रदेश का सकल राज्य घरेलू उत्पाद प्रचलित मूल्यों पर 16,69,750 करोड़ रुपए अनुमानित है, जो वित्तीय वर्ष 2024-25 (त्वरित अनुमान) के 15,02,428 करोड़ रुपए की तुलना में 11.14 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। वित्तीय वर्ष 2025-26 (अग्रिम अनुमान) में मध्यप्रदेश का सकल राज्य घरेलू उत्पाद स्थिर (2011-12)मूल्यों पर 7,81,911 करोड़ रुपए अनुमानित है,।

**स्वच्छ सर्वेक्षण में आठ राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त :** नगरीय विकास विभाग के तहत अमृत 2.0 के अंतर्गत 24,065 करोड़ रुपए का आवंटन किया गया, जिसमें 1,134 परियोजनाएं स्वीकृत हुईं। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत 8.75 लाख आवास पूर्ण किए गए। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में राज्य को आठ राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हुए। वित्तीय वर्ष 2025-26 में कुल बजट का 10.37 प्रतिशत शिक्षा के लिए आवंटित किया गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 9 प्रतिशत अधिक है।

### विभिन्न क्षेत्रों में प्रदेश की प्रमुख उपलब्धियां


आर्थिक सवेक्षण के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 में 2,618 करोड़ रुपए के राजस्व आधिक्य का अनुमान है। राजकोषीय घाटा जीएसडीपी का 4.66 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जबकि राजस्व प्राप्तियां जीएसडीपी के 17.16 प्रतिशत के बराबर आंकी गई हैं। कर राजस्व में 13.57 प्रतिशत वृद्धि अपेक्षित है तथा ऋण-जीएसडीपी अनुपात 31.3 प्रतिशत रहने का अनुमान है। वर्ष 2024-25 में कुल फसल उत्पादन में पिछले वर्ष की तुलना में 7.66 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई, जबकि खाद्यान्न उत्पादन में 14.68 प्रतिशत की वृद्धि हुई। उद्योग के क्षेत्र में 1,028 इकाइयों को 6,125 एकड़ भूमि आवंटित की गई, जिनमें 1.17 लाख करोड़ रुपए के प्रस्तावित निवेश से लगभग 1.7 लाख रोजगार अवसर सृजित होने की संभावना है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में नवंबर 2025 तक 4.42 करोड़ आयुष्मान कार्ड जारी किए गए। मातृ मृत्यु अनुपात 379 (2001-03) से घटकर 142 (2021-23) प्रति लाख जीवित जन्म हो गया।






## ओला के सीईओ को दिया गिरफ्तार करने का आदेश

**पणजी।** ओला इलेक्ट्रिक की मुश्किलें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। कई जगहों पर ओला स्कूटी में आग लगने की घटनाओं के बीच अब ओला इलेक्ट्रिक के सीईओ भविष अग्रवाल को गिरफ्तार करने का आदेश जारी किया गया है। यह आदेश कंफ्यूमर फोरम की ओर से जारी किया गया है। जारी आदेश में उपभोक्ता आयोग ने अग्रवाल के खिलाफ



जमानती वारंट जारी किया है। यह आदेश गोवा के मडगांव स्थित जिला उपभोक्ता आयोग ने दिया है। बताया गया कि यह कार्रवाई कंज्यूमर कंप्लेंट के तहत की गई है। ओला इलेक्ट्रिक के खिलाफ प्रीतिश चंद्रकांत घाड़ी नामक ग्राहक ने शिकायत की थी। आयोग की ओर से 28 जनवरी 2026 को नोटिस जारी कर भविष अग्रवाल को 4 फरवरी 2026 सुबह 10:30 बजे आयोग के सामने व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने के लिए कहा गया था।

## जापान की अर्थव्यवस्था में 0.2 प्रतिशत की बढ़त

**टोक्यो।** जापान की अर्थव्यवस्था ने 2025 की अंतिम तिमाही में वार्षिक आधार पर मात्र 0.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। 2025 के लिए कुल वृद्धि दर केवल 1.1 प्रतिशत रहने का अनुमान है। एक सरकारी रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। नवीनतम मौसमी रूप से समायोजित प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार, अक्टूबर-दिसंबर में निजी उपभोग में 0.4 प्रतिशत की वार्षिक दर से वृद्धि दर्ज की गई हालांकि निर्यात में 1.1 प्रतिशत की गिरावट ने इसे बेअसर कर दिया। आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल-जून में 0.5 प्रतिशत की वृद्धि के बाद, जुलाई-सितंबर में जापान की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में तिमाही आधार पर 0.7 प्रतिशत की गिरावट आई। चूंकि अर्थव्यवस्था ने पिछली तिमाही में फिर से वृद्धि दर्ज की इसलिए देश तकनीकी मंदी से बाल-बाल बच गया।

### विधानसभा में आवारा कुत्तों काटने के मुद्दों पर करीब एक घंटे तक चली चर्चा

# कांग्रेस: 2 करोड़ खर्च, आबादी बढ़ती जा रही कैलाश: 51 नए नसबंदी केंद्र खोले जा रहे हैं

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सुप्रीम कोर्ट, हाईकोर्ट, संसद के बाद मप्र विधानसभा में भी मंगलवार को आवारा कुत्तों के काटने की घटनाओं में इजाफे का मुद्दा उठा। कांग्रेस विधायक आतिफ अकील ने भोपाल में आवारा कुत्तों के मुद्दे पर कहा कि कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। हालात यह है कि प्रशासन और नगर निगम नसबंदी-वैक्सीनेशन के नाम पर करीब 2 करोड़ रुपए खर्च कर रही है। इसके बावजूद न तो आवारा कुत्तों की संख्या पर नियंत्रण हो पा रहा है, और न ही काटने की घटनाओं में कमी आ रही है। उन्होंने सदन से बाहर एक मुद्दा गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने का उठाया। अपने जवाब में नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि 16 नगर निगमों कुल 80,704 कुत्तों के नसबंदी ऑपरेशन किए गए हैं। साथ ही साथ 97,936 एंटी-रेबीज टीकाकरण किया गया है। पांच बड़े नगर निगम में 51 नए स्वान नसबंदी केंद्र भी खोले जा रहे हैं। जिला कलेक्टरों को स्थानीय स्तर पर भी एक समिति गठित कर श्वान से बचाव के लिए बंदोबस्त करने को कहा गया है। ऐहतियात के तौर पर जो भी कदम उठाए जा सकते हैं, वह सरकार उठा रही है। इस दौरान आरिफ मसूद, राजेंद्र पांडे, शैलेंद्र कुमार जैन, गोपाल भार्गव, राजेंद्र शुक्ल ने भी अपनी बात कही।

*विजयवर्गीय ने कहा कि नगर निगम भोपाल में डॉग बाइट की हर घटना को संज्ञान में लेकर त्वरित कार्रवाई की जाती है*

### 16 नगर निगमों कुल 80,704 कुत्तों के नसबंदी ऑपरेशन किए गए

***जिला कलेक्टरों को स्थानीय स्तर पर भी एक समिति गठित कर श्वान से बचाव के लिए बंदोबस्त करने को कहा गया***



### मंत्री विजयवर्गीय ने बताया

### भोपाल में एंटी-रेबीज वैक्सीन के 5,023 इंजेक्शन उपलब्ध

मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि कुत्ता शब्द की जगह श्वान कहा जाए तो ज्यादा अच्छा होगा। विजयवर्गीय ने कहा कि नगर निगम भोपाल में डॉग बाइट की हर घटना को संज्ञान में लेकर त्वरित कार्रवाई की जाती है। बदलते मौसम, भोजन की उपलब्धता, ब्रीडिंग सीजन, बीमारियां जैसे कारणों से आवारा कुत्तों में आक्रामकता बढ़ जाती है, जिससे यह घटनाएं होती हैं। यह कहना सही नहीं है कि नियंत्रण में प्रशासन विफल है या शहर में स्थिति विस्फोटक बनी हुई है।



### गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने का संकल्प प्रस्तुत किया

कांग्रेस विधायक आतिफ अकील ने गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित किए जाने का संकल्प प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि भारत विविध धर्मों का देश है और हर धर्म का सम्मान किया जाना चाहिए। हिंदू धर्म में गाय को माता का दर्जा प्राप्त है, इसलिए माता का व्यापार नहीं होना चाहिए। अकील ने अपने संकल्प में मांग की कि गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित किया जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि यदि किसी गाय की मृत्यु होती है तो उसका विधिवत अंतिम संस्कार किया जाना चाहिए।





### विधायक शर्मा ने पब्लिसिटी स्टंट करार दिया

*संकल्प पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा ने इसे पब्लिसिटी स्टंट करार दिया। उन्होंने कहा कि केवल प्रचार के लिए ऐसे प्रस्ताव विधानसभा में नहीं लाने चाहिए। शर्मा ने तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि अगर वास्तव में गंभीर हैं तो मस्जिदों में जाकर संकल्प कराएं, जिससे गो-हत्या पर रोक लगे। दोनों विधायकों के बीच इस मुद्दे को लेकर तीखी नोकझोंक देखने को मिली। सदन में कुछ देर तक हंगामे की स्थिति भी बनी रही। हालांकि, अध्यक्ष की समझाइश के बाद सदन की कार्यवाही आगे बढ़ी।*


प्रदर्शन करते कांग्रेस विधायक

### दूषित पानी से मौतों पर प्रदर्शन

# गंदे पानी की बोतलें लेकर पहुंचे कांग्रेस के विधायक

### नेता प्रतिपक्ष ने परिसर में किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे दिन सत्र से पहले कांग्रेस विधायकों ने इंदौर के भागीरथपुरा इलाके में दूषित पानी से हुई मौतों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार गंदे पानी की बोतल लेकर विधानसभा पहुंचे। उज्जैन के तराना से विधायक महेश परमार ने सरकार और प्रशासन को जिम्मेदार ठहराया।

कांग्रेस ने विधानसभा परिसर में प्रदर्शन किया। कांग्रेस विधायकों ने महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने गंदे पानी से भरी बोतलें और नारे लिखी तख्तियां हाथ में लेकर सरकार के खिलाफ विरोध दर्ज कराया। उन्होंने नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से इस्तीफे की मांग की और दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की बात कही।

### क्या इस पर सदन में चर्चा होगी?

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि राज्यपाल के अभिभाषण में प्रदेश में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के दावे किए गए, लेकिन जमीनी सच्चाई इससे बिल्कुल उलट है। कई क्षेत्रों में लोग दूषित और मलयुक्त पानी पीने को मजबूर हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या सरकार इस गंभीर मुद्दे पर विधानसभा में चर्चा कराने को तैयार है या नहीं? हर व्यक्ति महंगा आरओ पानी खरीदने में सक्षम नहीं होता।

### परिवार के अन्य सदस्य मिलने पहुंचे

## सलीम खान की तबीयत बिगड़ी एक्टर सलमान अस्पताल पहुंचे

**लीलावती अस्पताल में भर्ती कराया गया**



एजेंसी ⏭ मुंबई

बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान के पिता और इंडस्ट्री के दिग्गज पटकथा लेखक सलीम खान की अचानक तबीयत बिगड़ी है। इसके बाद उन्हें मुंबई के लीलावती अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पिता की सेहत की जानकारी मिलते ही सलमान खान भी तुरंत ही अस्पताल पहुंचे। हालांकि, सलीम की सेहत को लेकर अब तक कोई जानकारी सामने नहीं आई है। हॉस्पिटल से सलमान खान का वीडियो सामने आया है। इसमें सलमान का चेहरा उतरा हुआ नजर आ रहा है और वो काफी चिंतित दिखाई पड़ रहे हैं। सलमान खान के बाद अब बहन अलवीरा और उनके पति अतुल अग्निहोत्री भी लीलावती अस्पताल पहुंचे हैं।

### शंकराचार्य विवाद पर ब्रजेश पाठक बोले

## चोटी नहीं खींचना चाहिए था, ये तो बड़ा महापाप है

**मौनी अमावस्या पर पुलिस ने रोका था**



एजेंसी ⏭ लखनऊ

प्रयागराज माघ मेले के दौरान शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद और प्रशासन के बीच विवाद का मामला सामने आया था। इसके बाद मामले ने तूल पकड़ लिया। इस मामले में प्रशासन, सीएम योगी, डिप्टी सीएम केशव तक ने अपनी बात रखी। शंकराचार्य के बटुक ब्राह्मणों के साथ हुई घटना पर अब डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने भी अपनी बात रखी है। पाठक ने कहा कि चोटी नहीं खींचना चाहिए था। ये महापाप है। जिन लोगों ने चोटी को छुआ है। पाप लगेगा। कई बरस बाद भी बहुत पाप पड़ेगा। सब खाता बही में लिखा जा रहा है। कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

### पंजाब सीएम मान को सांस लेने में दिक्कत

## घातक केमिकल पोलोनियम देने का दावा, बम से उड़ाने की धमकी मिली

***मोहाली के फोर्टिस हॉस्पिटल में एडमिट***

एजेंसी ⏭ मोहाली

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को जान से मारने की धमकी दी गई है। खालिस्तान समर्थक संगठन, खालिस्तान नेशनल आर्मी ने प्रशासन को ई-मेल भेजकर धमकी दी कि सीएम मान को भाई दिलावर सिंह के वारिसों ने पोलोनियम से संक्रमित किया है। अगर वे बच गए तो उनका पंजाब के पूर्व सीएम बेअंत सिंह जैसा हाल करेंगे। सीएम मान मोहाली के फोर्टिस हॉस्पिटल में एडमिट हैं। खालिस्तान नेशनल आर्मी ने इस अस्पताल समेत 16 स्कूलों को भी बम से उड़ाने की धमकी दी। धमकी भरा ई-मेल मिलते ही पंजाब पुलिस और इंटेलिजेंस विंग तुरंत सक्रिय हो गई।


भगवंत मान

सुरक्षा के मद्देनजर पूरे इलाके में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया। विशेष रूप से मोहाली और चंडीगढ़ के महत्वपूर्ण स्थानों पर सुरक्षा घेरा कड़ा कर दिया गया। मोहाली के एसपी सिटी दिलप्रीत सिंह का कहना है कि धमकी भरा ईमेल आया है। हम सभी चीजों को वैरिफाई कर रहे हैं। मुख्यमंत्री फोर्टिस हॉस्पिटल में एडमिट हैं। अस्पताल की अच्छी तरह से जांच की गई है। सब सेफ है। जिस पोलोनियम केमिकल देने की बात सामने आई है, वह दुर्लभ रेडियोएक्टिव पदार्थ है।

### बुरहानपुर में 10वीं का पेपर लीक! नकल कराने के उद्देश्य से अनुपस्थित छात्र की डेस्क से फोटो खींची

### शिक्षिका को परीक्षा केंद्र से बाहर किया, केंद्राध्यक्ष को भी बदला

# शिक्षिका ने वाट्सएप स्टेटस पर लगाया अंग्रेजी का प्रश्नपत्र, कलेक्टर ने दो को किया निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ इंदौर

बुरहानपुर में मंगलवार सुबह परीक्षा के दौरान उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक प्राथमिक शिक्षिका द्वारा 10वीं के अंग्रेजी प्रश्नपत्र की फोटो सोशल मीडिया पर साझा किए जाने का मामला सामने आया। सुबह करीब 9:35 बजे प्रशासन को जानकारी मिली कि तुकईथड़ में पदस्थ प्राथमिक शिक्षिका राजकुमारी सोनी ने अपने वाट्सएप स्टेटस पर परीक्षा से जुड़ी तस्वीर डाली है। एडीएम की प्रारंभिक जांच में पुष्टि हुई कि सुबह 9:06 बजे अंग्रेजी प्रश्नपत्र की फोटो स्टेटस पर अपलोड की गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर हर्ष सिंह और जिला पंचायत सीईओ तत्काल तुकईथड़ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पहुंचे। पूछताछ में शिक्षिका ने स्वीकार किया कि उसने एक अनुपस्थित छात्र की डेस्क से प्रश्नपत्र की फोटो खींची थी।


परीक्षा केंद्र पहुंचे अधिकारी

### शिक्षिका और केंद्राध्यक्ष निलंबित

*कर्तव्य में लापरवाही और अनुचित गतिविधियों में संलिप्तता के आरोप में शिक्षिका राजकुमारी सोनी और केंद्राध्यक्ष को तत्काल निलंबित कर दिया गया है। आरोपी शिक्षिका को पुलिस थाने भेजा गया है, जहां उससे विस्तृत पूछताछ जारी है। प्रशासन मामले से जुड़े अन्य संभावित पहलुओं की भी जांच कर रहा है।*

### पेपर लीक की अटकलों पर विराम

घटना के बाद पेपर लीक की चर्चाएं तेज हो गईं, हालांकि प्रशासन ने इसे सिरे से खारिज किया है। अधिकारियों के अनुसार, केंद्र पर मौजूद 109 छात्र-छात्राओं को सुबह 8:40 बजे से पहले प्रवेश दे दिया गया था और प्रश्नपत्र निर्धारित समय पर वितरित किए गए।





बेहतर भविष्य की ओर
अन्नदाता
समृद्ध किसान समृद्ध प्रदेश
किसान कल्याण वर्ष 2026
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
किसान सम्मेलन
आधुनिक कृषि पर केन्द्रित प्रदर्शनी
एवं
विकास कार्यों का भूमिपूजन तथा लोकार्पण
मुख्य अतिथि
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री
18 फरवरी 2026 । अपराह्न 2:00 बजे । ग्राम कुलैथ, ग्वालियर
"किसान कल्याण वर्ष मनाने वाला मध्यप्रदेश, देश का पहला राज्य है हमारा लक्ष्य किसानों की आय बढ़ाकर उन्हें आधुनिक तकनीक से जोड़ते हुए समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाना है। भविष्य में किसानों को सब्सिडी देकर उद्योगों में उनकी भागीदारी बढ़ाएंगे।"
–डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
D-11209/25
सीधा प्रसारण
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP
डॉ. मोहन यादव का अभ्युदय मध्यप्रदेश
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2026

जबलपुर

बुधवार 18 फरवरी 2026

फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष–1

वर्ष : 20, अंक : 290

पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *


**मौसम**

अधि. 26

न्यून. 11


# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित


समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



8

वीडियो खेल बच्चों के लिए आत्मघाती




मैट्रो

14 मेडिकल छात्र की संदिग्ध मौत ....


## खबर संक्षेप

### कफ सिरप कांड: डॉ. सोनी सहित 4 की याचिका खारिज

**छिंदवाड़ा।** जिले में जहरीला कफ सिरप कांड में मंगलवार को बड़ा न्यायिक घटनाक्रम सामने आया।



30 मासूम बच्चों की मौत से जुड़े इस मामले में मप्र हाई कोर्ट ने मुख्य आरोपी डॉ. प्रवीण सोनी सहित चार आरोपियों की जमानत याचिका खारिज कर दी। इस निर्णय के बाद सभी आरोपियों को जेल में ही रहना होगा। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यह मामला अत्यंत गंभीर है और इसमें मासूम बच्चों की जान गई है।

### एआई कंपनी नेयसा में 60 करोड़ डॉलर निवेश करेगा ब्लैकस्टोन

**नई दिल्ली।** निजी इक्विटी फंड से जुड़ी ब्लैकस्टोन और उसके सह-निवेशकों ने भारतीय कृत्रिम मेधा (एआई) मंच नेयसा में निवेश के लिए समझौते किए हैं। इससे कंपनी को कुल 1.2 अरब डॉलर की पूंजी जुटाने में मदद मिलेगी जिसका इस्तेमाल भारत के अग्रणी ''एआई ढांचे'' मंच को खड़ा करने के लिए किया जाएगा। एआई कंपनी के बयान के अनुसार, ब्लैकस्टोन एवं सह-निवेशकों ने इक्विटी के रूप में 60 करोड़ डॉलर तक निवेश की प्रतिबद्धता जताई है। इसके आधार पर नेयसा दस्तावेजी औपचारिकताओं के अधीन अतिरिक्त 60 करोड़ डॉलर का कर्ज जुटाने की योजना बना रही है।

### सुनार नदी में गिरी कार, पत्नी लापता

**दमोह।** दमोह-छतरपुर स्टेट हाईवे पर मंगलवार शाम करीब 4:30 बजे हादसा हो गया। सुनार नदी के



पुल से एक कार अनियंत्रित होकर लगभग 60 फीट नीचे नदी में जा गिरी। देहात थाना क्षेत्र के कल्याणपुरा निवासी सुनील उर्फ अमित अहिरवार अपनी पत्नी सपना के साथ कार से बकायन स्थित प्रसिद्ध हनुमान मंदिर जा रहे थे। पुल पर कार बेकाबू होकर नदी में जा गिरी। सुनील को बाहर निकाल लिया है। पत्नी की तलाश जारी है।

### कुबेरेश्वरधाम पहुंचे पंडित धीरेंद्र शास्त्री

**सीहोर।** कुबेरेश्वरधाम पर जारी सात दिवसीय रुद्राक्ष महोत्सव के चौथे दिवस मंगलवार को बागेश्वर



धाम सरकार पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का आगमन हुआ। मंच पर पं प्रदीप मिश्रा और धीरेंद्र शास्त्री की मौजूदगी में पूरा पंडाल हर-हर महादेव और जय श्री राम के उद्घोष से गूंज उठा। पं धीरेंद्र शास्त्री ने कहा, कुबेरेश्वर धाम आकर कथा सुनना परम सौभाग्य की बात है।

---

## रईसजादे की तेज रफ्तार और रील बनाने की वजह से 23 वर्षीय साहिल की मौत

# मां की दुनिया था साहिल... घर की दीवारों पर हाथ से लिखे थे सपने, यूके जाने की थी तैयारी

मां ने कहा-इस केस के जरिए एक मिसाल बननी चाहिए ताकि किसी और माता-पिता को मेरा जैसा दर्द न झेलना पड़े

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में द्वारका की सड़कों पर बिखरा वह खून सिर्फ एक हादसे का निशान नहीं, बल्कि एक मां के उन तमाम सपनों की आहुति है जिसे उसने 23 साल तक सींचा था। एक रईसजादे की रफ्तार और सोशल मीडिया पर रील बनाने की सनक ने 23 वर्षीय साहिल धनेश्रा की जिंदगी छीन ली।

साहिल सिर्फ एक बेटा नहीं, अपनी सिंगल मदर इन्ना माकन की पूरी दुनिया था। साहिल बीबीए कर रहा था और उसका लक्ष्य



साहिल का अपनी मां इन्ना माकन के साथ एलबम फोटो

था विदेश जाकर मास्टर्स करना। वह अपनी मां पर बोझ नहीं बनना चाहता था, इसलिए खुद ही मैनचेस्टर यूनिवर्सिटी के एडमिशन फॉर्म, डॉक्यूमेंटेशन और इंश्योरेंस की कागजी कार्रवाई पूरी कर रहा था। घर की दीवारों पर साहिल के हाथों से लिखे करियर नोट्स और लक्ष्य तो मौजूद हैं, लेकिन उन्हें सच करने वाला साहिल हमेशा के लिए खामोश हो गया है। अगस्त में उसे यूके के लिए उड़ान भरनी थी, पर होनी को कुछ और ही मंजूर था। नियति का क्रूर खेल देखिए, साहिल अपने जन्मदिन से महज कुछ दिन पहले इस हादसे का शिकार हो गया।

### स्कॉर्पियो चला रहा चालक 17 साल का नाबालिग

जांच में सामने आया कि स्कॉर्पियो चला रहा चालक 17 साल का नाबालिग था, जिसके पास ड्राइविंग लाइसेंस नहीं था। पुलिस के मुताबिक स्कॉर्पियो ने पहले सामने से आ रही साहिल की मोटरसाइकिल को टक्कर मारी और फिर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी डिज़ायर कार से भी जा भिड़ी। नाबालिग चालक को जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे ऑब्जर्वेशन होम भेज दिया गया। हालांकि 10 फरवरी को बोर्ड परीक्षा का हवाला देते हुए उसे अंतरिम जमानत दे दी गई।

### पैरेंट्स के पास पैसा है तो वे कुछ भी करेंगे

इन्ना माकन ने बताया कि मेरे बेटे की मौत रैश ड्राइविंग की वजह से हुई है। यह एक साधारण दुर्घटना नहीं- यह अपराध था। ये बच्चे सोचते हैं कि उनके मातापिता के पास पैसा है तो सड़क पर कुछ भी कर सकते हैं। स्टंट, रील, फन-विडियोज और उन्हें कोई सजा नहीं मिलेगी। इस लड़के पर पहले भी ओवरस्पीडिंग के कई चालान हैं।

---

## मैक्रों-मोदी की अहम मुलाकात : प्रधानमंत्री मोदी ने संयुक्त प्रेस वार्ता में कहा

# भारत व फ्रांस एवरेस्ट तक उड़ने वाला विशेष हेलिकॉप्टर बनाएंगे

टाटा-एयरबस की एच-125 हेलिकॉप्टर असेंबली लाइन का उद्घाटन

*पीएम ने फ्रांस से कहा- भारत के साथ मिलकर ऐसा भविष्य बनाएं, जहां तकनीक मानवता की सेवा करे और यह तकनीक समावेशी हो*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों मंगलवार को भारत पहुंचे। इस दौरान मुंबई में उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। मुंबई के लोकभवन में वार्ता और प्रेस ब्रीफिंग के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने एक ही कार में यात्रा की। इससे पहले मैक्रों और प्रथम महिला ब्रिगिट मैक्रों ने मंगलवार को अपने भारत दौरे की शुरुआत मुंबई में 2008 के आतंकी हमलों (26/11) में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दे की।

प्रधानमंत्री मोदी ने संयुक्त प्रेस वार्ता में कहा कि भारत और फ्रांस मिलकर भारत में एक ऐसा हेलिकॉप्टर बनाएंगे, जो माउंट एवरेस्ट जैसी ऊंचाइयों तक उड़ान भर सके। पीएम मोदी ने यह बातें तब कही जब दोनों नेताओं ने टाटा-एयरबस की एच-125 हेलिकॉप्टर असेंबली लाइन का ऑनलाइन उद्घाटन किया। असेंबली लाइन वह जगह है जहां हेलिकॉप्टर का ढांचा, इंजन, पंखे और इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम अलग-अलग चरणों में जोड़े जाते हैं और यहीं पूरा हेलिकॉप्टर तैयार होता है।

राष्ट्रपति मैक्रों ने 26/11 आतंकी हमले में मारे गए लोगों को दी श्रद्धांजलि



कार में पीएम मोदी और मैक्रों



उद्घाटन करते हुए दोनों नेता

- **मोदी और मैक्रों ने एक ही कार में यात्रा की**
- **कहा- यहां दोनों देशों के बेस्ट माइंड्स एक साथ**
- **भारत फ्रांस एक दूसरे के टैलेंट का स्वागत कर रहे**

### लीडर्स, सीईओ, निवेशक और विश्वविद्यालयों को दिया न्योता

पीएम मोदी ने कहा कि मैं फ्रांस और पूरे विश्व के लीडर्स, सीईओ, निवेशक और विश्वविद्यालयों को आमंत्रित करता हूं, आइए भारत के साथ मिलकर ऐसा भविष्य बनाएं, जहां तकनीक मानवता की सेवा करे और यह तकनीक समावेशी हो। पीएम मोदी ने कहा कि साल 2026 भारत फ्रांस संबंधों के लिए विशेष वर्ष है। उद्योग से उद्योग साझेदारी का विस्तार हो रहा है। आज जिस तरह हम यहां जुड़े हैं, उसी तरह हम जून 2026 में फ्रांस में भारत के बेहतरीन टेक स्टार्टअप्स को दुनिया के सामने रखेंगे। आज भी यहां दोनों देशों के बेस्ट माइंड्स एक साथ हैं। आज भारत फ्रांस एक दूसरे के टैलेंट का स्वागत कर रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि भारत फ्रांस की साझेदारी एक फोर्स फॉर ग्लोबल स्टैबिलिटी है। हम बहुपक्षीय डायलॉग पर जोर देना जारी रखेंगे।

### मैक्रों बोले- यह विशेष रणनीतिक साझेदारी

राष्ट्रपति मैक्रों ने बताया कि दोनों देशों ने इस साझेदारी को विशेष रणनीतिक साझेदारी का दर्जा दिया है। चाहे इंडो-पैसिफिक क्षेत्र हो, नई तकनीक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस या अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन जैसी परियोजनाएं हों, दोनों देशों ने मिलकर कई कदम उठाए हैं। मैक्रों ने संबोधन में सबसे पहले भारत में अपने चौथे औपचारिक दौरे के दौरान गर्मजोशी से स्वागत करने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि भारत और फ्रांस के बीच द्विपक्षीय संबंध विशेष और अद्वितीय हैं, जो विश्वास, पारदर्शिता और महत्वाकांक्षा पर आधारित हैं।

### स्वामी विवेकानंद कल्चरल सेंटर फ्रांस में खोला जाएगा

पीएम मोदी ने कहा कि भारत और फ्रांस दोनों प्राचीन और समृद्ध सभ्यताएं हैं। दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक और लोगों के बीच संबंधों को बहुत महत्व दिया जाता है। अब भारत और फ्रांस नेशनल मरीटाइम हेरिटेज कॉम्प्लेक्स, लोथल पर सहयोग करेंगे, और पहले ही ज्वेल म्यूजियम पर साथ काम किया जा चुका है। जल्द ही स्वामी विवेकानंद कल्चरल सेंटर फ्रांस में खोला जाएगा।

---



नवजात के शव को नोंचता कुत्ता

## कलेक्टोरेट से चंद कदमों की दूरी पर

# उफ....नवजात के शव को नोंच-नोंच कर खा गए कुत्ते

**पहले मेडिकल कॉलेज के पीछे और जिला अस्पताल के टॉयलेट में भी मिल चुका है नवजात का शव**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

शहर में नवजात बच्चों के शिव मिलने के मामले आम हो चुके हैं। मेडिकल कॉलेज के पीछे, जिला अस्पताल के टॉयलेट में तक नवजात के शव मिल चुके हैं। मंगलवार शाम 4 बजे विवेकानंद चौराह स्थित तहसील परिसर के पास एक नवजात के शव को कुत्ते नोंच रहे थे। शर्मशार कर देने वाला यह दृश्य देखकर कुछ लोगों ने वीडियो बनाया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी भी पहुंचे। लेकिन यह पता नहीं चल सका है कि शव यहां कहां से आया और नवजात की मां कौन है? सीएमएचओ डॉ. रामहित कुमार से बात करने का प्रयास किया गया लेकिन उन्होंने कोई जवाब देना उचित नहीं समझा।

### पहले भी ऐसी ही रही चुप्पी

तीन महीने पहले बेतवा नदी के रंगई घाट 3 महीने के बच्चे का शव मिला था। तब पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम कराया, लेकिन शव यहां किसने फेंका और मां कौन है इसका पुलिस कोई सुराग नहीं लगा सकी। इससे पहले मेडिकल कॉलेज के पीछे भी एक नवजात का शव मिला था। उस मामले में भी पुलिस और स्वास्थ्य विभाग ने यह पता लगाने का प्रयास नहीं किया की नवजात की मां कौन थी।

---

## नौकरी से निकाले जाने से नाराज था

# डिप्टी रेंजर को मारी गोली फिर आरोपी ने फांसी लगाई

फायरिंग में दो महिलाएं भी घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित सागर रोड पर अमरावद नर्सरी में मंगलवार दोपहर करीब एक बजे सनसनीखेज गोलीकांड हो गया। नर्सरी में पदस्थ डिप्टी रेंजर राकेश शर्मा पर पूर्व मजदूर पूरन सिंह लोधी (निवासी बनखेड़ी) ने देशी कट्टे से फायरिंग कर दी। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी ने नर्सरी परिसर में एक पेड़ पर



अस्पताल में उपचार कराते राकेश शर्मा

फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पूरन सिंह गुड्डा लोधी को कुछ समय पहले नौकरी से निकालदिया गया था। वह दोबारा वन सुरक्षा समिति में मजदूर के रूप में रखने के लिए डिप्टी रेंजर राकेश शर्मा पर दबाव बना रहा था।

---

## भाजपा नेता सत्तन की बेटी कांग्रेस में

# कनुप्रिया ने भोपाल में ली सदस्यता इंदिरा गांधी के नेतृत्व से प्रभावित

कांग्रेस कार्यालय में सदस्यता दिलाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाजपा के दिग्गज नेता सत्यनारायण सत्तन की बेटी कनुप्रिया सत्तन ने मंगलवार को कांग्रेस की सदस्यता ले ली। कनुप्रिया ने दोपहर भोपाल कांग्रेस कार्यालय पहुंचकर पार्टी के मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक और महिला



कनुप्रिया सदस्यता लेती हुईं

कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष अर्चना जायसवाल की मौजूदगी में सदस्यता ग्रहण की। सत्तन की बेटी कनुप्रिया के कांग्रेस ज्वॉइन करने पर कांग्रेस ने उनका अभिनंदन किया है।

---

## बांग्लादेश में अब बीएनपी 'राज'

25 मंत्री और 24 राज्य मंत्री बनाए गए हैं



### तारिक रहमान बने बांग्लादेश के नए पीएम

*ढाका। बांग्लादेश की राजनीति का एक नया अध्याय शुरू हो गया है। हाल ही में हुए आम चुनाव में बीएनपी की ऐतिहासिक जीत के बाद तारिक रहमान अब बांग्लादेश के नए प्रधानमंत्री बन चुके हैं। राष्ट्र पति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने रहमान को पीएम पद की शपथ दिलाई। उन्होंने 25 मंत्री और 24 राज्य मंत्री बनाए हैं।*

---

## पौधों की हरित पट्टी विकसित की जाएगी


# एनएचएआई राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे विकसित करेगा 'पॉलिनेटर' कॉरिडोर

लगभग 40 लाख पेड़ लगाने की योजना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सतत अवसंरचना विकास के अपने संकल्प को दोहराते हुए नेशनल हाईवेज अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) ने राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे 'पॉलिनेटर' या 'बी कॉरिडोर' विकसित करने की अनूठी पहल की घोषणा की है।

इस योजना के तहत सजावटी पौधों की जगह पर्यावरणीय दृष्टि से



फाइल फोटो

उपयोगी पौधों की हरित पट्टी विकसित की जाएगी, जिसमें सालभर फूल देने वाले पेड़-पौधे लगाए जाएंगे ताकि मधुमक्खियों को लगातार पराग और मधुरस उपलब्ध हो सके। राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे की भूमि को पॉलिनेटर संरक्षण के लिए उपयोग करने से मधुमक्खियों और अन्य पॉलिनेटर पर बढ़ते पर्यावरणीय दबाव को कम करने में मदद मिलेगी। इससे परागण सेवाओं, कृषि और बागवानी उत्पादन तथा समग्र पारिस्थितिक संतुलन को भी लाभ होगा। इस पहल के तहत एनएचएआई पेड़, झाड़ियाा, जड़ी-बूटियां और घास का मिश्रण लगाएगा, जिसमें मधुरस और पराग से भरपूर प्रजातियां शामिल होंगी।

---

## 1 हिंदू युवती के साथ महाकाल के दर्शन करने पहुंचा मुस्लिम युवक

# हिंदू युवक बनकर शहर में घूम रहा था जफर, बजरंगियों ने पीटा

माथे पर तिलक भगवा कपड़े और गले में रुद्राक्ष की माला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन

यहां एक गैर हिंदू युवक की पिटाई का मामला सामने आया है। युवक पर आरोप है कि वह हिंदू युवक बनकर शहर में घूम रहा था और महाकाल सहित अन्य प्रमुख मंदिरों में दर्शन कर रहा था। घटना के बाद हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ताओं ने युवक को पकड़कर नानाखेड़ा पुलिस के हवाले कर दिया। युवक का नाम जफर बताया जा रहा है। वह धोती



आरोपी जफर

कुर्ता पहने हुए था, माथे पर अष्टगंध चंदन का तिलक लगाए हुए था और गले में रूद्राक्ष की माला पहने हुए था।

---

## 2 होटल में हिंदू लड़की के साथ पकड़ाया मुस्लिम युवक, जमकर धुनाई

# मोबाइल में युवतियों के आपत्तिजनक वीडियो, जुलूस निकालकर थाने ले गए

नाबालिग लड़की आलमारी के अंदर छिपी मिली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खजुराहो

जिले में खजुराहो के एक होटल में मुस्लिम युवक, हिंदू नाबालिग लड़की के साथ पकड़ा गया है। एबीवीपी कार्यकर्ता दरवाजा तोड़कर कमरे में घुसे तो युवक ने अंदर किसी के भी होने से इनकार किया। तलाशी के दौरान नाबालिग लड़की आलमारी के अंदर छिपी मिली। उसने बाहर निकलते ही कहा कि भैया मुझे बचा लो। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने लव जिहाद का मामला बताकर युवक की



आरोपी युवक

पिटाई कर दी। होटल का रिसेप्शन और फर्नीचर भी तोड़ दिया। फिर युवक को सड़क पर घुमाते हुए थाने ले गए।

# बेंगलुरू में दुनिया की पहली 'एआई सिटी' का शंखनादः भारत वन डॉट एआई रचने जा रहा इतिहास, होंगे नए रिसर्च और इनोवेशन

**10,000 से ज्यादा एआई रिसर्चर्स और इनोवेटर्स के लिए यहां खास जगह होगी**

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत की सिलिकॉन वैली कहे जाने वाले बेंगलुरू ने अब पूरी दुनिया को पीछे छोड़ने की तैयारी कर ली है। इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में बेंगलुरू के स्टार्टअप भारत वन डॉट एआई ने दुनिया की पहली 'एआई सिटी' बनाने का ऐलान कर ग्लोबल टेक जगत में हलचल मचा दी है। यह महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट शहर के सरजापुर इलाके में आकार लेगा, जिसका मुख्य केंद्र 5 लाख वर्ग फीट में फैला 'बी1 एआई सुपरपार्क' होगा। कंपनी का लक्ष्य एक ऐसा अत्याधुनिक रिसर्च और इनोवेशन कैंपस तैयार करना है जहां एआई सिर्फ बंद कमरों और कंप्यूटर स्क्रीन्स तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि असल जिंदगी की चुनौतियों के बीच अपनी काबिलियत साबित करेगा।

इस प्रोजेक्ट की सबसे क्रांतिकारी बात इसका 'ह्यूमन-सेंट्रिक' दृष्टिकोण है। भारत वन डॉट एआई के सीईओ उमाकांत सोनी के मुताबिक, यह दुनिया के लिए एक 'मूनशॉट' की तरह है जहां एआई मॉडल्स को न केवल स्मार्ट बनाया जाएगा, बल्कि उन्हें इंसानी मूल्यों और सुरक्षा के मानकों पर भी परखा जाएगा। यहाँ एआई के वैलिडेशन के लिए आधार कार्ड जैसा एक पुख्ता सिस्टम विकसित किया जा रहा है, ताकि कोई भी एआई एजेंट बिना पूरी जांच और स्ट्रेस टेस्टिंग के समाज के बीच न पहुँच सके। इस शहर में 10 हजार से ज्यादा एआई रिसर्चर्स और इनोवेटर्स एक साथ काम करेंगे, जिनके पास 400 जीबीपीएस जैसी सुपरफास्ट इंटरनेट कनेक्टिविटी और हाई-डेंसिटी कंप्यूटिंग की ताकत होगी।

*साल के अंत तक पहले फेज का काम पूरा करने का लक्ष्य है*

*एआई एजेंट्स वास्तविक दुनिया के अनुभवों से ट्रेंड किया जाएगा*

### मशीनें इंसानियत का पाठ सीखेंगी



फाइल फोटो

भारत के सबसे बड़े दिमाग भी इस मिशन में साथ जुड़ चुके हैं। आईआईटी कानपुर, आईआईएससी का सार्क सेंटर, बिट्स पिलानी और आईस्पिरिट फाउंडेशन जैसे दिग्गज संस्थान यहां रोबोटिक्स, ऑटोनोमस इंफ्रास्ट्रक्चर और ह्यूमन-मशीन इंटरैक्शन पर काम करेंगे। कंपनी ने इसे एक 'सिटी-स्केल वर्ल्ड मॉडल' के रूप में पेश किया है, जहां एआई एजेंट्स को रियल-वर्ल्ड कंडीशन में ट्रेनिंग दी जाएगी। इस साल के अंत तक पहले फेज का काम पूरा करने का लक्ष्य है, जबकि अगले तीन सालों में यह पूरी एआई सिटी बनकर तैयार हो जाएगी। यह सिर्फ एक कंस्ट्रक्शन प्रोजेक्ट नहीं, बल्कि भविष्य की वह प्रयोगशाला है जहां मशीनें इंसानियत का पाठ सीखेंगी।

### बी1एआई सुपरपार्कः रिसर्च और इनोवेशन का नया पावरहाउस

इस प्रोजेक्ट का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा 5,00,000 वर्ग फीट में फैला बी1एआई सुपरपार्क होगा। बेंगलुरू के सरजापुर में स्थित यह कैंपस एआई रिसर्च और इनोवेशन के लिए दुनिया का सबसे आधुनिक केंद्र बनेगा।

### भावनाओं से अवगत एआई

शहर का फोकस 'ह्यूमनिटी सेंट्रिक ए1' पर है। जिस तरह नागरिकों के लिए आधार कार्ड होता है, उसी तरह यहाँ एआई के वैलिडेशन के लिए एक मजबूत सिस्टम तैयार किया जाएगा।

### क्या-क्या होगा

| | |
|---|---|
| ❑ नेटवर्क स्पीड | 400 जीबीपीएस की हाई-स्पनेट कनेक्टिविटी |
| ❑ प्रोजेक्ट अवधि | 36 महीने (3 साल) में पूर्ण विस्तार |
| ❑ मुख्य फोकस | सिटी-स्केल वर्ल्ड मॉडल और स्ट्रेस टेस्टिंग |
| ❑ टेक्नोलॉजी | रोबोटिक्स, ऑटोनोमस इंफ्रास्ट्रक्चर और मोबिलिटी |

### जन-केंद्रित एआई पर भारत का फोकस

'इंडिया-एआई इम्पैक्ट समिट 2026' का मुख्य उद्देश्य एआई को केवल तकनीक तक सीमित न रखकर उसे जन-केंद्रित बनाना है। इस सम्मेलन में वैश्विक प्रौद्योगिकी नेताओं, प्रख्यात शोधकर्ताओं और बहुपक्षीय संस्थानों के प्रतिनिधि एक साथ आए हैं, ताकि एआई के जरिए सार्वजनिक प्रणालियों को मजबूत करने और सतत विकास के लक्ष्यों को हासिल करने पर ठोस रणनीति बनाई जा सके। भारत का यह कदम एआई के क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व की ओर एक बड़ा और निर्णायक मोड़ माना जा रहा है।

**परीक्षण**

### पीएम मोदी ने स्वदेशी चश्मा पहनकर परखी भारत की डिजिटल ताकत

इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 के मंच से एक ऐसी तस्वीर सामने आई है जिसने पूरी दुनिया का ध्यान खींच लिया है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भारत मंडपम में 'सरवम काज ' नाम का एक हाई-टेक एआई चश्मा पहने देखा गया। यह कोई साधारण वियरेबल नहीं, बल्कि शुद्ध रूप से 'मेड इन इंडिया' एआई डिवाइस है जिसे भारतीय स्टार्टअप सरवम एआई ने तैयार किया है। समिट के दौरान पीएम मोदी ने खुद इस चश्मे को पहनकर इसके रियल-टाइम रिस्पॉन्स और फीचर्स को टेस्ट किया। यह एक चश्मा नहीं, बल्कि एक पर्सनल असिस्टेंट है। यूजर जो कुछ भी देखता है, यह एआई ग्लास उसके बारे में बोलकर जानकारी दे सकता है।

### एआई इंफ्रास्ट्रक्चर को मिलेगी रफ्तार भारत में जुड़ेंगे 20,000 नए जीपीयू

भारत अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की वैश्विक दौड़ में सिर्फ शामिल नहीं है, बल्कि उसे लीड करने की तैयारी कर चुका है। केंद्रीय आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को ऐलान किया कि देश के



एआई इंफ्रास्ट्रक्चर को बूस्ट देने के लिए 20,000 नए जीपीयू जोड़े जाएंगे। इसके साथ ही भारत की कुल क्षमता मौजूदा 38,000 जीपीयू से कहीं ज्यादा हो जाएगी, जिससे स्टार्टअप्स और रिसर्चर्स को रॉकेट जैसी रफ़्तार मिलेगी। अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इंडिया एआई मिशन के तहत मिल रहे जीपीयू की कीमत महज 65 प्रति घंटा है। यह ग्लोबल औसत कीमत का सिर्फ एक-तिहाई हिस्सा है। यानी भारत अब दुनिया का सबसे सस्ता और ताकतवर एआई इंफ्रास्ट्रक्चर मुहैया करा रहा है। मंत्री ने साफ किया कि भारत की स्ट्रैटेजी अब बुनियादी ढांचे से आगे बढ़कर देश की जरूरतों के हिसाब से 'कस्टम सॉल्यूशन' बनाने की ओर मुड़ चुकी है। वैष्णव ने वैश्विक प्लेटफॉर्म्स (मेटा, नेटफ्लिक्स आदि) को दो टूक लहजे में कहा कि उन्हें भारत के संवैधानिक ढांचे और सांस्कृतिक मर्यादा का पालन करना ही होगा। उन्होंने कहा, "चाहे कोई भी कंपनी हो, उन्हें उस देश के कॉन्स्टिट्यूशनल फ्रेमवर्क के तहत काम करना होगा जहाँ वे ऑपरेट कर रही हैं।"

### आने वाले समय में कोडिंग नहीं रहेगा टेक प्रोफेशनल्स का मुख्य कार्यः नीलेकणि

इंफोसिस के सह-संस्थापक और चेयरमैन नन्दन नीलेकणि ने मंगलवार को कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) सॉफ्टवेयर बनाने और उसे लागू करने के तरीके को पूरी तरह बदल देगा। उन्होंने कहा



कि आने वाले समय में कोड लिखना टेक्नोलॉजी पेशेवरों का मुख्य काम नहीं रहेगा। इंफोसिस के 'इन्वेस्टर डे' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नीलेकणि ने कहा कि एआई का यह बदलाव केवल तकनीक जोड़ने भर का नहीं है, बल्कि कंपनियों को अपने कस्टमर जर्नी, बिजनेस प्रोसेस और संगठनात्मक ढांचे पर दोबारा विचार करना होगा। उन्होंने इसे 'जड़ से बदलाव' बताया।नीलेकणि ने कहा कि भविष्य में टेक्नोलॉजी टैलेंट का मकसद सिर्फ कोडिंग करना नहीं होगा, बल्कि एआई सिस्टम को प्रभावी तरीके से काम करने लायक बनाना होगा। इससे नौकरियों की प्रकृति और कंपनियों के ऑपरेटिंग मॉडल में बदलाव आएगा। उन्होंने कहा कि कंपनियों को एआई इंजीनियरिंग, एजेंट ऑर्केस्ट्रेशन और नॉन-डिटरमिनिस्टिक सिस्टम्स (गैर-निर्धारित प्रणालियों) को मैनेज करने जैसे नए कौशल की जरूरत होगी। ऐसे सिस्टम में एक ही प्रॉम्प्ट से हर बार अलग-अलग परिणाम मिल सकते हैं।

### अमिताभ कांत बोले- भारत और विकासशील देश बनाएं एलएलएम

नीति आयोग के पूर्व सीईओ अमिताभ कांत ने मंगलवार को कहा कि बड़ी कंपनियां ग्लोबल साउथ के देशों से प्राप्त डेटा का इस्तेमाल अपने लार्ज लैंग्वेज मॉडल (एलएलएम) को प्रशिक्षित करने में कर रही हैं। ऐसे में एआई का समान



लाभ सुनिश्चित करने के लिए भारत और अन्य विकासशील देशों को अपने स्वयं के डेटा के आधार पर अपने मॉडल बनाने चाहिए। राष्ट्रीय राजधानी में चल रहे इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में एक पैनल चर्चा के दौरान बोलते हुए, कांत ने कहा कि ग्लोबल साउथ के देशों से प्राप्त डेटा का इस्तेमाल लार्ज लैंग्वेज मॉडल (एलएलएम) को प्रशिक्षित करने में किया जा रहा है। भारत आज संयुक्त राज्य अमेरिका की तुलना में 33 प्रतिशत अधिक डेटा प्रदान करता है। कांत के अनुसार, ग्लोबल साउथ के डेटा के आधार पर एलएलएम में सुधार हो रहा है और उन्होंने चेतावनी दी कि बड़ी तकनीकी कंपनियां इस डेटा पर आधारित व्यावसायिक मॉडल बना सकती हैं और बाद में उत्पादों को उच्च लागत पर बेच सकती हैं। इस कारण भारत और अन्य विकासशील देशों को समान लाभ सुनिश्चित करने के लिए अपने स्वयं के डेटा के आधार पर अपने मॉडल बनाने चाहिए।

### कौशल ही भविष्य

माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्या नडेला ने दिल्ली में छात्रों और डेवलपर्स को संबोधित करते हुए कहा कि एआई केवल एक तकनीक नहीं है, यह मानवीय क्षमता को बढ़ाने वाला एक को-पायलट' है। उन्होंने भारत में 20 लाख से अधिक लोगों को एआई स्किल्स सिखाने के अपने वादे को दोहराया और कहा कि भारत में दुनिया के सबसे प्रतिभाशाली डेवलपर्स हैं।

### सॉफ़्टवेयर से आगे का सोच

विभिन्न पैनल चर्चाओं में दिल्ली के प्रमुख स्टार्टअप यूनिकॉर्न्स के संस्थापकों ने कहा कि सेक्टर-विशिष्ट एआई अब समय सामान्य चैटबॉट्स का नहीं, बल्कि स्वास्थ्य, कृषि और कानून जैसे क्षेत्रों के लिए विशिष्ट समाधान बनाने का है। उन्होंने कहा कि भारतीय स्टार्टअप्स का ध्यान ऐसी एआई तकनीक बनाने पर है जो कम लागत वाली हो और गाँव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके।

## एआई के 'महाकुंभ' में पीएम- भारतीय प्रतिभा अब दुनिया के लिए गढ़ेगी भविष्य

*20 से अधिक राष्ट्राध्यक्ष 60 से अधिक देशों के मंत्री और 500 से ज्यादा*

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो 2026' को नवाचार और इरादों का एक शक्तिशाली संगम करार दिया है। मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक्सपो की विशेषताओं को साझा करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि यह आयोजन वैश्विक भलाई के लिए एआई के भविष्य को आकार देने में भारतीय प्रतिभा की असाधारण क्षमता का प्रदर्शन है। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि भारत एआई का उपयोग न केवल व्यापक स्तर पर, बल्कि पूरी जिम्मेदारी और समावेशी सोच के साथ करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने विश्वास जताया कि भारत मंडपम में जुटे नवप्रवर्तकों, शोधकर्ताओं और तकनीकी दिग्गजों की यह ऊर्जा न केवल देश के लिए परिवर्तनकारी समाधान निकालेगी, बल्कि पूरी दुनिया की उन्नति में बड़ा योगदान देगी। पीएम मोदी ने स्पष्ट संदेश दिया, "हम मिलकर न केवल भारत के लिए, बल्कि दुनिया के लिए समाधान तैयार करेंगे।

### ग्लोबल साउथ में एआई का सबसे बड़ा शक्ति प्रदर्शन

गौरतलब है कि सोमवार को प्रधानमंत्री ने इस भव्य एक्सपो का उद्घाटन किया था। यह आयोजन 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट' के साथ किया जा रहा है, जो ग्लोबल साउथ (विकासशील देशों) में आयोजित होने वाला अपनी तरह का पहला वैश्विक एआई सम्मेलन है। इस शिखर सम्मेलन की भव्यता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसमें 20 से अधिक राष्ट्राध्यक्ष, 60 से अधिक देशों के मंत्री और 500 से ज्यादा वैश्विक एआई लीडर्स है।

---

**खबर संक्षेप**

### 22 नक्सलियों ने किया सरेंडर, बदली राह

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में सुरक्षाबल



के जवानों को बड़ी सफलता मिली है। सुकमा में मंगलवार को 22 नक्सलियों ने पुलिस अधिकारियों के सामने सरेंडर कर दिया। सरकार की नक्सल उन्मूलन नीति और पूना मारगेम पुनर्वास से पुनर्जीवन अभियान से प्रभावित होकर इन्होंने सरेंडर करने का फैसला किया था।

### खामेनेई की ट्रंप को खुली चेतावनी


**तेहरान।** ईरान और अमेरिका के बीच जिनेवा में परमाणु वार्ता शुरू होने के साथ ही तनाव अपने चरम



पर पहुंच गया है। मंगलवार को ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि वे इस्लामिक गणराज्य को तबाह करने में कभी सफल नहीं होंगे। खामेनेई ने अमेरिकी युद्धपोतों को लेकर कहा कि ईरान के पास उन्हें डुबाने की ताकत मौजूद है।

### अमेरिकी राजदूत ने बॉर्डर के पास किया दौरा

**नई दिल्ली।** अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर और अमेरिकी इंडो-पैसिफिक कमांडर एडमिरल



सैमुअल जे पापारो ने भारतीय सेना के वेस्टर्न कमांड (चंडीगढ़) का दौरा किया। बता दें कि उनका यह दौरा पाकिस्तान बॉर्डर के बेहद करीब था। पिछले साल हुए ऑपरेशन सिंदूर के बाद किसी विदेशी डेलिगेशन की यह पहली ऐसी हाई-प्रोफाइल विजिट है, जिससे हलचल मच गई है।

**लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला भी समारोह में रहे मौजूद**

## तारिक रहमान बने बांग्लादेश के प्रधानमंत्री एक हिंदू और एक बौद्ध समेत 49 मंत्री बने



एजेंसी ▸▸ ढाका

बांग्लादेश में बीएनपी अध्यक्ष तारिक रहमान नए प्रधानमंत्री बन गए हैं। राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने संसद भवन में तारिक को पीएम पद की शपथ दिलाई। इस समारोह में भारत के लोकसभा स्पीकर ओम बिरला भी मौजूद रहे। तारिक रहमान पहली बार प्रधानमंत्री बने हैं। इससे पहले मंगलवार दोपहर में बीएनपी के सांसदों ने उन्हें संसदीय दल का नेता चुना था। वह पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया और पूर्व राष्ट्रपति जियाउर रहमान के बेटे हैं। 17 साल तक लंदन में रहने के बाद वह दो महीने पहले ही बांग्लादेश लौटे थे।

रहमान के अलावा 25 कैबिनेट मंत्रियों और 24 राज्य मंत्रियों को भी पद की शपथ दिलाई है। इनमें एक हिंदू मंत्री निताई रॉय चौधरी और एक बौद्ध मंत्री दिपेन देवान चकमा भी शामिल है। 25 कैबिनेट मंत्रियों में से 17 नए चेहरे हैं। सभी 24 राज्य मंत्री नए हैं। पिछले गुरुवार को हुए आम चुनाव में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने 299 में से 209 सीटें जीतकर बहुमत के लिए जरूरी 150 के आंकड़े को पार कर लिया था। इसके अलावा 3 सीटों पर उसकी सहयोगी पार्टियों ने जीत हासिल की।

तारिक रहमान ने मंगलवार शाम बांग्लादेश के पीएम पद

25 कैबिनेट मंत्रियों में से 17 नए चेहरे हैं। सभी 24 राज्य मंत्री

### संविधान में ऐसी किसी परिषद का प्रावधान नहीं




बीएनपी के स्टैंडिंग कमिटी सदस्य और सांसद सलाहुद्दीन अहमद ने बताया कि पार्टी के कोई भी सांसद इस परिषद के सदस्य के रूप में शपथ नहीं लेंगे। वर्तमान संविधान में ऐसी किसी परिषद का कोई प्रावधान नहीं है और न ही कोई अलग शपथ का फॉर्मेट मौजूद है। उनका कहना है कि संसद सदस्य केवल संसद के लिए चुने गए हैं, संवैधानिक सुधार परिषद के लिए नहीं। इस परिषद को वैध बनाने के लिए पहले संविधान में

### संविधान बदलाव को लेकर सियासी टकराव तेज

इस बीच संविधान में बदलाव को लेकर सियासी टकराव तेज हो गया है। दरअसल, 12 फरवरी को संसद चुनाव के साथ 'जुलाई चार्टर' पर जनमत संग्रह भी हुआ था। इसमें 62% लोगों ने 'हां' में वोट दिया। जुलाई चार्टर के मुताबिक नई संसद 180 दिनों के लिए संविधान सभा की तरह काम करेगी। इस अवधि के दौरान संविधान और लोकतांत्रिक संस्थाओं में बदलाव किए जाते। जुलाई चार्टर का मकसद देश में ताकत का एकाधिकार खत्म करना और संतुलन बनाना है। इससे प्रधानमंत्री की ताकत घट जाती और राष्ट्रपति को अधिकार दिए जाते।

### इधर, तारिक रहमान ने ली शपथ, उधर जमात ने दी सड़क पर उतरने की धमकी

मंगलवार को बांग्लादेश में एक तरफ बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी देश का कार्यभार संभाल रही है तो दूसरी तरफ चुनाव में दूसरी



सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी जमात-ए-इस्लामी पहले दिन से ही आक्रामक मोड में आ गई। दरअसल, बीएनपी के सदस्यों ने सांसद के रूप में तो शपथ ले ली लेकिन उन्होंने जुलाई चार्टर से जुड़े संविधान सुधार परिषद के सदस्य के रूप में शपथ लेने से इनकार कर दिया। इस बात से नाराज जमात-ए-इस्लामी और उसकी गठबंधन सहयोगी नेशनल सिटिजन पार्टी ने बीएनपी कैबिनेट के शपथ ग्रहण समारोह का बहिष्कार किया है। जमात नेता शफीकुल इस्लाम मसूद ने इससे पहले बताया था कि पार्टी ने ये फैसला संसदीय समिति की बैठक में लिया. उन्होंने कहा, 'पार्टी ने कैबिनेट के शपथ ग्रहण समारोह में हिस्सा न लेने का फैसला किया. बीएनपी ने संविधान सुधार परिषद के सदस्य के रूप में शपथ लेने से इनकार किया है।

**नियमों का उल्लंघन करने का आरोप**

## भारत ने ट्रेड डील के बाद उठाया बड़ा कदम, पकड़े तीन ईरानी तेल टैंकर

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत ने हाल ही में समुद्री सुरक्षा की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए ईरान से संबंधित तीन तेल टैंकरों स्टेलर रूबी, एस्फाल्ट स्टार और अल जाफजिया को अपने कब्जे में ले लिया है। इन जहाजों पर अमेरिकी प्रतिबंध लागू थे और ये अपनी पहचान बदलकर अंतरराष्ट्रीय नियमों का उल्लंघन कर रहे थे। रोचक बात यह है कि भारत की यह सख्त कार्रवाई ठीक उसी समय हुई, जब अमेरिका ने भारतीय उत्पादों पर आयात शुल्क 50% से घटाकर 18% करने का बड़ा फैसला लिया। खबरों के मुताबिक, 6 फरवरी को मुंबई के पास भारत के विशेष आर्थिक क्षेत्र में इन जहाजों की संदिग्ध गतिविधियों का पता चला था। भारतीय तटीय अधिकारियों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए इन्हें करीब 100 समुद्री मील दूर ही रोक लिया। हालांकि, शुरुआत में इस कार्रवाई की जानकारी सोशल मीडिया पर साझा की गई थी, जिसे बाद में रणनीतिक कारणों से हटा दिया गया। इस घटना के बाद से भारतीय तटरक्षक बल (Indian



### ईरान का रुख और भारतीय नाविकों की चिंता

एक ओर जहां ईरान की सरकारी मीडिया ने इन टैंकरों या उनके कार्गो से किसी भी तरह के संबंध से इनकार किया है, वहीं दूसरी ओर दोनों देशों के बीच कूटनीतिक तनाव बरकरार है। पिछले साल दिसंबर में ईरान द्वारा जब्त किए गए जहाज 'एमटी वैलेंट रोर' के 16 भारतीय चालक दल के सदस्यों में से 8 अब भी उनकी हिरासत में हैं। उन नाविकों के परिवार लंबे समय से उनकी सुरक्षित वापसी की गुहार लगा रहे हैं, जिससे यह पूरा मामला मानवीय संवेदनाओं से भी जुड़ गया है।

**पाकिस्तान में बड़ा आतंकवादी हमला**

## विस्फोटकों से लदा वाहन चेकपोस्ट से टकराया,11 पुलिसकर्मियों की मौत

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा के बजौर जिले में आतंकवादियों ने एक संयुक्त सुरक्षा चौकी को निशाना बनाया। हमलावरों ने विस्फोटकों से भरी एक गाड़ी को चौकी की दीवार में मार दिया, जिससे इमारत ढह गई और 11 सुरक्षाकर्मियों की मौत हो गई।

सेना ने मंगलवार को बताया कि उत्तर-पश्चिमी इलाके बाजौर में हुए आतंकवादी हमला में ग्यारह सुरक्षा बल के जवानों और एक बच्चे की मौत हो गई। इस घटना में महिलाओं और बच्चों समेत सात अन्य लोग भी घायल हुए हैं। विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि पास के घरों को



भी भारी नुकसान पहुंचा, जिसके कारण एक मासूम बच्ची की जान चली गई और महिलाओं एवं बच्चों समेत 7 अन्य लोग घायल हो गए। पाकिस्तानी इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस ने बताया कि 16 फरवरी को बाजौर जिले में सिक्योरिटी फोर्स और लॉ एनफोर्समेंट एजेंसियों के ज्वाइंट चेक पोस्ट पर तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) से जुड़े आतंकवादियों ने कायरतापूर्ण हमला करने की कोशिश की।

**बॉलीवुड सितारों के साथ बातचीत करते दिखे राष्ट्रपति इमैनुएल**

## शबाना से लेकर अनिल कपूर तक नजर आए साथ

एजेंसी ▸▸ मुंबई

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने अपने मुंबई दौरे के दौरान कई बॉलीवुड कलाकारों और फिल्मी हस्तियों से मुलाकात की। इन सभी से कला और संस्कृति के बारे में चर्चा की। इन हस्तियों में शबाना आजमी के अलावा कई नामी एक्टर्स, म्यूजिक कंपोजर भी नजर आए। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कुछ बॉलीवुड सितारों संग मंगलवार को खास मुलाकात की। इसमें शबाना आजमी, अनिल कपूर, मनोज बाजपेयी, डायरेक्टर जोया अख्तर, ऋचा चड्ढा और ग्रैमी विनर म्यूजिक कंपोजर रिकी केज शामिल थे। कई कलाकारों के साथ वह बातचीत करते दिखे। अनिल कपूर से खासतौर पर फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों बातचीत करते हुए दिखे।



**सितारों ने साथ खिंचवाई तस्वीर** बॉलीवुड सितारों ने इस खास मुलाकात के बाद फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ कई तस्वीरें क्लिक करवाईं। हो सकता है कि इस मुलाकात के बाद भारत और फ्रांस के बीच फिल्मों को लेकर एक साझेदारी नजर आईं।

### भारत की यात्रा पर हैं राष्ट्रपति मैक्रों ,प्रधानमंत्री मोदी भी साथ

*मुंबई में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की मुलाकात भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी हुई। पीएम मोदी ने भी अपने एक्स हैंडल से एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने बताया, 'मुंबई में अपने मित्र, राष्ट्रपति मैक्रों से मिलकर बहुत खुशी हुई। उन्होंने मुझे बताया कि उन्हें यह शहर बहुत पसंद आया और उन्होंने मंगलवार सुबह अपनी वॉक का भी खूब आनंद लिया। पीएम मोदी और राष्ट्रपति मैक्रों ने इंडो-पैसिफिक कोऑपरेशन सहित क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी चर्चा की। द्विपक्षीय बैठक के बाद पीएम मोदी और राष्ट्रपति मैक्रों भारत-फ्रांस इनोवेशन ईयर 2026 का उद्घाटन करेंगे और दोनों देशों के बिजनेस लीडर्स, स्टार्टअप्स, रिसर्चर्स और इनोवेटर्स की एक सभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद मैक्रों एआई इम्पैक्ट समिट में भाग लेने के लिए नई दिल्ली रवाना होंगे।*

## नेशनल ग्रीन टिब्यूनल (एनजीटी) में याचिका दायर

# जबलपुर में 47 प्रतिशत पानी पीने के योग्य नहीं

**जबलपुर।** जबलपुर में दूषित पानी की आपूर्ति को लेकर नेशनल ग्रीन टिब्यूनल (एनजीटी) में एक याचिका दायर की गई है। नागरिक उपभाक्ता मार्गदर्शक मंच के पीजी नाजपांडे व रजत भार्गव की ओर से दायर याचिका में कहा गया है कि जल जीवन मिशन द्वारा केन्द्र सरकार को पेश की गई रिपोर्ट के मुताबिक जबलपुर में घरों में सप्लाई किया जा रहा 47 प्रतिशत पानी पीने के योग्य नहीं है। याचिका में कहा गया है कि पाल्युशन बोर्ड ने जो रिपोर्ट प्रस्तुत की है उसके मुताबिक पानी अत्यंत दूषित पाया गया है। इस गंभीर हाल में एक उच्च स्तरीय समिति गठित करतिवस्तार से जांच की जरूरत है।

याचिकाकर्ताओं के अनुसार जबलपुर में पीने के पानी की 80 फीसदी पाइप लाइनें नाले नालियों से होकर गुजरती हैं। उन्हेंने बताया कि जल आपूर्ति की



लाइनों की उम्र औसतन 20 वर्ष ही होती है परंतु बीते 50 सालों से उक्त पाइप लाइनें नहीं बदली गई हैं जबकि इन्हीं पुरानी जर्जर हो चुकी पाइप लाइनों में बार बार लीकेज होने के कारण पेयजल दूषित हो रहा है। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता एडवोकेट प्रभात यादव, एडवोकेट तरुण रावत ने बताया कि चिंता का विषय यह है कि पेयजल सप्लाई की अस्सी प्रतिशत पाईप लाईनें नाले नालियों से होकर गुजरने के बाद भी न तो इन्हें हटाने या बदलने के लिए चिन्हित किया गया और न ही इस काम के लिए कोई डीपीआर ही तैयार किया गया। याचिकाकताओं ने एनजीटी से इस संबंध में तत्काल आदेश जारी करने का आग्रह किया है ताकि जबलपुरवासियों को सौ पफीसदी निर्मल जल पीने को मिल सके।

## मैकेनिकों को मैकेनिक जोन में शिफ्ट करने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर

**जबलपुर।** हाई कोर्ट में एक जनहित याचिका के जरिए जबलपुर की कई प्रमुख सड़कों और फुटपाथों पर अवैधानिक रूप से मैकेनिकों की दुकानें संचालित होने का चुनौती दी गई है। नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच के अध्यक्ष डा। पीजी नाजपांडे व समाजसेवी रजत भार्गव ने जनहित याचिका में आरोप लगाया है कि मैकेनिकों की दुकानों की वजह से ट्रेफिक प्रभावित होता है। याचिका में कहा गया कि इसके पूर्व भी हाई कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गई थी। हाई कोर्ट के निर्देश पर शहर में कई मैकेनिक जोन बनाए गए थे। इसके बावजूद अधिकतर मैकेनिकों को वहां शिफ्ट नहीं किया गया। जनहित याचिका में कहा गया कि पुराने बस स्टैंड से एमएलबी जाने वाली सड़क व फुटपाथ पर मैकेनिकों और सुधार के लिए आने वाले वाहनों का कब्जा बना रहता है। राहगीरों का यहां चलना दूभर हो रहा है। इसी तरह इनकम टैक्स चौराहे से लेकर रसल चौक के बीच भी कई मैकेनिकों की दुकानें संचालित हैं। इससे दिन भर जाम की स्थिति बनी रहती है। सबसे ज्यादा दिक्कत पैदल चलने वालों को होती है। याचिका में मांग की गई कि अवैध रूप काम करने वाले मैकेनिकों को मैकेनिक जोन में शिफ्ट किया जाए।

**पत्नी, प्रेमी व अन्य दो को अजीवन कारावास**

## हत्या के मामले में विशेष अदालत का फैसला

**जबलपुर।** एससीएसटी एक्ट मामलों के विशेष न्यायाधीश सुनील कुमार की अदालत ने अवैध संबंधों के चलते षड़यंत्र रचकर अपने पति की हत्या कराने की अरोपी पत्नी, प्रेमी व 2 अन्य आरोपियों का दोष सिध्द पाते हुये अजीवन कारावास की सजा सुना दी।

साथ ही अर्थ दण्ड भी लगाया है। अभक्ष के मुताबिक बरगी थाना क्षेत्र में गत 23 नवम्बर 2023 को ग्राम हिनौतिया भुई में प्रेम सिंह की हत्या कर मंगेली नहर के किनारे फेंक दी गई थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच की, बाद में पीएम रिपोर्ट के आधार पर हत्या का मामला दर्ज किया गया। पुलिस विवेचना के दौरान मृतक प्रेम सिंह मरावी के काल डिटेल खंगाले गये, जिसमें आखरी बार विकास पटेल का फोन रिसीव हुआ था। इस आधार पर पुलिस ने विकास पटेल और उसके साथी प्रहलाद को तलब किया, पूछताछ में खुलासा हुआ की प्रहलाद पटेल के संगीता से अवैध संबंध थे। इस बात की जानकारी संगीता मरावी के पती मृत्क प्रेम सिंह मरावी को लग गई थी। उसने संगीता को प्रहलाद से दूरी बनाने की हिदायत दी थी। इसी बीच प्रहलाद ने मोबाईल खरीद कर संगीता को दिया। जिससे वह प्रहलाद से बात चीत करती रही। संगीता और प्रहलाद ने मिलकर प्रेम सिंह मरावी की हत्या का षड़यंत्र रचा और प्रहलाद ने अपने भांजे विकास पटेल और दोस्त विष्णू पटेल को हत्या के लिये 50 हजार रुपये रुपये की सुपारी दी। योजना के मुताबिक तीनों आरोपियों ने मिलकर पहले प्रेम सिंह शराब पिलाई फिर पत्थर पटक कर उसकी हत्या कर दी और संगीता की मदद से लाश को नहर के किनारे फेंक दिया। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी नबीता पिल्ले की दलीले सुनने के बाद सबूतों गवाहों के मद्देनजर अदालत ने चारों आरोपियों को अजीवन कारावास की सजा सुना दी।

प्रत्येक आरोपीगण को 5-5 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया एवं आरोपीगण प्रहलाद पटेल, विष्णु पटेल, विकाश पटेल को धारा 3(2)5 एससी/एसटी एक्ट के अपराध में भी दोषी पाया गया।

## अनारक्षित टिकट, आरक्षण, शिकायत, ट्रेन ट्रैकिंग सहित सभी सेवाएँ अब एक ही ऐप पर उपलब्ध

# रेलवन ऐप बना एकीकृत डिजिटल मंच, यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप 1 मार्च से होगा बंद




**जबलपुर।** यात्रियों की सुविधा, डिजिटल सेवाओं के एकीकरण तथा रेल यात्रा को अधिक सरल और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से भारतीय रेलवे द्वारा रेलवन ऐप को एक समग्र डिजिटल प्लेटफॉर्म के रूप में विकसित किया गया है। यह ऐप रेल यात्रा से जुड़ी लगभग सभी आवश्यक सेवाएँ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराता है।

रेलवे प्रशासन द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि अब यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप , जो अब तक अनारक्षित टिकट बुकिंग के लिए प्रयुक्त हो रहा था, 01 मार्च, 2026 से बंद कर दिया जाएगा। चूँकि अनारक्षित टिकट बुकिंग की सुविधा अब पूर्ण रूप से रेलवन ऐप में समाहित कर दी गई है, इसलिए यात्रियों को अलग-अलग ऐप उपयोग करने की आवश्यकता नहीं रहेगी। साथ ही वर्तमान में रेलवन पर अनारक्षित टिकटों की बुकिंग पर 3 प्रतिशत का छूट 14 जून,2026 तक प्रयोगिक तौर पर दिया जा रहा है। रेलवे ने स्पष्ट किया है कि वर्तमान में यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप का उपयोग कर रहे सभी यात्री अपनी मौजूदा उपयोक्ता पहचान के माध्यम से आसानी से रेलवन ऐप पर स्थानांतरित हो सकते हैं। इसके लिए यात्रियों को नया पंजीकरण करने की आवश्यकता नहीं होगी।

रेलवन ऐप के माध्यम से यात्रियों को आरक्षित एवं अनारक्षित टिकट बुकिंग, प्लेटफॉर्म टिकट, लाइव ट्रेन स्थिति, आरक्षण विवरण, टिकट निरस्तीकरण एवं धनवापसी, रेल मदद सेवाएँ, शिकायत दर्ज करने एवं निवारण, तथा ट्रेन में भोजन बुकिंग जैसी सुविधाएँ एक ही मंच पर उपलब्ध कराई जा रही हैं। ऐप की एक प्रमुख विशेषता सिंगल साइन-ऑन सुविधा है, जिसके अंतर्गत यात्री पूर्व में प्रयुक्त रेलकनेक्ट अथवा यूटीएस ऑन मोबाइल की उपयोक्ता आईडी से ही लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही रेलवे ई-वॉलेट की सुविधा भी उपलब्ध है, जिसके माध्यम से अनारक्षित टिकट लेने पर यात्रियों को तीन प्रतिशत की छूट का लाभ मिलता है।

## पुरानी जमानतें निरस्त कराने न्यायालय में होगी दरख्वास्त

# कुख्यात अपराधी का निकाला जुलूस

**जबलपुर।** रांझी पुलिस ने 50 से अधिक मामले में फरार शातिर अपराधी गगन मेहरा को गिरफ्तार कर क्षेत्र में उसका जुलूस निकाला. पुलिस की मानें तो इस कूख्यात अपराधी का क्षेत्र में भयंकर आतंक था. उसके खौफ से लोग शिकायत दर्ज कराने की हिम्मत नहीं जुटा पाते थे। पुलिस को कुछ पुराने मामलों में और हाल ही में हुई घटना में उसकी तलाश थी।

दरअसल 3 दिन पहले जिले में बढ़ते अपराधों पर पहले कूख्यात अपराधी गगन मेहरा ने रात में घर के बाहर निकली लड़की से सरेराह छेड़खानी की और अभद्रता की थी. इस मामले को पुलिस ने गंभीरता से लिया और जाल बिछाकर गगन मेहरा को उसके ही घर के पास से दबोच लिया।



रांझी थाना प्रभारी उमेश गोल्हानी ने बताया कि आरोपी गगन मेहरा का लम्बा अपराधिक रिकार्ड है, शहर के विभिन्न थाना क्षेत्रों में उसके खिलाफ 50 से अधिक गंभीर अपराधिक मामले दर्ज हैं। वह लगातार अपराध करता है. अभी हाल ही में जमानत पर छूटा था, पुलिस उसके अपराधिक रिकार्ड के आधार पर सभी पुरानी जमानतों को खारिज करवाने न्यायलयीन प्रक्रिया कर रही है।

## 136 किसानों के भुगतान की कार्यवाही प्रारंभ

**जबलपुर।** मझौली तहसील अंतर्गत वृहताकार सेवा सहकारी संस्था मझौली द्वारा संचालित उपार्जन केन्द्र पर धान का विक्रय करने वाले किसानों के सत्यापन की कार्यवाही के बाद सभी मापदंडो पर पात्र पाये गये 174 किसानों में से 136 किसानों को भुगतान की कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। जिला आपूर्ति नियंत्रक प्रमोद कुमार मिश्र ने यह जानकारी देते हुए बताया कि शेष 38 किसानों को भुगतान की कार्यवाही जांच में अपात्र पाये गये उन किसानों से वसूली के बाद किया जायेगा जिन्हें उपार्जन राशि का भुगतान हो चुका है। जिला उपार्जन नियंत्रक के मुताबिक वृहताकार सेवा सहकारी संस्था मझौली द्वारा संचालित उपार्जन केन्द्र पर धान खरीदी में अनियमितताओं की शिकायत की जांच में दोषी पाये गये खरीदी केन्द्र प्रभारी रत्नेश भट्ट एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर अमन सेन के विरूद्ध पूर्व में ही एफआईआर दर्ज कराई जा चुकी है। उन्होंने बताया कि इस उपार्जन केन्द्र पर धान विक्रय करने वाले किसानों की जानकारी का प्रमाणीकरण पुलिस के माध्यम से कराया गया था तथा कई ऐसे किसान पाये गये जिनके द्वारा धारित कृषि भूमि स्थल से काफी दूर खरीदी केन्द्र का चयन किया गया था।

## 25 हजार वर्गफुट जमीन को लेकर नोटिस जारी

# राइट टाउन एक्सटेंशन के विवादित प्लॉट पर नगर निगम की बड़ी कार्रवाई

**जबलपुर।** राइट टाउन एक्सटेंशन स्थित प्लॉट नंबर 51 को लेकर नगर निगम ने बड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। करीब 25,047 वर्गफुट क्षेत्रफल वाले इस भूखंड पर डॉ. महेश कुमार श्रीवास्तव और उनके परिवार का नाम पट्टेधारी के रूप में दर्ज है। निगम की जांच में सामने आया है कि निगम स्वामित्व की इस जमीन को बिना पूर्व अनुमति दान कर दिया गया, जो लीज शर्तों का उल्लंघन है। इसके साथ ही यहां बिना अनुमति के व्यावसायिक गतिविधियां संचालित किए जाने की भी बात सामने आई है।

यह वही विवादित प्लॉट बताया जा रहा है, जिसका संबंध हाल ही में दिवंगत चिकित्सक डॉ. हेमलता श्रीवास्तव से जुड़े विवाद से रहा है। डॉ. हेमलता का रविवार को निधन हो गया था और उनकी संपत्ति को लेकर पहले से विवाद चल रहा है।

### निरीक्षण में सामने आई अनियमितताएं

नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देश पर सहायक आयुक्त शिवांगी महाजन ने मौके का निरीक्षण किया। जांच के दौरान पाया गया कि वर्ष 2020-21 से भू-भाड़ा (लीज रेंट) भी जमा नहीं कराया गया है। अधिकारियों के अनुसार, पट्टेधारियों द्वारा लीज की शर्त क्रमांक 3, 6, 7 और 8 का उल्लंघन किया गया है। इन शर्तों के उल्लंघन के चलते नगर निगम को भूमि वापस लेने (पुनः प्रवेश) का अधिकार प्राप्त है।

### 24 घंटे में दस्तावेज पेश करने के निर्देश

प्रशासन ने प्लॉट पर नोटिस चस्पा कर संबंधित पक्षों को 24 घंटे के भीतर वैधानिक दस्तावेज प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। निगम अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि तय समयसीमा में दस्तावेज पेश नहीं किए जाने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी और जमीन वापस लेने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा सकती है। नगर निगम की इस कार्रवाई को शहर में बड़े भूखंडों पर लीज शर्तों के पालन को लेकर सख्ती के रूप में देखा जा रहा है। मामले पर आगे की कार्रवाई दस्तावेजों की जांच के बाद तय की जाएगी।

## खाद्य सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने वाली 13 प्रतिष्ठानों पर 4.25 लाख का जुर्माना अधिरोपित

**जबलपुर।** कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह के निर्देश पर खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने और दूषित खाद्य सामग्री के विक्रय पर रोक लगाने के लिए खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा की गई आकसमिक जांच की कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने के दोषी 13 प्रतिष्ठानों पर अपर कलेक्टर न्यायालय ने 4 लाख 25 हजार रुपये का जुर्माना अधिरोपित किया है। अपर कलेक्टर एवं जिला पंचायत के सीईओ अभिषेक गहलोत द्वारा पारित इन निर्णयों में नर्मदा रोड़, एस सक्वायर स्थित हीरा स्वीट्स पर बिना अनुज्ञप्ति और मिथ्याछाप बूंदी लड्डू बेचने के आरोप में 1 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है तथा साउथ सिविल लाइन स्थित दीपक डेयरी और नर्मदा रोड़, बादशाह हलवाई मंदिर स्थित श्री डेयरी पर अवमानक पनीर विक्रय करने के कारण 50-50 हजार रुपये का दंड अधिरोपित किया गया है। इसी प्रकार बड़ा पत्थर रांझी स्थित अलका भण्डार पर मिथ्याछाप मलाई बर्फी का विक्रय करने पर 50 हजार रुपये, इंद्राना रोड़ मझौली स्थित सुनील कुमार जैन गोदाम पर बिना पंजीयन के कार्य करने के आरोप में 30 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। गल्ला मण्डी निवाडगंज स्थित श्री गणेश अनाज भण्डार पर 25 हजार रुपये, शास्त्री ब्रिज स्थित सिंघई इंटरप्राइजेस पर 20 हजार रुपये और गढ़ा फाटक स्थित राम अनाज भण्डार पर भी 20 हजार रुपये की, साकेतनगर रांझी स्थित स्नैक्स अटैक पर 15 हजार रुपये, लक्ष्मीनारायण मार्केट रांझी स्थित हॉट एन चीप रेस्टोरेंट पर 15 हजार रुपये तथा अंपायर टॉकीज रोड़ स्थित आदेश आइसक्रीम पर 10 हजार रुपये का दंड निर्धारित किया गया है। साथ ही झामनदास चौक द्वारकानगर स्थित बहरानी फार्मा, कृषि उपज मण्डी स्थित सब्जी विक्रेता अशोक गुप्ता और मुकादमगंज स्थित पारस किराना पर 10-10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। अधारताल निवासी लक्ष्य अग्रवाल और भर्तीपुर स्थित सुप्रीम प्लास्टिक पर भी 5-5 हजार रुपये का जुर्माना अधिरोपित किया गया है। अभिहित अधिकारी डॉ. संजय मिश्रा के अनुसार एक माह के भीतर जुर्माना राशि जमा नहीं करने पर इन संस्थानों के लाइसेंस निलंबित कर दिए जाएंगे।

## मुक्कू पटेल एनएसए में गिरफ्तार

**जबलपुर।** मदनमहल पुलिस ने एक शातिर अपराधी मुकेश उर्फ मुक्कू पटेल को एनएसए में गिरफ्तार कर जेल में निरुध्द कराया है। मदन महल पुलिस के मुताबिक आरोपी के खिलाफ 39 अपराध पंजीबध्द हैं। जिसके खिलाफ एनएसए का प्रस्ताव तैयार कर जिला दंडाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया गया। एनएसए वारंट जारी होने पर मेहता पेट्रोल पंप के पास रहने वाले आरोपी मुकेश उर्फ मुक्कू पटेल को वारंट तामील कराकर जेल भेजा गया।

**सड़क दुर्घटनाओं में दो लोगों की मौत**

## जुलूस देखने आये विकलांग को ट्रक ने रौंदा

**जबलपुर।** कटंगी थानान्तर्गत कल शाम एक ढाबा के समीप सड़क किनारे महाशिवरात्रि का जुलूस देखने अपने तिपाहिया वाहन में बैठक एक विकलांग को तेज रफ्तार ट्रक के चालक ने लापरवाही से चलाते हुए टक्कर मार दी। घटना में गंभीर रूप से घायल विकलांग को सिर में गंभीर चोटे आयी थी जिसे ईलाज के लिए तत्काल कटंगी शासकीय अस्पताल ले गया जहाँ डाक्टर ने चैक कर विकलांग को मृत घोषित कर दिया। मृतक के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर जांचं में लिया गया है। कटंगी पुलिस के मुताबिक सड़क हादसे में घायल विकलांग को ईलाज के लिए कटंगी अस्पताल लाया गया था जहाँ पहुंची पुलिस को पंचमपुरा कटंगी निवासी हल्लू चौधरी ने बताया कि उसे परिवार के तारेन्द्र चौधरी ने फोन पर सूचना दी थी कि उसके विकलांग बेटे विनोद चौधरी का नत्थू ढाबा के समीप महाशिवरात्रि का जुलूस देखते समय एक्सीडेंट हो गया है जिसे ईलाज के लिए कटंगी अस्पताल लेकर आये हैं। अस्पताल में तारेन्द्र ने हल्लू चौधरी को बताया कि महाशिवरात्रि का जुलूस कटंगी रोड से निकल रहा था जिसे देखने विनोद अपने तिपाहिया वाहन से आया था जब वह सड़क किनारे अपने वाहन में बैठा था तभी दमोह की ओर से आ रहे ट्रक क्रमांक एमपी १६ एच



६५४६ के चालक ने तेज गति से चलाते हुए विनोद को टक्कर मार दी। घटना में घायल विकलांग विनोद को ईलाज के लिए कटंगी अस्पताल लाया गया था। जहां डाक्टर चेक कर उसे मृत घोषित कर दिया।

### बाईक से गिरे युवक की मौत

शहपुरा थानान्तर्गत ग्राम भमकी निवासी अजय गोंटिया का भाई प्रदीप गोंटिया राजमिस्त्री का काम करता है प्रदीप कल गांव के पूरन चौधरी के साथ काम करने गया था जहाँ से वापस आते समय विमल धर्मकांटा के समीप प्रदीप गोंटिया व पूरन चौधरी मोटर साइकिल से गिर गये। घटना में ज्यादा चोट आने से प्रदीप बेहोश हो गया था वहीं पूरन चौधरी को भी चोटें आयीं थी दोनों घायलों को ईलाज के लिए शहपुरा अस्पताल ले जाया गया जहाँ डाक्टर ने चेक कर प्रदीप को मृत घोषित कर दिया।

## रंजिश के चलते मैकेनिक को चाकू से मारा

**जबलपुर।** खितौला थानान्तर्गत कल सुबह पुरानी रंजिश को लेकर दो लोगों ने एक मोटर मैकेनिक से विवाद कर उस पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। तभी आवाज सुनकर दो लोग आये और बीच बचाव करने लगे। इस बीच मैकेनिक किसी तरह जान बचाकर भागा और अपने घर में जाकर छुप गया। घटना में मैकेनिक के पेट व सीने में गंभीर चोटें आयीं है। हमलावरों की तलाश की जा रही है। खितौला पुलिस ने बताया कि वार्ड नंबर-15 निवासी रमाकांत पटेल रेल्वे फाटक खितौला के पास मोटर साइकिल सुधारने की दुकान चलाता है। कल सुबह लगभग नौ बजे रमाकांत अपनी दुकान के बाजू से पीछे की ओर जाकर एक बबूल के पेड़ के पास खड़ा था तभी प्रिंस यादव और कृष्णा गोंटिया आये जो एक दिन पहले हुए विवाद को लेकर रमाकांत के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। विवाद करने से मना करने पर प्रिंस न अपने साथी कृष्णा गोंटिया से चाकू लेकर रमाकांत पर हमला कर दिया। बचाव करते समय पीछे हटे रमाकांत को चाकू सीने में नीचे तरफ व पेट के ऊपर लग गया तभी शोर शराबा होने पर रमाकांत की दुकान के कर्मचारी सोनू पटेल और लखन पटेल बाहर निकल आये जिन्होंने बीच बचाव का प्रयास किया तो रमाकांत अपनी जान बचाकर ब्रिज की ओर भागा और घर में जाकर छुप गया जिसे हमलावर जान से मारने की धमकी देकर भाग गये।

### महिला ने फांसी लगायी

**जबलपुर।** बेलबाग थानान्तर्गत भानतलैया क्षेत्र में कल शाम घर में अकेली एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर मर्ग कायम कर जांच में लिया गया। बेलबाग पुलिस ने बताया कि भानतलैया निवासी संजीत सोनकर रेल्वे स्टेशन के समीप दुकान चलाता है। कल शाम उसकी बेटी काकुल सोनकर ने फोनकर बताया कि सालू चाची ने अपने कमरे में फांसी लगा ली है संजीत ने घर जाकर देखा कि उसके बेटे मोहित सोनकर की पत्नी श्रीमती सालू सोनकर फांसी के फंदे पर लटकी थी जिसकी मौत हो गई थी।

## चैत्र नवरात्रि से पहले ट्रेनों में भारी भीड, स्लीपर और एसी में कंफर्म बर्थ नहीं

**जबलपुर।** चैत्र नवरात्रि में वैष्णो देवी सहित अन्य देवी स्थलों के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु यात्रा करते हैं। इस बार भी लोगों ने एडवांस रिजर्वेशन पीरियड खुलते ही ट्रेनों में टिकट बुक करा लिए। परिणामस्वरूप प्रमुख ट्रेनों में अभी से कंफर्म बर्थ मिलना मुश्किल हो गया है। जबलपुर से वैष्णो देवी, कांगड़ा देवी, ज्वाला देवी और मैहर वाली माता के लिए जाने वाले यात्री पंजाब मेल, तेलंगाना, कर्नाटका एक्सप्रेस, केरला एक्सप्रेस झेलम एक्सप्रेस, मालवा एक्सप्रेस, अंडमान एक्सप्रेस और हमसफर एक्सप्रेस जैसी ट्रेनों का उपयोग करते हैं। इन सभी ट्रेनों में स्लीपर और एसी श्रेणी में कंफर्म बर्थ उपलब्ध नहीं है। सबसे ज्यादा वेटिंग वैष्णो देवी जाने वाली ट्रेनों में है। कई यात्रियों ने दिल्ली से जम्मू के बीच चलने वाली ट्रेनों में विकल्प तलाशा, लेकिन वहां भी कंफर्म सीट नहीं मिल रही। अधिकांश ट्रेनों में नो-रूम की स्थिति बन चुकी है। लंबी वेटिंग लिस्ट के कारण अब यात्रियों के पास तत्काल टिकट का ही सहारा बचा है। कुछ यात्री इमरजेंसी और वीआइपी कोटे से टिकट की जुगाड़ में भी लगे हुए हैं। रेलवे स्टेशन पर इन दिनों तीर्थ यात्रियों की पूछताछ बढ़ गई है।

## सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

# अंधमूक चौराहा सहित शहर के सभी प्रवेश मार्गों से हटाये जायेंगे अतिक्रमण




**जबलपुर।** जिला सड़क सुरक्षा समिति की मंगलवार को संपन्न हुई बैठक में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने तथा शहर की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। इनमें चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स पर संकेतक, ब्लिंकर्स, रिफ्लेक्टर्स और प्री-फेब्रिकेटेड डिवाइडर लगाने, डिवाइडर की रंगाई-पुताई करने, प्रकाश की समुचित व्यवस्था करने तथा जहाँ आवश्यकता हो वहाँ सर्विस रोड बनाने का निर्णय शामिल है। इसके साथ ही बायपास रोड पर अंधमूक चौराहे सहित शहर के सभी प्रवेश मार्गों की सर्विस रोड पर हुये अतिक्रमणों को हटाने तथा भारी वाहनों की अवैध पार्किंग को प्रतिबंधित करने का निर्णय बैठक में लिया गया।

कलेक्टर राघवेंद्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय की मौजूदगी में आयोजित की गई इस बैठक में शहर की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने व्यस्तम मार्गों और भीड़ भाड़ वाले इलाकों में ई-रिक्शा और पिकअप वाहनों के संचालन पर निश्चित समय के लिये रोक लगाने, ई-रिक्शा संचालन के लिये रुट निर्धारित करने तथा मंडला और डिंडौरी जाने वाली यात्री बसों के शहर के भीतर संचालन बंद करने मंडला और डिंडौरी मार्ग पर बस स्टैंड के लिये स्थान चिन्हित करने का फैसला भी लिया गया। शहर के भीतर यातायात में बाधक यूनिपोल को चिन्हित कर हटाने के निर्देश भी बैठक में दिये गये।

बैठक में नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश अहिरवार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना तिवारी, स्मार्ट सिटी के सीईओ अनुराग सिंह तथा लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण एवं मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम एवं सभी संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में बताया गया कि रानीताल चौराहा और बलदेवबाग चौराहे पर ट्रैफिक सिग्नल जल्द ही चालू हो जाएंगे। दीनदयाल चौक की रोटरी का नया ले-आऊट तैयार हो जाने पर यहाँ भी ट्रैफिक सिग्नल लगाये जाएंगे। इसके अलावा उन चौराहों का सर्वे कर चिन्हित किया जायेगा जहाँ ट्रैफिक सिग्नल लगाने की आवश्यकता है। बलदेवबाग से ट्रांसपोर्टर्स के ऑफिसों को चाण्डालभाटा स्थित ट्रांसपोर्ट नगर में शीघ्र शिफ्ट कराने के निर्देश बैठक में दिये गये। चौराहों पर यातायात को सुगम बनाने और दुर्घटनाओं को रोकने जहाँ आवश्यकता हो वहाँ प्री-फेब्रिकेटेड अथवा स्थाई डिवाइडर बनाने का निर्णय भी बैठक में लिया गया। पाटन और जबलपुर मार्ग पर बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुये इस मार्ग पर बसे बड़े गांवों के समीप सर्विस रोड बनाने का सुझाव दिया गया ताकि लोग वाहनों से सीधे मुख्य सड़क पर न आयें। बैठक में बताया गया कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने महाराजपुर, गांधीग्राम और सिहोरा के बरगी मोहला में फ्लाईओवर के निर्माण का प्रस्ताव तैयार किया गया है। इसी प्रकार रमनपुरा घाटी में मार्ग का रि-एलायमेंट किया जा रहा है। तिलवारा-लम्हेटाघाट मार्ग पर दुर्घटनाएं रोकने सर्विस रोड और यू-टर्न बनाने का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए गये। बायपास और राजमार्ग पर डिवाइडर में बनाये गये अवैध कट को दूर करने के निर्देश सबंधित निर्माण एजेंसियों को दिये गये। बैठक में बताया गया कि राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा बायपास पर अवैध पार्किंग को रोकने अंधमूक चौराहे से रिंगरोड तक ट्रकों की पार्किंग के लिये 14 स्थान चिन्हित किये गये हैं।

सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में निर्माण स्थलों पर बेरिकेटिंग और संकेतक लगाने के साथ ही निर्माण कार्य में लगे श्रमिकों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने की हिदायत भी निर्माण एजेंसियों को दी गई।

## अभिषेक उपरांत गहोई धर्मशाला के महादेव मंदिर में हुईं सुहागले



**जबलपुर।** भगवान शिव की महाशिवरात्रि की उपरांत सोमवार को तमरहाई चौक स्थित गहोई समाज पंचायती भवन मंदिर में शादी-विवाह के उपरांत आयोजित की जाने वाले सुहागल उत्सव का आयोजन किया गया। इससे पूर्व महाशिवरात्रि पर श्री गहोई वैश्य पंचायती भवन समिति ने महारुद्राभिषेक का आयोजन पंडित रोहित दुबे की अगुवाई में रविवार को किया गया। इस अवसर पर पंचायती भवन के नवमनोनीत अध्यक्ष अनंतराम बड़ेरिया व मंत्री गोपाल नीखरा का स्वागत शाल-श्रीफल से किया गया। साथ ही, पंचायती भवन समिति में तीन नए सदस्यों समाजाध्यक्ष रामगोपाल ददरया, श्रीमति सीता सरावगी व मुकेश रुसिया का मनोनयन उपरांत स्वागत किया गया। शिवरात्रि के भव्य आयोजन को सफल बनाने में शंभुदयाल बड़ेरिया, गोविंद बरसैया, अशोक नौगरैया, कैलाश लहरिया, अजय रावत, अरविंद गेडा, अलकेश पिपरसानिया, श्रीप्रकाश खर्द, आदि का विशेष योगदान रहा।

# संभागायुक्त ने की विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा

**जबलपुर।** संभागायुक्त धनंजय सिंह ने संभागीय अधिकारियों के साथ समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक की। इस बैठक में उन्होंने कलेक्टर कमिश्नर कांफ्रेंस के बिंदुओं के पालन प्रतिवेदन एवं अन्य विभागीय योजनाओं में प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि कृषि वर्ष 2026 की कार्ययोजना अनुसार योजनाओं/गतिविधियों हेतु निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करें। उन्होंने कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, सहकारिता, मत्स्य विभागों की फील्ड स्तर पर क्रियान्वति योजनाओं/गतिविधियों की समीक्षा के दौरान निर्देशित किया कि सम्बन्धित विभागीय अधिकारी अपनी योजनाओं की प्रगति को विभागीय पोर्टल में एंट्री करना सुनिश्चित करें।पशुपालन विभाग की समीक्षा के दौरान डॉ. अम्बेडकर कामधेनु योजना, क्षीरधारा तथा हिण्यगर्भा योजनाओं पर चर्चा कर घटक वार लक्ष्यों की पूर्ति के लिए आवश्यक निर्देश दिए। ग्रामीण विकास विभाग की मुख्यमंत्री वृन्दावन ग्राम योजना अंतर्गत चयनित वृन्दावन ग्रामों के विजन डॉक्यूमेंट तैयार करने, पंचायत स्तर पर नए राजस्व स्त्रोत का सृजन करने, पीएम आवास (ग्रामीण) की पूर्णता, लखपति दीदीयों को बैंक ऋण वितरण के लक्ष्य अनुरूप प्रगति, मनरेगा अंतर्गत एसएनए स्पर्श प्रणाली के तहत भुगतान आदि बिंदुओं पर चर्चा की। इसी प्रकार एकल नल जल योजनाओं के क्रियान्वयन व प्रगतिरत कार्यों को मार्च 2026 तक पूर्ण करने, पीएम जनमन व धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत लक्ष्यों की प्रापति की समीक्षा की। संभागायुक्त श्री सिंह ने संभागीय उपायुक्त जनजातीय कार्य विभाग को निर्देशित किया कि पीएम जनमन व धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान में कम प्रगति लाने वाले अधिकारी को नोटिस जारी किया जाये। साथ ही वनाधकिार पत्र धारकों को शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभांवित किये जाने की जिलेवार समीक्षा के दौरान कम प्रगति पर संबंधित जिलों के सहायक आयुक्तों से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिये। स्वास्थ्य तथा महिला एवं बाल विकास की समीक्षा के दौरान गर्भवती महिलाओं के एएनसी पंजीयन की समीक्षा कर लक्ष्य अनुरूप प्रगति लाने हेतु आवश्यक निर्देश दिये।



## नगर निगम की जनसुनवाई में 78 आवेदनों का त्वरित निराकरण

**जबलपुर।** शहर में मंगलवार को नगर निगम मुख्यालय और सभी 16 संभागों में साप्ताहिक जनसुनवाई का आयोजन किया गया। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने मुख्यालय में 46 आवेदकों से सीधे संवाद किया और उनके मामलों पर त्वरित कार्यवाही करवाई। सभी 16 संभागों में 32 प्रकरणों पर संभागीय अधिकारियों ने तुरंत कार्रवाई की। मुख्यालय में प्राप्त 46 शिकायतों में सबसे अधिक संख्या अतिक्रमण विभाग (8), भवन शाखा (8), स्वास्थ्य विभाग (5), बाजार (5) से संबंधित थी। अन्य विभागों जैसे स्थापना, कॉलोनी सेल, सम्पदा, जल, पेंशन शाखा, राजस्व, उद्यान, योजना, कार्यालय अधीक्षक, संभाग क्रमांक 6 और 15 से भी शिकायतें मिलीं। जनसुनवाई में सहायक आयुक्त वेद प्रकाश सहित सभी विभागीय प्रमुख उपस्थित थे और अधिकांश शिकायतों का तुरंत समाधान कर नागरिकों को राहत प्रदान की गई।



## डीएन पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव के पुरस्कारों का हुआ वितरण

**बरेला।** डी एन बब्लिक स्कूल बरेला में छात्र छात्राओं के वार्षिक उत्सव के उपरांत समारोह में भाग लेने वाले प्रतिभागियों की परीक्षा को देखते हुए जिसमें 300 छात्र छात्राओं को राइटिंग पेड़ का वितरण *ग्राम पंचायत शारदा नगर रिछाई के सरपंच समाजसेवी पंडित आशीष शुक्ला* के सौजन्य से विवरण किया गया जिससे बच्चों के चेहरे पर मुस्कान देखी गई इस अवसर पर शाला के प्राचार्य धर्मेन्द्र कुशवाहा, दीपक कुशवाहा, दीपिका दुबे ,रिया जैन ,प्रिया पटेल ,दिव्या ठाकुर उपस्थित रहे छात्र छात्राओं के अभिभावको ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सरपंच महोदय के कार्य की सराहना की।



## आदर्श ग्राम निर्माण को लेकर सेक्टर बैठक संपन्न

**पनागर।** मध्य प्रदेश जिला अभियान परिषद जबलपुर के अंतर्गत विकासखंड मझौली के सेक्टर महगवां में काशी ग्राम विकास समिति महगवां द्वारा ग्राम पंचायत भवन में सेक्टर बैठक आयोजित की गई। बैठक में पंचायत सचिव हीरालाल झरिया, उपसरपंच बलराम यादव, पंच नंदू कुशवाहा, समाजसेवी बालमुकुंद कुशवाहा सहित धीरज यादव, उमेश यादव, संदीप यादव एवं कान्हा यादव उपस्थित रहे। बैठक के दौरान आदर्श ग्राम निर्माण के उद्देश्य से स्वच्छता, शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य एवं पर्यावरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इन क्षेत्रों में संसाधनों की उपलब्धता, संरक्षण तथा व्यवहारिक समाधान पर विचार-विमर्श कर आवश्यक सुझाव प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर नवांकुर संस्था धनगवां की सचिव विनीता गोंड की उपस्थिति में काशी ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष सनिल यादव ने समिति द्वारा सेक्टर में संचालित विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी साझा की। अंत में सर्वसम्मति से बैठक का समापन किया गया तथा समिति की ओर से सभी सहभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# शिवपुरी में अधिवक्ता की हत्या का विरोध

### अधिवक्ताओं ने एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट की मांग को लेकर राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

**सिहोरा।** शिवपुरी में अधिवक्ता संजय सक्सेना की कोर्ट जाते समय हुई जघन्य हत्या के विरोध में एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट तत्काल लागू किए जाने की मांग को लेकर तहसील अधिवक्ता संघ सिहोरा के पदाधिकारी न्यायालयीन विरक्त रहे। पुराने नेशनल हाईवे पर प्रदर्शन के बाद मौके पर एसडीएम के ज्ञापन लेने नहीं पहुंचने पर अधिवक्ता आक्रोशित हो गए और उन्होंने वहीं जाम लगा दिया जिससे दोनों तरफ वाहनों की लम्बी कतारें लग गई अधिवक्ताओं ने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की मामले की जानकारी लगते ही एसडीएम मौके पर पहुंचे और अधिवक्ताओं का ज्ञापन लिया इसके बाद जाम खुला।



#### यह है मामला

साथी अधिवक्ता की हत्या के विरोध में तहसील अधिवक्ता संघ अध्यक्ष रवि दीप सिंह बैस, सचिव आनंदमणि त्रिपाठी, उपाध्यक्ष मुकेश कुमार मिश्रा, सह सचिव आशीष ब्यौहार, कोषाध्यक्ष सुनील पटेल, ग्रंथपाल आलोक ब्यौहार, कार्यकारिणी सदस्य आनंद कुमार पटेल, अभय नारायण मिश्रा, साकेत पिडीहा, रवि शंकर पटेल,उत्तम प्रसाद सोनी के साथ बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान मौके पर एसडीएम के नहीं पहुंचने पर अधिवक्ता भड़क गए और जाम लगा दिया।ज्ञापन में अधिवक्ताओं ने सरकार से तत्काल एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू किए जाने की मांग की साथ ही पीड़ित परिवार को तत्काल सहायता प्रदान किए जाने की बात कही।



## जन अभियान परिषद का संदेशः पर्यावरण संरक्षण

**पाटन।** मध्य प्रदेश के पाटन विकासखंड में जन अभियान परिषद की बैठक का आयोजन नवांकुर संस्था एवं स्वर्गीय कुंवर शंकर सिंह जनकल्याण संस्था के कार्यालय में किया गया। बैठक में पर्यावरण संरक्षण, जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार, ग्राम समितियों द्वारा जनहित के कार्य और आगामी योजनाओं की समीक्षा एवं चिंतन किया गया।इस अवसर पर जिला समन्वयक घनश्याम रायपुरिया, विकासखंड समन्वयक श्रीमती नूपुर खरे, नवांकुर संस्था एवं स्वर्गीय कुंवर शंकर सिंह जनकल्याण संस्था अध्यक्षः रामनारायण सिंह, डॉ. कामता प्रसाद सेन, रामराज यादव, श्रीमती प्रियंका जैन, यशवंत सेन, पवन बर्मन, दशरथ अहिरवार, सुधा कुशवाहा, अर्चना कुशवाहा, ज्योति झरिया, सुमन यादव, अल्फिया बानो, वर्ष माझी, मुस्कान, महक शर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे।

## जनसुनवाई में आये 88 आवेदन

**जबलपुर।** कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में अपर कलेक्टर नाथूराम गोंड को शहरी और ग्रामीण क्षेत्र से आये लोगों ने अपने विभिन्न समस्याओं को लेकर 88 आवेदन दिये। जिसमें 71 नये आवेदन हैं तथा 17 ऐसे आवेदन है जो पूर्व में भी आ चुके थे। जनसुनवाई में आये ज्यादातर छात्रवृत्ति, अवैध प्लाटिंग, अवैध कब्जे, बीपीएल कार्ड, पात्रता पर्ची, आधार कार्ड बनवाने, नाली सफाई, नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, अतिक्रमण, आर्थिक सहायता, लड़ाई-झगड़ा, समग्र आईडी, नामांतरण की नकल आदि से संबंधित आवेदन थे। जनसुनवाई के दौरान संबंधित अधिकारी भी मौजूद थे।

### सरपंच, सचिव, सहायक सचिव ने छीन लिया आशियाना

# श्मशान घाट के मुर्दे तरस रहे आशियाने को

महगवां टगर (पनागर)।



ग्राम पंचायत महगवां टगर के अंतर्गत ग्राम महगवां एवं भैंसदही स्थित श्मशान घाट वर्षों से विकास से वंचित है। पंचायत में सूचना के अधिकार में जानकारी मिलने के बाद यह खुलासा हुआ है जिसमें पंचायत पर यह आरोप है कि पंचायत में फैले भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के कारण श्मशान घाट का निर्माण कार्य जानबूझकर रोका गया है। ग्रामीणों के अनुसार सरपंच रणजीत सिंह ठाकुर, सचिव विनोद तिवारी एवं सहायक सचिव द्वारा यह कहकर कार्य नहीं कराया जा रहा कि श्मशान घाट में "भूतों का डेरा" है और वहां काम करने में उन्हें डर लगता है। ग्रामीणों का कहना है कि यह तर्क विकास रोकने और भ्रष्टाचार छिपाने का बहाना मात्र है। सूत्रों के अनुसार लगभग दो वर्ष पूर्व श्मशान घाट निर्माण के लिए स्वीकृत राशि आहरित कर ली गई, लेकिन आज तक मौके पर कोई कार्य नहीं हुआ। जब जांच की चर्चा सामने आई, तब आनन-फानन में अन्य योजनाओं से राशि समायोजित कर श्मशान घाट निर्माण दिखाने की तैयारी की जा रही है। वहीं स्थानीय ग्रामीणों का भी आरोप है कि इस पूरे मामले में उपयंत्री, सहायक यंत्री एवं संबंधित अधिकारियों की मिलीभगत से नियमों को ताक पर रखकर कार्य किए जा रहे हैं। शासन द्वारा "विकास" के दावों के बावजूद ग्राम पंचायत में जमीनी स्तर पर विकास नजर नहीं आ रहा, बल्कि हालात और बदतर होते जा रहे हैं।

स्थिति यह है कि श्मशान घाट में अंतिम संस्कार तक की मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं और मृतकों को भी सम्मानजनक स्थान नसीब नहीं हो पा रहा। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि पंचायत में विकास की राह प्रशस्त हो सके और शासन की छवि धूमिल होने से बचाई जा सके।

#### इनका कहना है

मुझे शिकायत प्राप्त हुई है, जनपद स्तर पर एक जांच कमेटी बना दी गई है। पंचायत में जांच उपरांत अगर कोई भ्रष्टाचार सामने आएगा, तो उचित कार्यवाही की जाएगी।

**आयुशी उपाध्याय, मुख्य कार्यपालन अधिकारी**

**श्री नंद लाल झारिया-** इंद्रा बस्ती रतन नगर गुप्तेश्वर निवासी श्री नंद लाल झारिया (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सीता चौधरी-** भोला नगर राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री राम निहोर चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती सीता चौधरी (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती दीपाली दुबे-** मदनमहल स्टेशन रोड बढ़ई मोहल्ला निवासी श्री गणेश प्रसाद दुबे की धर्मपत्नी श्रीमती दीपाली दुबे (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री देवी चरण साहू-** भोला नगर राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री देवी चरण साहू (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री केदारनाथ श्रीवास्तव-** सिंगल स्टोरी स्टेट बैंक कॉलोनी उखरी रोड निवासी श्री केदारनाथ श्रीवास्तव (93) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राम सिंह राजपूत-** सरकारी कुआं घमापुर निवासी श्री राम सिंह राजपूत (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री अशोक गुप्ता-** रामनगर कछियाना गढ़ाफाटक रोड निवासी श्री अशोक गुप्ता (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रमेश चंद्र-** नारायण चौक द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री रमेश चंद्र (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री सतीश महोबिया-** आईटीआई चुंगी नाका माढ़ोताल निवासी श्री नत्थूलाल महोबिया के पुत्र श्री




सतीश महोबिया (34) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री गोपी चौधरी-** बाबा टोला ठक्कर ग्राम निवासी श्री गोपी चौधरी (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री रामचरण-** बढ़ई मोहल्ला मदनमहल स्टेशन रोड निवासी श्री रामचरण (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री बंशी लाल-** प्रेमसागर निवासी श्री बंशी लाल (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री विनोद कुमार सराठे-** भीम नगर पोलीपाथर निवासी श्री विनोद कुमार सराठे (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती मुन्नी बाई सोनकर-** खेरमाई हनुमानताल निवासी श्री बसोरी लाल सोनकर की धर्मपत्नी श्रीमती मुन्नी बाई सोनकर (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री सुधाकर राव सिरसाठ-** वैशाली परिसर नर्मदा नगर निवासी श्री सुधाकर राव सिरसाठ (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री दिलीप लखेरा-** सिद्धबाबा वार्ड हनुमान होटल के पास निवासी श्री दिलीप लखेरा (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303508294, 9407362180

## खबर संक्षेप




### क्लीनमैक्स का आईपीओ 23 फरवरी को खुलेगा

**नई दिल्ली।** वाणिज्यिक और औद्योगिक (सीएंडआई) नवीकरणीय ऊर्जा प्रदाता कंपनी क्लीन मैक्स एनवायरो एनर्जी सॉल्यूशंस का 3,100 करोड़ रुपये का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) सार्वजनिक बिक्री के लिए 23 फरवरी को खुलेगा। कंपनी ने प्रति शेयर 1,000-1,053 रुपये का मूल्य दायरा तय किया है।कंपनी का आईपीओ 25 फरवरी को बंद होगा, जबकि एंकर निवेशक 20 फरवरी को शेयरों के लिए बोली लगा सकेंगे।

### भारत में नई 'पैकिंग' में नजर आएगा लेज़

**नई दिल्ली।** पेप्सिको का आलू चिप्स ब्रांड लेज़ अब भारत में अपनी नई ब्रांड पहचान यानी नई 'पैकिंग' में नजर आएगा। कंपनी बयान के अनुसार, नए 'लोगो' (पहचान चिह्न) वाले लेज़ के नए पैकेट मार्च के पहले सप्ताह से पूरे भारत में उपलब्ध होंगे।




यह कंपनी के करीब 100 साल के इतिहास में सबसे बड़े वैश्विक ब्रांड नवीनीकरण अभियान का हिस्सा है। पेप्सिको इंडिया में खाद्य उत्पादों की मुख्य विपणन अधिकारी साक्षी वर्मा मेनन ने कहा, '' खेत से पैकेट तक की हमारी यात्रा को अधिक स्पष्ट तरीके से दर्शाते हुए तथा पुनर्चक्रण योग्य 'पैकेजिंग' ढांचे को आगे बढ़ाकर, हम लेज़ के विकास में टिकाऊपन तथा गुणवत्ता को केंद्र में रख रहे हैं।''

### पीएनजीएस रेवा डायमंड का आईपीओ 24 को खुलेगा

**नई दिल्ली।** पीएनजीएस रेवा डायमंड ज्वेलरी ने सोमवार को अपने 380 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 367 रुपये से 386 रुपये का मूल्य दायरा तय किया। कंपनी का आईपीओ 24 फरवरी को खुलेगा और 26 फरवरी को बंद हो जाएगा, जबकि एंकर निवेशक 23 फरवरी को शेयरों के लिए बोली लगा सकेंगे। पुणे स्थित कंपनी के इस आईपीओ में केवल नए शेयर जारी किए जाएंगे। कंपनी सार्वजनिक निर्गम से प्राप्त आय का उपयोग वित्त वर्ष 2027-28 तक 15 नए स्टोर स्थापित करने के लिए करेगी।

# भारत में कैश का जमकर उपयोग, जेब व तकिए के नीचे पड़े हैं 39 लाख करोड़

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत की अर्थव्यवस्था में इन दिनों दो विरोधाभासी चलन देखने को मिल रहे हैं जिसने बड़े-बड़े अर्थशास्त्रियों का सिर चकरा दिया है। एक तरफ देश में डिजिटल पेमेंट रिकॉर्ड बना रहा है, तो दूसरी तरफ नकदी यानी कैश का भी जमाकर यूज लोग कर रहे हैं। एसबीआई रिसर्च की रिपोर्ट के अनुसार, जनवरी 2026 तक भारत में चलन में कुल कैश 40 लाख करोड़ रुपए के ऑल-टाइम हाई पर पहुंच गया है। यह पिछले साल के मुकाबले 11.1 प्रतिशत की तगड़ी उछाल है। सबसे मजेदार बात यह है कि करंसी विद पब्लिक (सीडब्ल्यूपी) यानी लोगों के पास मौजूद कैश भी 39 लाख करोड़ रुपए के ऑल-टाइम हाई पर पहुंच गया है, जो कुल नकदी का लगभग 97.6 प्रतिशत हिस्सा है। यानी 39 लाख करोड़ रुपए तो सीधा 'पब्लिक' की जेब में, तकिए के नीचे या रसोई के डिब्बों में पड़ा है।

## एसबीआई ने जनवरी 2026 के लिए जारी की रिसर्च रिपोर्ट

### यूपीआई ट्रांजेक्शन हर माह 28.3 लाख करोड़

डिजिटल इंडिया के दौर में जहां हम पान वाले को 5 रुपए भी स्कैन करके देते हैं, वहां 40 लाख करोड़ रुपए का कैश मार्केट में घूमना किसी 'आर्थिक रहस्य' से कम नहीं है। रिपोर्ट कहती है कि यूपीआई ट्रांजैक्शन अब हर महीने 28.3 लाख करोड़ रुपए के पार जा रहे हैं। यह आंकड़ा देश के कुल कैश का लगभग 70 प्रतिशत है। कायदे से तो जितना ज्यादा डिजिटल पेमेंट बढ़ता, उतना ही कैश कम होना चाहिए था। लेकिन यहां तो खेल ही उल्टा है।




### कैश-टू-जीडीपी रेश्यो घटा

हालांकि, एक अच्छी खबर यह है कि 'कैश-टू-जीडीपी रेश्यो' 14.4 प्रतिशत से घटकर 11 प्रतिशत पर आ गया है। यानी अर्थव्यवस्था बड़ी हो रही है और उसमें डिजिटल का हिस्सा बढ़ रहा है, लेकिन कैश अपनी 'इज्जत' बचाने में कामयाब रहा है।

### क्यों बढ रहा है नकदी का चलन

देश में नकदी का चलन बढने के कई कारण हैं। ऑनलाइन लेनदेन पर सरकार के रडार पर आने की वजह से भी बहुत से लोग नकदी को प्राथमिकता देते हैं। जुलाई 2025 में कर्नाटक के करीब 18,000 छोटे व्यापारियों को उनके यूपीआई ट्रांजैक्शन के आधार पर जीएसटी नोटिस भेज दिए गए। इसके बाद बड़ी संख्या में व्यापारियों ने यूबीआई से तौबा कर ली और ग्राहकों से कैश मांगना शुरू कर दिया।

### सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री वैष्णव ने कहा, समस्या तेजी से बढ़ रही

# 'डीपफेक' पर कहीं ज्यादा कड़े नियमों की जरूरत, उद्योग जगत से बातचीत जारी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को कहा कि 'डीपफेक' की समस्या तेजी से बढ़ रही है और बच्चों व समाज की सुरक्षा के लिए इससे निपटने के वास्ते कहीं अधिक कड़े नियमों की जरूरत है। 'डीपफेक', कृत्रिम मेधा (एआई) से तैयार की गई ऐसी तस्वीरें व वीडियो होती हैं जो नकली होने के बावजूद असली प्रतीत होती हैं। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि सरकार मौजूदा प्रावधानों से आगे अतिरिक्त सुरक्षा उपायों को लेकर उद्योग जगत से परामर्श शुरू कर चुकी है। मंत्री ने कहा कि 'डीपफेक' और उम्र आधारित प्रतिबंधों से निपटने को लेकर सोशल मीडिया मंचों से बातचीत जारी है, ताकि इस मुद्दे पर सबसे उपयुक्त तरीके से निपटा जा सके।

> एआई से तैयार तस्वीर व वीडियो नकली होने के बावजूद असली लगते हैं

## बच्चों व समाज की सुरक्षा के लिए कड़े नियमों की जरूरत

### समस्या दिन-प्रतिदिन बढ़ रही

मंत्री ने कहा कि कोई भी कंपनी चाहे वह नेटफ्लिक्स, यूट्यूब, मेटा या एक्स हो, सभी को देश के कानूनी ढांचे और संविधान का पालन करना होगा। वैष्णव ने कहा कि 'डीपफेक' की समस्या दिन-प्रतिदिन बढ़ रही है और इससे निपटने के लिए कड़े नियमन की जरूरत है।



### समाज को होने वाले नुकसान से बचाना जरूरी

वैष्णव ने कहा, ''मेरा मानना है कि 'डीपफेक' पर कहीं ज्यादा कड़े नियम चाहिए। यह समस्या रोजाना बढ़ती जा रही है। बच्चों और समाज को इनसे होने वाले नुकसान से बचाना बेहद जरूरी है हमें पहले से मौजूद नियमों के अतिरिक्त नियमन चाहिए, इस पर उद्योग जगत के साथ बातचीत शुरू की जा चुकी है।''

### उम्र आधारित नियमन होने चाहिए

वैष्णव ने कहा, '' यह ऐसी बात है जिसे कई देशों ने माना है कि उम्र आधारित नियमन होना चाहिए। यह हमारे डेटा संरक्षण कानून का भी हिस्सा था जब हमने छात्रों और युवाओं के लिए उपलब्ध सामग्री में उम्र के आधार पर अंतर तय किया था। उसी समय हमने यह दूरदर्शी कदम उठाया था।'' केंद्रीय मंत्री ने साथ ही कहा कि 'एआई इम्पैक्ट समिट' में संप्रभु एआई मॉडल उपलब्ध कराए गए हैं।

### डीपफेक पर बेहद कड़े नियम बनाने होंगे

मंत्री ने बताया कि संसदीय समिति ने भी इस विषय पर गहराई से गौर किया है। 'एआई इम्पैक्ट समिट' से इतर सम्मेलन में मंत्री ने कहा, '' हमें 'डीपफेक' पर बेहद कड़े नियम बनाने होंगे और संसद के भीतर इस पर व्यापक सहमति बनानी होगी, ताकि समाज को इन खतरों से सुरक्षित रखा जा सके।'' उन्होंने कहा कि इसके अलावा कई देशों ने उम्र आधारित प्रतिबंधों की आवश्यकता को स्वीकार किया है।

### संप्रभु मॉडल पेश किए गए

सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री ने कहा कि संप्रभु मॉडल वैश्विक स्तर के बड़े एआई मॉडल के सभी मानकों पर खरे उतरे हैं। वैष्णव ने कहा, '' यहां संप्रभु मॉडल पेश किए गए हैं। आप जाकर देख सकते हैं कि वैश्विक मानकों पर वे कैसे खरे उतरते हैं। आने वाले समय में, एआई मिशन 2.0 के लिए संप्रभु मॉडल के लिए एक विशाल बुनियादी ढांचा तैयार करने की आवश्यकता होगी। इससे भारत की क्षमता एक नए स्तर पर पहुंच जाएगी।''

# डॉलर के मुकाबले रुपया 5 पैसे मजबूत होकर 90.69 पर बंद

### शेयर बाजार में तेजी और कच्चे तेल में गिरावट से रुपया मजबूत

एजेंसी ▶▶| मुंबई



रुपया मंगलवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले पांच पैसे मजबूत होकर 90.69 (अस्थायी) पर बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजारों में तेजी और विदेशों में कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से रुपया बढ़त में रहा।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि विदेशी निवेशकों के लगातार पूंजी निकासी और डॉलर की मजबूती ने रुपया पर दबाव बनाया और इसकी तेजी पर अंकुश लगाया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.72 पर खुला और सीमित दायरे में रहा। रुपया ऊंचे में 90.64 तक गया और नीचे में 90.78 तक आया। कारोबार के अंत में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.69 (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो पिछले बंद स्तर से पांच पैसे मजबूत है। रुपया सोमवार को आठ पैसे की गिरावट के साथ 90.74 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।

मिराए एसेट शेयरखान के शोध विश्लेषक, अनुज चौधरी ने कहा कि रुपये में विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की पूंजी निकासी और डॉलर की मजबूती के कारण थोड़ी कमजोरी के साथ कारोबार हुआ।

# देश का चीनी निर्यात विपणन वर्ष में फरवरी तक 2.01 लाख टन रहा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत ने चालू वर्ष 2025-26 के विपणन वर्ष में फरवरी तक 2,01,547 टन चीनी का निर्यात किया। इसमें संयुक्त अरब अमीरात शीर्ष निर्यात गंतव्य रहा। अखिल भारतीय चीनी व्यापार संघ (एआईएसटीए) ने यह जानकारी दी। चीनी निर्यात पर सरकार का नियंत्रण बना हुआ है जिसके तहत मिल के बीच आनुपातिक रूप से ''कोटा'' वितरित किया जाता है। केंद्र सरकार ने 2025-26 विपणन वर्ष (अक्टूबर-सितंबर) के लिए कुल 20 लाख टन निर्यात को मंजूरी दी है जिसमें हाल ही में स्वीकृत अतिरिक्त पांच लाख टन भी शामिल है। एआईएसटीए ने बयान में कहा कि कुल निर्यात में सफेद चीनी की हिस्सेदारी 163,000 टन रही जबकि परिष्कृत चीनी की हिस्सेदारी 37,638 टन थी। संयुक्त अरब अमीरात को सबसे अधिक 47,006 टन चीनी निर्यात की गई। इसके बाद अफगानिस्तान को 46,163 टन, जिबूती को 30,147 टन और भूटान को 20,017 टन चीनी निर्यात हुई।

# भारत का व्यापार घाटा तीन महीने के उच्चस्तर पर



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश का निर्यात जनवरी में 0.61 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 36.56 अरब डॉलर पर पहुंच गया जबकि व्यापार घाटा बढ़कर तीन महीने के उच्चस्तर 34.68 अरब डॉलर पर पहुंच गया। सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।

> ■ जनवरी में निर्यात 0.61 प्रतिशत बढ़कर 36.56 अरब डॉलर

आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, सोने एवं चांदी के आयात में तेज उछाल के कारण जनवरी में आयात 19.2 प्रतिशत बढ़कर 71.24 अरब डॉलर हो गया, जो चालू वित्त वर्ष में अब तक का उच्चतम स्तर है। समीक्षाधीन महीने में सोने का आयात 349.22 प्रतिशत बढ़कर 12 अरब डॉलर रहा, जबकि चांदी का आयात 127 प्रतिशत बढ़कर दो अरब डॉलर हो गया। इस दौरान स्विट्जरलैंड से सोने का आयात 836.85 प्रतिशत बढ़कर 3.95 अरब डॉलर हो गया। हालांकि जनवरी माह में कच्चे तेल का आयात 0.24 प्रतिशत घटकर 13.4 अरब डॉलर पर आ गया।

चालू वित्त वर्ष 2025-26 के पहले 10 महीनों यानी अप्रैल-जनवरी अवधि के दौरान देश का कुल निर्यात 2.22 प्रतिशत बढ़कर 366.63 अरब डॉलर हो गया जबकि आयात 7.21 प्रतिशत बढ़कर 649.86 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इन 10 महीनों में देश का कुल व्यापार घाटा यानी आयात एवं निर्यात के बीच का अंतर 283.23 अरब डॉलर रहा, जो एक साल पहले की समान अवधि में 247.38 अरब डॉलर था। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने इन आंकड़ों पर कहा कि वस्तुओं और सेवाओं दोनों के निर्यात में बढ़त का रुझान देखा जा रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस रुझान को देखते हुए वित्त वर्ष 2025-26 में वस्तुओं एवं सेवाओं का कुल निर्यात 860 अरब डॉलर को पार कर सकता है।

### निर्यात में पहली बार 410 अरब डॉलर का आंकड़ा पार कर जाएंगे

सचिव ने कहा, सेवाओं के निर्यात में हम चालू वित्त वर्ष में पहली बार 410 अरब डॉलर से अधिक का आंकड़ा पार कर जाएंगे। वाणिज्य मंत्रालय के मुताबिक, जनवरी में सेवाओं का निर्यात 43.90 अरब डॉलर रहने का अनुमान है, जो पिछले साल जनवरी में 34.75 अरब डॉलर था। इस दौरान सेवाओं का आयात 19.60 अरब डॉलर रहने का अनुमान है जो पिछले वर्ष जनवरी में 16.71 अरब डॉलर था।

**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर जबलपुर (म.प्र.)**

**निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनाक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई. एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | PRO-875 Date-18/02/2026 2026_UAD_482001_1 | पं. मदन मोहन मालवीय वार्ड अंतर्गत गणेश होटल के सामने गर्ग लाईट तक मार्गो के दोनों ओर नाली निर्माण कार्य। | 03 माह<br>4.98 लाख | 2000/-<br>4983/- | 09/03/2026 |

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन की वेबसाईड पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री (लोककर्म)
नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग नरसिंहपुर**

दूरभाष न. कार्या 07792 233502 संक्षिप्त निविदा ईमेल - res_nsp@yahoo.co.in

क्रमांक 2330/निविदा/ग्रायांसे/2026 नरसिंहपुर दिनांक- 11/02 /2026

**संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 16/2025-26**

म.प्र. के राज्यपाल की ओर से दो लिफाफा पद्धति (Covers 2) के आधार पर ऑनलाइन प्रतिशत दर निविदा प्रपत्र एपेन्डिक्स 2.10 अनुसार निविदाएं लोक निर्माण विभाग की केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली में सक्षम श्रेणी (विद्युत / सिविल) में पंजीकृत ठेकेदारों द्वारा ऑनलाइन निविदाएं निम्नानुसार आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्यो का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है :-

| क्र. | सिस्टम टेन्डर नंबर | कार्य का नाम | विकास खण्ड | निविदा लागत (पीएसी) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | समयावधि | निविदा आमंत्रण क्रम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2026_RES_481822_1 | 1. मरम्मत कार्य सीनियर आदिवासी कन्या छात्रावास-बरहेटा2. मरम्मत कार्य सीनियर आदिवासी बालक छात्रावास-बरहेटा | गोटेगाँव | 923789 | 19000 | 2000 | 03 माह | द्वितीय |

निविदा प्रपत्र क्रय एवं बिड ऑनलाईन प्रस्तुत करने की प्रारंभ दिनांक :-16/02/2026 प्रात: 10:30 बजे
निविदा प्रपत्र क्रय एवं बिड ऑनलाईन प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक :-23/02/2026 शाम 06.00 बजें
निविदा कवर 'अ' खुलने की दिनांक :-25/02/2026 प्रात: 11:00 बजे

उपरोक्त निविदाओं के निविदा प्रपत्र (टेंडर डॉक्यूमेंट्स), वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर ऑनलाइन भुगतान कर क्रय किये जा सकेंगे। निविदा प्रपत्र क्रय करने एवं बिड ऑनलाईन प्रस्तुत करने की दिनांक से निविदा कवर 'अ' (कवर - 1) एवं कवर - 'स' (कवर - 3) ऑनलाईन ही जमा / अपलोड (submit) करने होंगे। निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है। लिफाफा ए में पंजीयन की छायाप्रति, पेन कार्ड की छायाप्रति, शपथ पत्र, जीएसटी नंबर की छायाप्रति, परिशिष्ट H, (स्वप्रमाणित प्रति में) एवं अन्य लिफाफे ONLINE ही स्वीकार किए जावेगें।
निविदा में संशोधन की सूचना अलग से प्रकाशित नहीं की जायेगी। संशोधन संबंधी सूचनाएं केवल वेबसाईट पर ही अपलोड की जायेगी। समस्त निविदाकारों को सलाह दी जाती है, कि वे अंतिम दिवस की प्रतीक्षा न करें एवं निविदा प्रपत्र क्रय करने के पूर्व स्थल का निरीक्षण कर लेवें। शीघ्रातिशीघ्र बिड जमा करें एवं वेबसाइट में किसी प्रकार की असुविधा के लिए विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।

कार्यपालन यंत्री
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग नरसिंहपुर

G-25924/25 "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता"

**कार्यालय नगर परिषद बरगवां (अमलाई) जिला अनूपपुर (म.प्र.)**

क्रं./235 /ई. टेन्डरिंग/ 2026 **आनलाईन निविदा आमंत्रण सूचना** अमलाई, दिनांक 16/02/26

निम्नलिखित कार्यो की आनलाईन निविदा https://mptenders.gov.in माध्यम से आमंत्रित की गई है। कार्यो का विस्तृत विवरण वेबसाईट पर देखा जा सकता है।

| टेंण्डर नम्बर | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 2026_UAD_482754_1 | Construction of R.C.C. Drain from agarasen hotel to mamta vishwakarmna house at ward no 3 | 29,61,063.00 | 22,208.00 | 5,000/- | 03 माह |
| 2026_UAD_482784_1 | Construction of Sport Club infront of office building at ward no 3 | 66,04,166.00 | 49,531.00 | 10,000/- | 06 माह |

(1) ऑनलाईन निविदा प्रपत्र क्रय करने की तिथि दिनांक 17.02.2026 को प्रात: 11.00 बजे से दिनांक 20.03.2026 को सांय 05.00 बजे तक निर्धारित है।(2)ऑनलाईन दर प्रस्तुत करने की तिथि दिनांक 17.02.2026 को प्रात: 11.00 बजे से दिनांक 20.03. 2026 को सांय 05.00 बजे तक निर्धारित है।(3) निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन होने पर उसे केवल वेबसाईट पर प्रकाशित किया जावेगा, समाचार पत्रों में नही।(4) अन्य विवरण उपरोक्त पोर्टल पर देखे जा सकते है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद बरगवां (अमलाई), जिला अनूपपुर (म.प्र.)

**सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया Central Bank Of India**

**क्षेत्रीय कार्यालय नागपूर**

**परिशिष्ट IV - कब्जा सुचना (अचल संपत्ती हेतु)**

जहाँकि, अधोहस्ताक्षरी सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के अधिकृत अधिकारी के रूप में, सिक्यूरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ फाइनेंशियल एसेट्स एंड एन्फोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट अधिनियम, 2002 (2002 का अधिनियम 54) के अंतर्गत तथा धारा 13(2) एवं 13(12) के साथ पठित नियम 3, सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेंट) नियम, 2002 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, नीचे उल्लिखित तिथि को एक मांग नोटिस जारी किया गया था, जिसमें उधारकर्ता/जमानतदार को उक्त नोटिस की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर नोटिस में उल्लिखित राशि तथा उस पर देय ब्याज एवं अन्य प्रभारों का भुगतान करने हेतु कहा गया था।
उधारकर्ता/जमानतदार द्वारा उक्त राशि का भुगतान न किए जाने के कारण, उधारकर्ता/जमानतदार एवं सामान्य जनता को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के साथ पठित नियम 8 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, नीचे वर्णित संपत्ति का **सांकेतिक कब्जा** ले लिया है।
उधारकर्ता/जमानतदार तथा आम जनता को विशेष रूप से सावधान किया जाता है कि वे उक्त संपत्ति के संबंध में किसी भी प्रकार का लेन-देन न करें। संपत्ति के संबंध में किया गया कोई भी लेन-देन सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के अधिभार के अधीन होगा, जो कि नीचे उल्लिखित राशि, उस पर देय ब्याज एवं अन्य खर्च/प्रभार आदि के लिए होगा।
आपका ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है, जिसमें सुरक्षित परिसंपत्तियों के मोचन हेतु उपलब्ध समय का उल्लेख है।

| अ. क्र. | उधारकर्ता का नाम | शाखा का नाम | संपत्ती का विवरण | मांग सुचना दिनांक | कर्ज की रक्कम | कब्जा लेने की तिथी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री. प्रभजोत बग्गा और श्रीमती. अशप्रित कौर | उद्योग भवन शाखा नागपूर | सभी आर.सी.सी. सुपरस्ट्रक्चर, जिसमें अपार्टमेंट क्र. 515 शामिल, जो भवन "RAI GALAXY-II" की पाँचवीं मंज़िल पर स्थित, जिसका निर्मित क्षेत्र लगभग 64.596 वर्ग मीटर (अर्थात 695.311 वर्ग फुट) तथा जिसमें 0.805% अविभाजित हिस्सेदारी शामिल है, जो संयुक्त भूखंड/हाउस नं. 1543/1, 1543/2, 1543/3, 1543/4, 1543/5, 1543/6 और 1543/7, क्षेत्रफल 3533 वर्ग मीटर (संयोजन के बाद क्षेत्रफल 3529.577 वर्ग मीटर) खसरा क्र. 1/4, 1/5, 1/6, 3, 4/3, 4/4, 4/5, 7/1, शीट नं. 300/09, सिटी सर्वे नं. 37, वार्ड नं. 43, मलिक मकबूजा, मौज़ा – बिनाकी, दुर्गा माता मंदिर, कामठी रोड के पास, जो नागपुर महानगरपालिका एवं नागपुर इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट की सीमा में आता है। तहसील एवं जिला–नागपुर और इसकी सीमाएँ निम्नानुसार : पूर्व दिशा : सड़क, पश्चिम दिशा : सड़क एवं श्री गुरमीत सिंह जगजीत सिंह का मकान, उत्तर दिशा : सड़क, दक्षिण दिशा : सर्वे नं. 38. | 25/11/2025 | रु. 27,88,841.46 (रुपये सत्ताईस लाख अठ्ठासी हजार आठ सौ इकतालीस मात्र और पैसे छियालीस मात्र) दिनांक 25/11/2025 तक देय ब्याज सहित (जो 25/11/2025 तक की मूलधन एवं ब्याज की कुल बकाया राशि को दर्शाता है) तथा दिनांक 26/11/2025 से आगे का ब्याज एवं अन्य प्रभार/खर्च अतिरिक्त देय रहेंगे। | 16.02.2026 |

स्थान : नागपूर
तारीख : 18 / 02 / 2026 (विवाद की स्थिति में अंग्रेजी का मूल पाठ मान्य किया जाएगा)

प्राधिकृत अधिकारी,
सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया

**Government of Maharashtra**
**Forest Departmeat Mangrove Division- North Konkan**
**Abhimaan II, 5th Floor, Teen Haat Naka, Naupada, Thane (W)-400 602**
**Email- dfommcu@gmail.com Parent Portal: http://mahatenders.gov.in**

**E-Tender Second Call**

**Tender Notice No. DFO/MDNK/59/2025-26.**

Online Tender Forms in B-1 Format, for the following work are invited by the Divisional Forest Officer, Mangrove Division- North Konkan, Abhimaan 11, 5th Floor, Teen Haat Naka, Naupada, Thane (W)-400 602 from the Bidder s registered with the Government of Maharashtra in appropriate class of Tender Notice.

The blank tender documents should be downloaded from Government website **http://mahatenders.gov.in from 18/02/2026 at 05.00 pm to 25/02/2026 at 05.00 pm. Blank Tender documents will not be sold by this office;** interested Bidders have to download tender documents from the website. For any queries in this regard the interested Bidders can contact on telephone no 022-69309286 during office hours.

All requisite information required for the submission of Bid Capacity documents is available on the above said website. If any assistance is required regarding e-Tendering (uploading /downloading) please contact NIC Help Desk number: **1800 3070 2232.**

| Sr. No | Name of work | Earnest Money Déposit (Rs.) | Tender processing Fees (Non-Refundable) |
|---|---|---|---|
| 1. | Request for Proposals from Experienced Agencies for Appointment of Consultant Firm for the Preparation of, the Zonal Master Plan (ZMP) for the Thane Creek Flamingo Sanctuary, Eco-sensitive Zone (ESZ) as per Notification No 4293 dated 14th October 2021 of Ministry of Environment, Forest and Climate Change (MOEFCC). | Rs. 40,000/- | Rs. 590/- (Including GST) |

1) No changes are to be made by the Bidder in the tender documents published on the website. If any changes are made the tender documents will be rejected & action accordingly will be taken against the Bidder. Information published on the government website will be final.
2) Right to reject any or all the tenders without assigning any reason there of is reserved.

**Divisional Forest Officer,**
**Mangrove Division- North Konkan**

आरओसी-2025-26/क्र.5/C५९४५

## चिंतन

# युवा एआई को नए रूप में अपनाकर दक्षता निखारें

तेजी से बदलती दुनिया में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) अब कोई भविष्य की कल्पना नहीं, बल्कि वर्तमान की ठोस वास्तविकता बन चुकी है। शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग, मीडिया और प्रशासन हर क्षेत्र में एआई की पैठ बढ़ रही है। ऐसे समय में युवाओं के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह नहीं है कि एआई आएगा या नहीं, बल्कि यह है कि वे इसे किस रूप में अपनाते हैं। यदि युवा एआई को केवल आसान कामों का सहारा मानेंगे, तो उनकी मूल दक्षताएं कमजोर पड़ सकती हैं, लेकिन यदि वे इसे अपनी क्षमता बढ़ाने का उपकरण बनाएंगे, तो यही तकनीक उन्हें नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सकती है। राजधानी नई दिल्ली में आयोजित पांच दिवसीय 'एआई इम्पैक्ट समिट 2026' इस बदलते परिदृश्य का प्रतीक है। समिट का मुख्य आयोजन भारत मंडपम में हो रहा है, जहां 70,000 वर्ग मीटर क्षेत्र में 'एआई इम्पैक्ट एक्सपो' लगाया गया है। 300 से अधिक कंपनियां यहां अपने नवाचारों का प्रदर्शन कर रही हैं। लाइव डेमो के माध्यम से यह दिखाया जा रहा है कि एआई किस तरह रोजमर्रा के जीवन को प्रभावित कर सकता है। यह केवल तकनीकी प्रदर्शनी नहीं, बल्कि भविष्य की झलक है। इस समिट में वैश्विक स्तर की बड़ी हस्तियों की मौजूदगी भारत की बढ़ती भूमिका को रेखांकित करती हैं। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की भागीदारी इस आयोजन को अंतरराष्ट्रीय महत्व देती है। वहीं, तकनीकी जगत की चर्चित हस्तियां सैम ऑल्टमैन, सुंदर पिचाई, एलेक्जेंडर वांग, डारियो आमोदेई और क्रिस्टियानो आमोन इस बात का संकेत हैं कि एआई अब वैश्विक सहयोग और प्रतिस्पर्धा का केंद्र बन चुका है। भारत से भी उद्योग जगत के दिग्गज जैसे मुकेश अंबानी, एन. चंद्रशेखरन और सलील पारेख की उपस्थिति यह दर्शाती है कि भारतीय उद्योग एआई को भविष्य की रणनीति का अहम हिस्सा मान रहा है। समिट का मुख्य लक्ष्य कृषि, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में एआई के प्रभाव को बढ़ाना है। यदि एआई का सही उपयोग हो तो किसान फसल की बेहतर योजना बना सकते हैं, डॉक्टर सटीक निदान कर सकते हैं और छात्र व्यक्तिगत सीखने के अनुभव प्राप्त कर सकते हैं। यह तकनीक केवल उत्पादकता नहीं बढ़ाती, बल्कि अवसरों के नए द्वार भी खोलती है। आसान कार्यों के लिए यदि हर बार एआई का सहारा लिया जाएगा, तो बुनियादी कौशल कमजोर पड़ सकते हैं। इसलिए जरूरी है कि युवा एआई को प्रतिस्थापन नहीं, बल्कि सहयोगी के रूप में देखें। तकनीकी दक्षता, आलोचनात्मक सोच, रचनात्मकता और नैतिक समझ ये चार स्तंभ ही युवाओं को भविष्य के लिए तैयार करेंगे। भारत पहले ही डिजिटल क्रांति का नेतृत्व कर चुका है। अब एआई के क्षेत्र में भी वह वैश्विक मंच पर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रहा है। डांसिंग रोबोट जैसे आकर्षक प्रदर्शन भले ही मनोरंजन का माध्यम लगें, पर इनके पीछे छिपी तकनीक यह संकेत देती है कि एआई आधारित रोबोट आने वाले समय में हमारे घरों, दफ्तरों और उद्योगों का हिस्सा बन सकते हैं। ऐसे में युवाओं के लिए यह समय तैयारी का है, नई तकनीकों को समझने और उन्हें रचनात्मक रूप से अपनाने का है। आज की युवा पीढ़ी के सामने विकल्प साफ है या तो वे एआई के बदलावों से डरकर पीछे रह जाएं, या फिर उसे अपना साथी बनाकर आगे बढ़ें। एआई का दौर आ चुका है, अब तय युवाओं को करना है कि वे इसके दर्शक बनेंगे या निर्माता।



आभासी दुनिया
प्रमोद भार्गव

# वीडियो खेल बच्चों के लिए आत्मघाती

आपके लाड़ले को यदि मोबाइल पर गेम खेलने की लत लग गई है तो होशियार हो जाइए, क्योंकि अब बच्चों को इन खेलों के जरिए आतंकवाद का पाठ पढ़ाए जाने का खतरनाक सिलसिला शुरू हो गया है। इन प्रशिक्षित नाबालिगों को बाद में आतंकवादी संगठनों और नफरत फैलाने वाले समूहों में भर्ती करा दिया जाता है, जिससे ये आतंक और नफरत फैलाने के औजार बन जाएं। इस सच्चाई को उजागर करने का काम यूनाइटेड नेशंस की काउंटर-टेररिज्म कमेटी ने किया है। इसके अनुसार यूरोप और उत्तरी अमेरिका में आतंकवाद से जुड़े मामलों में अब 42 प्रतिशत आरोपी नाबालिग हैं। 2021 की तुलना में यह आंकड़ा तीन गुना अधिक है।

अमेरिकी दैनिक न्यूयॉर्क टाइम्स में छपी खबर के अनुसार माइनक्राफ्ट और रोबलॉक्स जैसे लोकप्रिय वीडियो खेल किशोर और बालकों को आतंकी बनाने का मानवता विरोधी काम कर रहे हैं। अतएव आपके लाड़ले को यदि मोबाइल पर गेम खेलने की लत लग गई है तो होशियार हो जाइए, क्योंकि अब बच्चों को इन खेलों के जरिए आतंकवाद का पाठ पढ़ाए जाने का खतरनाक सिलसिला शुरू हो गया है। इन प्रशिक्षित नाबालिगों को बाद में आतंकवादी संगठनों और नफरत फैलाने वाले समूहों में भर्ती करा दिया जाता है, जिससे ये आतंक और नफरत फैलाने के औजार बन जाएं। इस सच्चाई को उजागर करने का काम यूनाइटेड नेशंस की काउंटर-टेररिज्म कमेटी ने किया है। इसके अनुसार यूरोप और उत्तरी अमेरिका में आतंकवाद से जुड़े मामलों में अब 42 प्रतिशत आरोपी नाबालिग हैं। 2021 की तुलना में यह आंकड़ा तीन गुना अधिक है। नीदरलैंड के हेग स्थित इंटरनेशनल सेंटर फॉर काउंटर-टेररिज्म के अनुसार यूरोप में 20 से 30 प्रतिशत आतंकवाद विरोधी गतिविधियों में हुई जांचों में 12-13 साल के बच्चे शामिल पाए गए हैं। अनेक ऑनलाइन प्लेटफार्म के जरिए कट्टरपंथी संगठन तेजी से किशोर और बालकों को आतंकी बनाने का खेल खेल रहे हैं। ये प्रशिक्षित बच्चे इस्लामिक आतंकवाद को बढ़ावा देने का काम कर रहे हैं।

हालांकि भारत में आतंक फैलाने की दृष्टि से बच्चों और किशोरों को आतंकी बनाने का काम पाकिस्तानी सेना अर्से से कर रही है। मुंबई के 26/11/2008 के आतंकी हमले में शामिल अजमल कसाब इसका जीता-जागता उदाहरण रहा है। इस सच्चाई का खुलासा संयुक्त राष्ट्र भी कर चुका है। पाकिस्तान के पूर्व लेफ्टिनेंट जनरल एवं पाक खुफिया एजेंसी आईएसआई के सेवानिवृत्त अधिकारी रहे शाहिद अजीज ने 'द नेशनल डेली' अखबार में पहले ही यह मुद्दा उठा दिया था कि 'कारगिल की तरह हमने कोई सबक नहीं लिया है। हकीकत यह है कि हमारे गलत और जिद्दी कामों की कीमत हमारे बच्चे अपने खून से चुका रहे हैं। हमने इस धंधे को व्यापार का जरिया बना लिया है। वह भी अपनी ही कौम के किशोर एवं युवाओं के जीवन को दांव पर लगाने का खेल खेलते हुए!' पूरी दुनिया में इस समय डिजिटल खेलों का कारोबार बढ़ रहा है। इस कारण दुनिया इनके निर्माण और निर्यात में दिलचस्पी ले रही है। नतीजतन इसका रूप दैत्याकार होता जा रहा है। फिलहाल विश्व में लोकप्रिय डिजिटल खेलों में मोबाइल प्रीमियर लीग (एमपीएल), फैंटेसी स्पोर्ट्स प्लेटफार्म, माइनक्राफ्ट, रोबलॉक्स, ड्रीम-11, कोरियन लवर गेम और लूडो किंग हैं। ये सभी खेल भारत समेत लगभग सभी देशों में उपलब्ध हैं। भारत से संचालित होने वाली खेल कंपनियों में चीन सहित कई देशों की कंपनियों की पूंजी लगी हुई है।

इन खेलों के अमेरिका, चीन, भारत, ब्राजील और स्पेन बड़े खिलाड़ी हैं। हाल ही में गजियाबाद में तीन सगी नाबालिग बहनों द्वारा नौवीं मंजिल से छलांग लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया हुआ है। इन बहनों में ऑनलाइन टास्क बेस्ड कोरियन लवर गेम खेलने की लत लग गई थी। इसी आत्मघाती खेल को खेलते हुए इन बहनों ने सामूहिक आत्महत्या कर ली



थी। इस घटना से साफ होता है कि ये खेल कितने खतरनाक है। कोरोना काल में ऑनलाइन शिक्षा के बढ़ते चलन के चलते दुनिया के विद्यार्थियों की मुट्ठी में एनरॉयड मोबाइल जरूरी हो गया था। मनोविज्ञानी और समाजशास्त्री इसके बढ़ते चलन पर निरंतर चिंता प्रकट कर रहे हैं। पालक बच्चों में खेल देखने की बढ़ती लत और उनके स्वभाव में आते परिवर्तन से चिंतित व परेशान हैं। पालक बच्चों को मनोचिकित्सकों से उपचार कराने के बावजूद लत से मुक्ति दिलाने में कठिनाई का सामना कर रहे हैं।

दरअसल बच्चों का मोबाइल या टेबलैट की स्क्रीन पर बढ़ता समय आंखों की दृष्टि को खराब कर रहा है। साथ ही अनेक शारीरिक और मानसिक बीमारियों की गिरफ्त में भी बच्चे आ रहे हैं। पोर्न फिल्में भी देखते बच्चे पाए गए हैं। अब ऐसे वीडियो खेल भी आभासी दुनिया के लिए बनाए जाने लगे हैं, जहां खिलाड़ी आतंकी हमलों और गोलीबारी की घटनाओं को दोहरा सकते हैं। 2019 में न्यूजीलैंड की चर्च और मस्जिदों पर हुए हमलों को भी खेलों का हिस्सा बनाया जा रहा है। ये उपाय बच्चों को धार्मिक कट्टरपंथी बनाए जाने की दृष्टि से किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में किशोर और युवाओं को लुभाने के लिए एक्टिव क्लब्स नाम के समूह बनाए जा रहे हैं। ये ऐसे समूह हैं, जो खेलते हुए नस्लीय युद्ध की तैयारी में जुट जाते हैं और नस्लीय भावना से लड़ते दिखाई देते हैं। 27 देशों में फैले इन क्लबों द्वारा 15 से 17 साल के नादान किशोरों को लक्षित किया जा रहा है। इन्हें देखते हुए किशोर अपनी गोरी या काली पहचान से जुड़कर नस्लवादी मानसिकता की गिरफ्त में आकर आतंकी बनने की दिशा में अनायास मुड़ जाते हैं।

ऑनलाइन खेल आंतरिक श्रेणी में आते हैं, जो भौतिक रूप से मोबाइल पर एक ही किशोर खेलता है, लेकिन इनके समूह बनाकर इन्हें बहुगुणित कर लिया जाता है। वैसे तो ये खेल सकारात्मक होते हैं, लेकिन ब्लू व्हेल, पब्जी, माइनक्राफ्ट और रोबलॉक्स जैसे खेल उत्सुकता और जुनून का ऐसा मायाजाल रचते हैं कि मासूम बालक के दिमाग की परत पर नकारात्मकता की पृष्ठभूमि रच देते हैं। मनोचिकित्सकों और स्नायु वैज्ञानिकों का कहना है कि ये खेल बच्चों के मस्तिष्क पर बहुआयामी प्रभाव डालते हैं। ये प्रभाव अत्यंत सूक्ष्म किंतु तीव्र व तीक्ष्ण होते हैं, इसलिए ज्यादातर मामलों में अस्पष्ट होते हैं। दरअसल व्यक्ति की आंतरिक शक्ति से आत्मबल दृढ़ होता है और जीवन क्रियाशील रहता है। किंतु जब बच्चे निरंतर एक ही खेल खेलते हैं तो दोहराव की इस प्रक्रिया से मस्तिष्क कोशिकाएं परस्पर घर्षण के दौर से गुजरती हैं, नतीजतन दिमागी द्वंद्व बढ़ता है और बालक मनोरोगों की गिरफ्त से लेकर नस्लीय गिरफ्त में आता जाता है, जो उसे आतंक की राह में धकेलने का काम कर देते हैं। ये खेल हिंसक और अश्लील होते हैं, इसलिए बच्चों के आचरण में आक्रामकता और गुस्सा देखने में आने लगता है। दरअसल इस तरह के खेल देखने से मस्तिष्क में तनाव उत्पन्न करने वाले डोपाइन जैसे हार्मोनों का स्राव होने लगता है।

इस द्वंद्व से भ्रम और संशय की मनस्थिति निर्मित होने लगती है और बच्चों का आत्मविश्वास छीनने के साथ विवेक अस्थिर होने लगता है, जो आत्मघाती कदम उठाने को विवश कर देता है। हालांकि डोपाइन ऐसे हार्मोन भी सृजित करता है, जो आनंद की अनुभूति के साथ सफलता की अभिप्रेरणा देते हैं। किंतु यह रचनात्मकता साहित्य पढ़ने से संभव होती है, जो अधिकांश पत्र-पत्रिकाओं और घरों से बाहर होता जा रहा है। यह एक चिंतनीय पहलू है।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## मुद्दा

डॉ. मोनिका शर्मा



# शादी के वादे और शोषण के जाल से सजग रहें महिलाएं

हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय ने महिलाओं के लिए विवाह पूर्व शारीरिक संबंध बनाने को लेकर सजग रहने का प्रभावी संदेश का दिया। ज्ञात हो कि इस विषय पर सुप्रीम अदालत की रेखांकित करने योग्य टिप्पणियां एक 30 वर्षीय महिला की शिकायत से जुड़े मामले में आई हैं। मैट्रिमोनियल साइट के माध्यम से 2022 में आरोपी से मिली महिला के मुताबिक आरोपी ने पहले से शादीशुदा होने के बावजूद शादी का वादा करके उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। आरोपी ने दिल्ली और फिर दुबई में कई बार उसके साथ संबंध बनाए। इतना ही नहीं, दुबई में उसकी बिना अनुमति के अंतरंग वीडियो भी बना लिए। विरोध करने पर वीडियो को उसे ब्लैकमेल करने के लिए इस्तेमाल किया और वायरल करने की धमकी भी दी। बाद में 2024 में आरोपी ने पंजाब में किसी दूसरी महिला से शादी कर ली। हालिया बरसों में कभी सहमति तो कभी बहकावे में आकर शारीरिक सबन्ध बनाने के बाद आरोप-प्रत्यारोप के मामले तेजी से बढ़े हैं। किशोरिया और युवतियां ही नहीं परिपक्व उम्र की महिलाएं जाने-अनजाने शारीरिक शोषण के इस जाल में फंस रही हैं। यह स्थिति आपराधिक आंकड़े बढ़ाने वाली ही नहीं, संबंधों में भरोसे के भाव को कमजोर करने वाली भी है। ऐसे में सर्वोच्च न्यायालय की हालिया टिप्पणियां हर आयु वर्ग की महिला के लिए अपने सम्मान को सहेजने और सुरक्षित रहने के दिशानिर्देशों के समान हैं।


गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने शादी से पहले शारीरिक संबंध बनाने से पहले लोगों को बहुत सावधानी बरतने को कहा है। कोर्ट ने कहा कि



'शायद हम पुराने खयालात वाले हैं, लेकिन शादी से पहले लड़का और लड़की कानूनी और सामाजिक रूप से अजनबी ही होते हैं। रिश्ते कितने भी गहरे क्यों न हों, शादी पक्की होने तक शारीरिक सम्बन्धों में जाना समझ से परे है। शादी से पहले किसी पर भी पूरी तरह भरोसा नहीं करना चाहिए। लोगों को बहुत सतर्क रहना चाहिए।' निस्संदेह, न्यायालय की टिप्पणियां महिलाओं को व्यावहारिक और जागरूक रहने का सन्देश देने वाली हैं। हालांकि, अब समाज में उदारवादी दृष्टिकोण बढ़ रहा है पर ऐसे संबंधों के परिणाम और उनसे जुड़े शारीरिक-मानसिक शोषण से बचने के लिए स्त्रियों को स्वयं भी सजग होना होगा। आज की महिलाएं घर और बाहर अपनी मौजूदगी दर्ज करवा रही हैं। हर क्षेत्र में अपना योगदान दे रही हैं। ऐसे में कोई भी पढ़ी-लिखी महिला ऐसे संबंधों के मामले में अपनी जिम्मेदारी से नहीं बच सकती। कहना गलत नहीं होगा कि शोषण और धोखाधड़ी के ऐसे मामलों में झांसा देने की दलील भी उचित नहीं लगती। कानून ही नहीं, समाज और परिवार भी यह नहीं मानेगा कि शिक्षित-सजग महिला ने बहकावे में आकर संबंध बनाए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में भी महिला से पूछा कि 'आखिर दुबई तक इतनी दूर क्यों गईं? यह तो आपसी सहमति से हुआ लगता है। ऐसे मामलों में जहां शारीरिक संबंध दोनों की मर्जी से बनाए गए हों, वहां बलात्कार का केस चलाना और सजा देना ठीक नहीं लगता।' स्पष्ट है कि इस केस को लेकर न्यायालय का सार्थक संवाद और सवाल सब कुछ विचारणीय है। हमारे देश में अधिकतर कानूनी प्रावधान महिलाओं की सहायता के लिए ही बने हैं, लेकिन इन प्रावधानों का इस्तेमाल महिलाएं अपने ही निर्णय के नकारात्मक परिणाम से बचने के लिए नहीं कर सकतीं। चिंतनीय यह भी है कि तमाम आधुनिकताओं के बावजूद महिलाओं को लेकर लोगों की मानसिकता नहीं बदली है। स्त्रियों के साथ होने वाले दुर्व्यवहार के आंकड़े समाज के समक्ष सबसे बड़ी चिंता बने हुए हैं। बावजूद इसके शादी के वादों-इरादों के नाम पर शारीरिक संबंध बनाने के बाद आरोप लगाने के वाकये भी खूब हो रहे हैं। तकलीफदेह यह भी है कि इन मामलों से महिलाओं का ही पक्ष कमजोर होता है। खासकर किसी पढ़ी-लिखी महिला के साथ अगर ज़ोर-जबर्दस्ती नहीं की गई है तो उसे भी इन सबन्धों की जिम्मेदारी लेनी होगी। दायित्व का यह भाव किसी की बातों के भुलावे में आने से पहले ही होना चाहिए। शिक्षित और सशक्त होने के मायने यही हैं कि अपनी सुरक्षा के लिए जागरूक रहा जाए। ऐसे धोखे या झांसे में ना आएं जो शोषण का शिकार बनाने का जाल हो। मौजूदा दौर में महिलाओं को अपने विचार और व्यवहार में इतनी समझ और जवाबदेही तो रखनी ही होगी।

(लेखिका स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# मन को अच्छी बातों से जोड़ें




संकलित

## दर्शन

नए साल में संकल्प करने की परंपरा है। बहुत-से लोग बहुत प्रकार के संकल्प करते हैं, जैसे- वजन कम करेंगे, मीठा नहीं खाएंगे, झूठ नहीं बोलेंगे। ऐसे संकल्प करना भी अच्छी बात है, क्योंकि उससे भी आपके मन की शक्ति बढ़ जाती है और मन की कमजोरी दूर हो जाती है। बहुत-से लोग संकल्प तो करते हैं, परंतु उसे पूरा नहीं कर पाते हैं, क्योंकि मन बेईमान हो जाता है। जरूरी है कि हम अपने मन पर नियंत्रण करें। उसके गुलाम नहीं बनें। यह कठिन जरूर है, लेकिन असंभव नहीं है। इसके लिए जरूरी है ईमानदारीपूर्वक निरंतर प्रयास करने की। जैसे पानी के लिए नीचे गिरना आसान और सहज होता है, परंतु अगर उसे ऊपर उठाना हो, तो मोटरपंप की जरूरत पड़ती है। ऐसे ही हमारे मन के लिए नीचे गिरना आसान और सहज है। मन को ऊंचा उठाना बहुत मुश्किल है। मन के लिए अच्छी बातों से जुड़ना बहुत मुश्किल है, उनको छोड़ देना सहज है।मन की आदतें ऐसी होती हैं कि उन्हीं आदतों में मन को सुविधा महसूस होने लगती है। हमारा मन कुछ आदतों को पाल लेता है और उन्हीं में खुश रहता है। अगर आप अपनी दिनचर्या में साधना को बढ़ाने का संकल्प करते हैं, तो उसको बिना किसी अटकाव के सालभर चलाते रहना बहुत जरूरी है। भूतकाल बीत चुका है, परंतु वर्तमान आपके हाथ में है, इसलिए आनेवाले कल में क्या होगा, यह आपके आज पर निर्भर करता है। अगर आप अपने आज को साधनापूर्ण, शांतिपूर्ण और सुंदर बना लोगे, तो निश्चित रूप से आपका कल भी वैसा ही होगा।

# माता-पिता व गुरु के ऋणों से कैसे मुक्त हों



संकलित

## प्रेरणा

वृंदावन के प्रसिद्ध संत प्रेमानंद महाराज किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं। उनके दर्शन के लिए लोगों की लाइनें लगी रहती हैं। भक्त महाराज जी का दर्शन करते ही हैं, साथ में उनसे सवाल भी पूछते हैं। ऐसे ही एक भक्त ने प्रेमानंद महाराज जी से सवाल पूछा कि इसी जन्म में माता-पिता और गुरु के ऋण से मुक्त होने के क्या उपाय है? ताकि सभी ऋण उतरने से और नाम जप के प्रभाव से दोबारा जन्म ना लेना पड़े। चलिए जानते हैं कि प्रेमानंद महाराज जी ने क्या जवाब दिया। महाराज जी कहते हैं कि नाम जप करते हुए जब हमारा भगवत साक्षात्कार हो जाता है। उन्होंने बताया कि एकादशी स्कंध में भागवत में लिखा हुआ है उद्धव जी को भगवान उपदेश करते हैं कि जिसको मेरी प्राप्ति हो जाती है, तो वह समस्त ऋणों से मुक्त हो जाता है। भगवान की प्राप्ति होते ही ऋषि ऋण, मातृ-पितृ, देव, गुरु ऋण सभी ऋणों से मुक्त हो जाता है। पर भगवान की प्राप्ति होनी चाहिए। प्रेमानंद महाराज जी कहते हैं कि भगवान की प्राप्ति का कलयुग में सहज और सरल उपाय है- नाम जप। तो नाम का आधार लेकर निरंतर नाम जप करें, तो भगवत प्राप्ति होगी। वो कहते हैं कि निरंतर नाम जप तभी होगा, जब हमारा आहार पवित्र होगा, हमारे आचरण ठीक होंगे। आचरण गलत हो, नाम गलत हो तो नाम घसीटने पर भी नहीं चलता, मन नहीं लगता है।

## सटाका




## आज की पाती

### असंगठित बल को संगठित करने की पहल


हमारे देश में संगठित क्षेत्र में औपचारिक रूप से पंजीकृत वो व्यवसाय आते हैं, जो श्रम कानूनों का पालन करते हैं, नौकरी की सुरक्षा और सामाजिक लाभ प्रदान करते हैं। जबकि असंगठित क्षेत्र में अनौपचारिक व्यवसाय शामिल हैं, जिनमें बहुत कम या कोई विनियमन नहीं है, अक्सर नौकरी की सुरक्षा, लाभ और कानूनी सुरक्षा का अभाव रहता है। असंगठित श्रमिक सामाजिक सुरक्षा अधिनियम 2008 के अंतर्गत घरों में काम करने वाले श्रमिक, स्व-नियोजित श्रमिक या असंगठित क्षेत्र में मजदूरी करने वाले श्रमिक असंगठित क्षेत्र के दायरे में आते हैं। संगठित क्षेत्र के श्रमिकों के हितों की रक्षा के लिए कई अधिनियम लागू किए जा चुके हैं। असंगठित क्षेत्रों के श्रमिकों के आंकड़े एकत्रित करने और उनके नि:शुल्क पंजीकरण के लिए प्रयास हुए हैं।

*-विजय साहू, रायपुर*

## करंट अफेयर

### एआई में स्वास्थ्य सेवा कर्मचारियों के बोझ कम करने की क्षमता

कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) में स्वास्थ्य सेवा कर्मचारियों के बोझ कम करने और चिकित्सक-रोगी संबंधों को मजबूत करने की क्षमता है। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलीला श्रीवास्तव ने सोमवार को कहा कि भारत मंडपम में एआई इम्पैक्ट शिखर सम्मेलन 2026 के तहत केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रभाव के लिए एआई का विस्तार: सार्वजनिक-निजी भागीदारी विषय पर आयोजित उच्चस्तरीय सामूहिक परिचर्चा में श्रीवास्तव ने कहा कि पिछले एक दशक में भारत की स्वास्थ्य प्रणाली राष्ट्रीय स्तर पर अंतर-संचालनीय डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र में विकसित हुई है। एक प्रमुख भागीदार मंत्रालय के रूप में, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय उच्चस्तरीय सामूहिक परिचर्चा, प्रमुख पहल की शुरुआत और अपने समर्पित प्रदर्शनी स्टॉल पर एआई-संचालित स्वास्थ्य सेवा समाधानों के प्रदर्शन के माध्यम से शिखर सम्मेलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। श्रीवास्तव ने कहा कि भारत की स्वास्थ्य प्रणाली पिछले एक दशक में रिकॉर्ड के बुनियादी डिजिटलीकरण और बेहतर डेटा रिपोर्टिंग से लेकर राष्ट्रीय स्तर पर अंतरसंचालनीय डिजिटल स्वास्थ्य पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण तक विकसित हुई है।




## ऑफ बीट

### होता कुछ है, देखते कुछ हैं, भ्रम में कुछ प्रजातियां

कई प्रजातियों द्वारा समझा जाने वाला भ्रम दृश्य भ्रम का अध्ययन मस्तिष्क कैसे काम करता है इसकी दिलचस्प जानकारी प्रदान करता है। दृश्य भ्रम अवधारणात्मक त्रुटियां हैं, जो संभवतः हमें जटिल प्राकृतिक जानकारी को कुशलतापूर्वक संसाधित करने में सक्षम बनाती हैं। एकल भ्रम एक छवि में बिंदुओं के विन्यास के आधार पर मात्रा की गलत धारणा का कारण बनता है। जो लोग भ्रम का अनुभव करते हैं वे एक साथ गुच्छित होने पर बिंदुओं की संख्या का अधिक अनुमान लगाएंगे और/या बिखरे होने पर बिंदुओं की संख्या को कम आंकेंगे। हम जानते हैं कि एकल भ्रम मनुष्यों, कैपुचिन बंदरों, गप्पियों और भौंरों द्वारा महसूस किया जाता है। ऐसा प्रतीत होता है कि चिंपैंजी, रीसस बंदर और घरेलू कुत्तों को भ्रम का एहसास नहीं होता है। दिलचस्प बात यह है कि इंसानों में उम्र एकल भ्रम की धारणा को प्रभावित करती है – छोटे बच्चे बड़ों की तुलना में कम संवेदनशील होते हैं। मनुष्यों और अन्य प्रजातियों द्वारा मात्राओं की इस गलत धारणा का अनुभव करने का एक संभावित विकासवादी कारण यह है कि यह हमें बड़ी संख्या में वस्तुओं को अधिक कुशलतापूर्वक और तेज़ी से संसाधित करने और तुलना करने में मदद दे सकता है।



## X ट्रेंड

### एआई का उपयोग



भारतीय युवा पिछली पीढ़ियों से अलग सोच रखते हैं। शिक्षा में एआई और एआई में शिक्षा परस्पर जुड़े हुए हैं। मैं अपने युवाओं से आह्वान करता हूं कि वे एआई का उपयोग शिक्षा देने, इसे अपनाने, सशक्त बनाने और ऐसे अभूतपूर्व पहल करने के लिए करें जो भारत को एआई क्षेत्र में एक सशक्त शक्ति के रूप में स्थापित करें।

**- धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री**

### अस्पतालों की उपेक्षा



भाजपा सरकार ने सपा काल में बने मेडिकल कॉलेज, कैंसर इंस्टीट्यूट व अन्य अस्पतालों की जानबूझकर अनदेखी की है। भाजपाइयों ने अपने कार्यालय, और आयुष यूनिवर्सिटी तो खोल ली है परंतु जनहित के आम अस्पतालों की पूरी तरह उपेक्षा की है।

**- अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

### नशा मुक्त पंजाब



पंजाब में पिछले एक साल में 2000 किलो से ज़्यादा नशा बरामद, बड़े तस्कर जेल में और अवैध संपत्तियों पर बुलडोज़र चला है। आम आदमी पार्टी सरकार का साफ़संदेश है, पंजाब में नशा तस्कर नहीं बचेंगे। नशा मुक्त पंजाब बनाकर ही दम लेंगे।

**-अरविन्द केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली**

### एआई की दुनिया



एआई की दुनिया में नए सीईओ का आगमन हो चुका है। हर कोई संभावित रूप से सीईओ है... और कोई भी सीईओ नहीं है। एआई की दुनिया में शीर्ष-स्तरीय संगठन व्यवस्था समाप्त हो चुकी है।

**- शेखर कपूर, फिल्मकार**

**हमारा पता**

**हरिभूमि कार्यालय**
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# देश में माहौल जहरीला बनता जा रहा, नेता भाईचारा बढ़ाने पर ध्यान दें

## नेताओं के भाषणों पर सुप्रीम कोर्ट की नसीहत

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

देश में नेताओं के भाषणों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम टिप्पणी की है। मंगलवार को सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि राजनीतिक नेताओं को देश में भाईचारा बढ़ाने का काम करना चाहिए। कोर्ट ने शिक्षाविद रूप रेखा वर्मा समेत 12 याचिकाकर्ताओं से राजनीतिक भाषणों पर दिशानिर्देश के लिए एक नई याचिका दाखिल करने को कहा है। चीफ जस्टिस सूर्य कांत, जस्टिस बी वी नागरत्ना और जस्टिस जयमाल्य बागची की बेंच ने मौजूदा जनहित याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। याचिका में नेताओं और मीडिया के लिए गाइडलाइन बनाने की मांग की गई थी। याचिकाकर्ताओं का कहना था कि कुछ नेताओं के भाषण भाईचारे और संवैधानिक मूल्यों को प्रभावित करते हैं।

*शिक्षाविद रूप रेखा वर्मा समेत 12 याचिकाकर्ताओं की सुनवाई*

*सीजेआई, जस्टिस नागरत्ना और जस्टिस बागची की बेंच ने कहा*

**दिशानिर्देश देने की याचिका खारिज**




**आदेश का पालन करना चुनौती बना: जस्टिस बागची**

सिब्बल ने चुनाव आचार संहिता का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान आचार संहिता लागू होती है, लेकिन उससे पहले दिए गए भाषण सोशल मीडिया पर वायरल होते रहते हैं। उन्होंने पूछा कि ऐसे मामलों में मीडिया की क्या जिम्मेदारी है ताकि लोकतांत्रिक माहौल खराब न हो।

### गाइडलाइन का पालन कौन करेगा: जस्टिस नागरत्ना

*जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि राजनीतिक नेताओं को देश में भाईचारा बढ़ाना चाहिए। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि अगर हम गाइडलाइन बना भी दें, तो उनका पालन कौन करेगा? भाषण की उत्पत्ति विचारों से होती है। आप विचारों को कैसे नियंत्रित कर सकते हैं? हमें संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप विचारों को बढ़ावा देना होगा।*

### गाइडलाइन का अनुरोध किया: सिब्बल बोले



याचिकाकर्ताओं की तरफ से वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल पेश हुए। उन्होंने कहा कि देश में माहौल जहरीला होता जा रहा है। यह याचिका असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा के कथित हेट स्पीच के संदर्भ में दायर की गई थी। सिब्बल ने दलील दी कि किसी एक नेता के खिलाफ राहत नहीं मांगी जा रही है, बल्कि भाषणों में जवाबदेही तय करने के लिए गाइडलाइन बनाने का अनुरोध किया गया है। बेंच सिब्बल की दलील से सहमत नहीं हुई। सीजेआई ने कहा कि यह याचिका एक खास राजनीतिक दल के कुछ चुनिंदा व्यक्तियों के खिलाफ दिखती है। उन्होंने कहा कि इसे वापस लें। एक दूसरी याचिका दायर करें जिसमें यह बताया जाए कि राजनीतिक दल कैसे नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। वह एक निष्पक्ष याचिका पर सुनवाई के लिए तैयार है।

## लालू से जुड़े केस में सीबीआई से कहा

## वो 60, 70 और 80 की उम्र के हैं... आपको भी पता है क्या होगा?



सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो सीबीआई की उस अर्जी पर सुनवाई 22 अप्रैल तक के लिए टाल दी, जिसमें देवघर कोषागार से जुड़े चारा घोटाले के एक मामले में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद को झारखंड हाई कोर्ट से मिली जमानत को चुनौती दी गई थी। जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने यह कहते हुए मामले को टाल दिया कि दलीलें पूरी नहीं हुई हैं और मामले से जुड़े कुछ आरोपियों की मौत हो चुकी है। सीबीआई की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने दलील दी कि हाई कोर्ट ने एक गैर-कानूनी आदेश पारित किया है और कानून का उल्लंघन करते हुए दोषियों की सजा निलंबित की गई है। ऐसा नहीं किया जा सकता। लालू की तरफ से पेश हुए सिब्बल ने कहा कि मामले में एक से ज्यादा आरोपी हैं और कुछ आरोपियों ने अभी तक सीबीआई की अपील पर अपने जवाब दाखिल नहीं किए हैं।

### यह कैसी विशेष अनुमति याचिका

कोर्ट ने कहा कि हम दोनों (जज) ही जानते हैं कि यह कैसी विशेष अनुमति याचिका है। हमें लगता है कि आप दोनों भी जानते हैं कि इसका नतीजा क्या होगा। लोग 60, 70 और 80 की उम्र के हैं। इस पर राजू ने कहा कि वे सभी गैर-कानूनी तरीके से बाहर हैं। यह (बेल) सजा के बाद है। इसके बाद कोर्ट ने आखिरकार मामले की सुनवाई अप्रैल में टाल दी। कोर्ट ने निर्देश दिया कि फाइलें बस पड़ी हैं। हम अप्रैल में तारीख देंगे। जिन मामलों में रेस्पोंडेंट की मौत हो गई है, हम उन्हें बंद कर देंगे।

## खबर संक्षेप

### अहमदाबाद सहित गुजरात के 6 कोर्ट को धमकी


**नई दिल्ली।** गुजरात की 6 अदालतों को बम से उड़ाने की धमकी के बाद हड़कंप मच गया।



अधिकारियों ने कहा कि अहमदाबाद, वडोदरा, वलसाड, राजकोट, गांधीनगर और मेहसाणा की कोर्ट को धमकी भरे ई-मेल मिले हैं। बम की धमकी मिलने बाद अधिकारियों ने सभी अदालतों की तलाशी ली। जांच के दौरान कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।

### ग्रेट निकोबार प्रोजेक्ट को एनजीटी की मंजूरी

**नई दिल्ली।** एनजीटी ने ग्रेट निकोबार द्वीप पर प्रस्तावित अंतरराष्ट्रीय कंटेनर ट्रांसशिपमेंट



टर्मिनल सहित बड़ी अवसंरचना परियोजना को मंजूरी दे दी है। ट्रिब्यूनल ने कहा पर्यावरणीय स्वीकृति में पर्याप्त सुरक्षा उपाय शामिल किए गए हैं और हस्तक्षेप की जरूरत नहीं है। कोलकाता स्थित पूर्वी जोनल बेंच की अध्यक्षता जस्टिस प्रकाश प्रकाश श्रीवास्तव ने की।

### सुल्तान और शिवाजी की तुलना, अब मांगी माफी

**मुंबई।** महाराष्ट्र की सियासत में कांग्रेस नेता हर्षवर्धन सपकाल के बयान को लेकर घमासान मचा



हुआ था। उन्होंने टीपू सुल्तान की तुलना शिवाजी महाराज से कर ऐसी फजीहत मोल ली कि अब उन्हें माफी मांगनी पड़ी। उन्होंने कहा कि माफी 'शिवप्रेमियों' और छत्रपति शिवाजी महाराज के अनुयायियों से मांग रहे हैं। उनका बयान किसी को ठेस पहुंचाना वाला नहीं था।

### हेलिकॉप्टर असेंबली लाइन का उद्घाटन


**वेमगल।** कर्नाटक के वेमगल में एच-125 लाइट यूटिलिटी हेलीकॉप्टर की फाइनल असेंबली



लाइन का उद्घाटन हुआ। इस अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मौजूद रहे और इसे भारत के रक्षा विनिर्माण क्षेत्र के लिए अहम उपलब्धि बताया। यह पहल टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स और एयरबस हेलीकॉप्टर्स के संयुक्त सहयोग से शुरू की गई है। सिंह ने बधाई दी।

### जेल से बाहर आए राजपाल, बोले-शुक्रिया

**नई दिल्ली।** अभिनेता राजपाल यादव तिहाड़ जेल से बाहर आ गए हैं। बीते दिनों चेक बाउंस से जुड़े



एक मामले में उन्होंने तिहाड़ में आत्मसमर्पण किया था। अब उन्हें हाई कोर्ट से अंतरिम जमानत मिल गई है। अभिनेता जेल से बाहर आने के बाद मीडिया से रूबरू हुए। इस दौरान उन्होंने मुश्किल वक्त में साथ देने वालों का और अपने फैंस का शुक्रिया अदा किया।

## विंध्याचल में दर्शन करने पहुंचे असम के सीएम सरमा बोले

# कोई भी राहुलवादी नहीं हो सकता, वे मानसिक रूप से बीमार चल रहे, इलाज कराना चाहिए

*सरमा ने शिवाजी महाराज व टीपू सुल्तान पर भी रखी अपनी राय*



■ राज्य में हिंदू- मुस्लिम की डेमोग्राफी पर भी की बात

एजेंसी ⏭ मिर्जापुर/ गुवाहाटी

असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा है कि कोई भी राहुलवादी नहीं हो सकता है। राहुल गांधी मानसिक रूप से बीमार हैं और उन्हें अपना इलाज कराना चाहिए। वे सोमवार को मां विंध्यवासिनी का दर्शन करने विंध्याचल आए थे। पत्रकारों से यह पूछे जाने पर कहा कि मणिशंकर अय्यर ने कहा कि वे राहुल राहुल वादी नहीं है, उन्होंने यह बात कही। सरमा ने महाराष्ट्र में छत्रपति शिवाजी महाराज व टीपू सुल्तान के मामले में पूछे जाने पर कहा कि दोनों कभी बराबर नहीं हो सकते। एक हिंदू का रक्षक था तो दूसरा हिंदू का भक्षक दोनों कभी बराबर नहीं हो सकते हैं। असम के बारे में पूछे जाने पर कहा कि असम की स्थिति बहुत नाजुक है। हिंदू मुस्लिम की डेमोग्राफी में वहां पर 40 प्रतिशत मुस्लिम है, इनमें से चार प्रतिशत भारत के हैं।



### गोगोई से संबंधित सबूत केंद्र को दे दिए

*गौरव गोगोई के मामले में कहा कि उन्होंने सारे सबूत केंद्र सरकार को दे दिए हैं। इसके साथ ही उन्होंने एनआरसी के मामले में कहा कि यह मामला न्यायालय के हवाले है। उन्होंने कहा कि वह यहां पर ढाई साल पूर्व आए थे, काफी बदल गया है और इस कायाकल्प के लिए यहां के विधायक जी, प्रदेश की सरकार प्रदेश के मुख्यमंत्री जी बधाई के पात्र हैं। मैं मां विंध्यवासिनी का सेवा करने आया हूं। इसके पूर्व विंध्याचल पहुंचने पर उनका विधायक रत्नाकर मिश्र जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार, पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक सहित अधिकारियों ने स्वागत किया। दर्शन पूजन धीरज मिश्रा ने कराया।*

### 2014 में ही सीएम बनने वाला था राहुल के फोन से पलटी बाजी

सरमा ने एक बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि साल 2014 में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने उन्हें खुद असम का मुख्यमंत्री बनने के लिए शपथ की तारीख तय करने को कहा था। उस समय कांग्रेस के 58 विधायकों का समर्थन उनके साथ था और वे मुख्यमंत्री बनने की स्थिति में थे।साल 2011 विधानसभा चुनाव के बाद असम कांग्रेस में अंदरूनी खींचतान शुरू हो गई थी। पार्टी के कई विधायक चाहते थे कि उस समय के मुख्यमंत्री तरुण गोगोई की जगह हिमंत सरमा को सीएम बनाया जाए। सोनिया ने उनसे कहा था कि वे शपथ लेने की तारीख तय कर लें। उन्होंने सोचा था कि वे कामाख्या मंदिर के अंबुबाची मेले के बाद जून 2014 में शपथ लेंगे। सरमा ने आगे बताया कि उस समय राहुल गांधी अमेरिका में थे और उन्होंने वहां से कांग्रेस नेताओं को फोन किए। इसके बाद पूरा माहौल बदल गया और वे बाहर हो गए।

**बंगाल में बन रही बाबरी पर तंज**

### जब असली ही नहीं रही, तो पुतला क्या करेगा?

सरमा ने तृणमूल कांग्रेस के सस्पेंड विधायक हुमायूं कबीर के पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में बाबरी मस्जिद बनाने के ऐलान पर तंज कसा है। प्रस्तावित मस्जिद के बारे में पूछे जाने पर सरमा ने सोमवार को मिर्जापुर में रिपोर्टर्स से कहा कि यह बाबरी मस्जिद का 'पुतला' (डमी) है, असली (मस्जिद) नहीं। जब असली मस्जिद ही नहीं रही, तो 'पुतला' क्या करेगा?

**बढ़ती मुस्लिम आबादी चिंता का विषय**

### कुछ लोग बांग्लादेश का कर रहे समर्थन

सरमा ने मंगलवार को राज्य में मुस्लिम आबादी में बढ़ोतरी को लेकर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि असम की वर्तमान स्थिति 'बहुत अच्छी नहीं' है और इसके पीछे बड़े पैमाने पर हुई अवैध घुसपैठ जिम्मेदार है। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि असम में मुस्लिम आबादी का एक बड़ा हिस्सा बांग्लादेश से अवैध रूप से आया है। यह घुसपैठ मुख्य रूप से उस समय हुई जब राज्य और केंद्र में कांग्रेस की सरकारें थीं। उन्होंने कहा कि उन सरकारों ने सीमाओं की सही तरीके से निगरानी नहीं की, जिससे राज्य की जनसांख्यिकीय संतुलन प्रभावित हुई है। सरमा ने यह भी दावा किया कि राज्य के कुछ लोग भविष्य में किसी भी संघर्ष की स्थिति में बांग्लादेश का समर्थन कर सकते हैं, जिससे सुरक्षा संबंधी खतरा पैदा हो सकता है। अवैध घुसपैठ असम और पूरे पूर्वोत्तर क्षेत्र की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है। सरमा ने बताया कि उनकी सरकार राज्य की पहचान, जमीन और संसाधनों की रक्षा के लिए कड़े कदम उठा रही है।

### चुनाव आयोग की असम में सर्वदलीय बैठक



### ज्ञानेश कुमार ने चुनाव की तैयारियों पर लिया फीडबैक

*असम विधानसभा चुनाव 2026 से पहले मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी के साथ मंगलवार को गुवाहाटी में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्य दलों के साथ विस्तृत विचार-विमर्श किया।इसमें असम के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) और भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। इस संवाद में कई मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में राष्ट्रीय दलों में आप, भाजपा, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सवादी), सीपीआई (एम) और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस शामिल थीं।*

### राज्य में 2 चरणों में चुनाव कराने की मांग

*आयोग के साथ बैठक में अधिकांश राजनीतिक दलों ने चुनाव एक ही चरण में या अधिकतम 2चरणों में कराने की मांग की। उन्होंने चुनाव की तारीखों को बिहु उत्सव को ध्यान में रखते हुए निर्धारित करने की मांग भी रखी। राजनीतिक दलों ने असम में चुनावी रूल्स की विशेष समीक्षा के आयोजन की सराहना की। उन्होंने राज्य में शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित करने के लिए सुझाव भी दिए।*

## सीएम ममता का ईसीआई पर हमला

# अगर वो 420 हैं... तो मैं 440 वोल्ट हूं, वह 'टॉर्चर कमीशन'





### मुख्यमंत्री ने एसआईआर पर उठाए सवाल

एजेंसी ⏭ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में एसआईआर प्रक्रिया को लेकर मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने निर्वाचन आयोग पर तीखा हमला किया। उन्होंने आयोग को 'टॉर्चर कमीशन' बताया और हिटलर और तुगलकी अंदाज में काम करने का आरोप लगाया। ममता ने सवाल उठाया कि क्या कोई 'तुगलकी आयोग' चुनाव कराता है।

उन्होंने आरोप लगाया कि आयोग जिलाधिकारियों को निर्देश दे रहा है और चेतावनी दी कि अगर किसी वैध मतदाता का नाम हटाया गया तो उनकी पार्टी इसका तीव्र विरोध करेगी। उनकी सरकार निष्पक्ष एसआईआर में आयोग को पूरा सहयोग देगी, लेकिन मनमानी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वे आयोग के सभी लोगों को दोषी नहीं ठहरा रहीं, बल्कि एक व्यक्ति को जिम्मेदार मानती हैं और जनता के हित में जेल जाने या किसी भी कुर्बानी के लिए तैयार हैं। ममता ने कहा कि मैं पीछे नहीं हटूंगी। अगर कुछ लोग 420 हैं, तो मैं 440 वोल्ट हूं।

### मंत्री शाह मिले सुवेंदु से आज जाएंगे बंगाल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृहमंत्री के बंगाल आगमन से कुछ घंटे पहले बंगाल को लेकर दिल्ली में अहम बैठक हुई है। बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी की नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात हुई है। गृहमंत्री के आवास पर हुई यह मुलाकात लगभग 30 मिनट तक चली। वे राजधानी दिल्ली पहुंचते ही वो सीधा गृहमंत्री के आवास पर गए। इसके बाद दोनों के बीच करीब आधे घंटे तक मुलाकात हुई।

### यहां चुनाव से पहले बड़ा सियासी उलटफेर

### पूर्व एनएसजी कमांडर समेत कई जाने-माने लोग भाजपा में शामिल

बंगाल में इसी साल विधानसभा चुनाव होने हैं। उससे पहले प्रदेश की राजनीति में बड़े उलटफेर होने शुरू हो गए हैं। मंगलवार को कोलकाता में नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य की मौजूदगी में कुछ जाने-माने लोग भाजपा में शामिल हुए। इनमें पूर्व एनएसजीकमांडर और अंडरकवर एजेंट रहे दीपांजन चक्रवर्ती, सीआरपीएफ के पूर्व डीएसपी बिप्लब बिस्वास और पूर्व कद्दावर वामपंथी मंत्री खिती गोस्वामी की बेटी कस्तूरी गोस्वामी शामिल हैं।

## अयोध्या में होगा विशेष कार्यक्रम

# राष्ट्रपति मंदिर निर्माण से जुड़े श्रमिकों का करेंगी अभिनंदन

एजेंसी ⏭ अयोध्या

श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा 2 दिनी बैठक में भाग लेने के लिए मंगलवार को अयोध्या पहुंचे। मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने राम जन्मभूमि मंदिर परिसर में जारी विकास कार्यों की प्रगति पर विस्तार से जानकारी दी और निर्धारित समयसीमा के भीतर निर्माण कार्य पूर्ण करने की प्रतिबद्धता दोहराई। समिति के अध्यक्ष मिश्रा ने बताया कि 19 मार्च को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अयोध्या आएंगा। इस दौरान वे मंदिर



निर्माण में योगदान देने वाले करीब 400 श्रमिकों को सम्मानित करेंगी।

**निर्माण अपरैल तक पूरे होंगे**

मिश्रा ने बताया कि हुतात्मा स्मारक और अस्थायी रामलला मंदिर को स्थायी स्मारक के रूप में विकसित किया जा रहा है। इन निर्माण कार्यों को अप्रैल के अंत तक पूरा करने का लक्ष्य है।

# नई दिल्ली-चेन्नई एक्सप्रेस के स्लीपर कोच में आग, हड़कंप



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

यहां से चेन्नई जा रही ट्रेन नंबर 12616 के स्लीपर कोच में मंगलवार दोपहर आग लग गई। यह घटना सेंट्रल रेलवे के नागपुर डिविजन में सिंधी और तुलजापुर स्टेशनों के बीच हुई। धुआं देखते ही ट्रेन को सुरक्षा के मद्देनजर तुरंत रोक दिया गया। यात्रियों को सुरक्षित रखा गया और किसी को चोट नहीं आई। रेलवे स्टाफ ने तेजी से कार्य करते हुए प्रभावित कोच को ट्रेन से अलग कर दिया। स्थानीय फायर ब्रिगेड को भी बुलाया गया। स्थानीय रेलवे कर्मचारियों ने फायर एक्सटिंग्विशर का इस्तेमाल करके आग पर काबू पाया।

## चार धाम यात्रा के लिए सरकारी समिति कर रही बड़ा बदलाव

# अब श्रद्धालुओं को ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के लिए चुकाने होंगे कम से कम 10 रुपए

एजेंसी ⏭ देहरादून

**कमेटी करेगी शुल्क का निर्धारण**

उत्तराखंड में चार धाम यात्रा के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन में बदलाव किया गया है। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के लिए लोगों को अब फीस देनी होगी। फीस जल्द से जल्द तय करने के लिए गढ़वाल डिवीजन के एडिशनल कमिश्नर की अध्यक्षता में एक कमेटी बनाई गई है। मामले की अधिक जानकारी देते हुए गढ़वाल कमिश्नर विनय शंकर पांडे ने बताया कि चार धाम यात्रा के लिए फर्जी रजिस्ट्रेशन रोकने के लिए कम से कम 10 रुपए फीस ली जानी चाहिए। कमेटी की रिपोर्ट आने और सरकार से मंजूरी मिलने के बाद फाइनल फीस तय होगी।



### उत्तराखंड में अनगिनत धार्मिक जगह

उत्तराखंड को देवभूमि या देवताओं की भूमि भी कहा जाता है। यहां कई विश्व प्रसिद्ध मंदिर हैं। पूरे साल भक्तों का तांता लगा रहता है। उत्तराखंड में भक्त जिन अनगिनत धार्मिक जगहों पर जाते हैं, उनमें सबसे खास चार धाम यात्रा है।

### यात्रा में 4 पवित्र स्थल शामिल

यह यात्रा या तीर्थयात्रा हिमालय में ऊंचाई पर बसे चार पवित्र स्थलों, यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ हैं। ऊंचाई पर बने ये मंदिर हर साल लगभग छह महीने के लिए बंद रहते हैं, जो गर्मियों (अप्रैल या मई) में खुलते हैं और सर्दियों (अक्टूबर या नवंबर) की शुरुआत के साथ बंद हो जाते हैं।

## भारत विस्तार...किसान अपनी भाषा में ही खेती की समस्या बता सकेंगे

# एक कॉल पर मिलेगी मौसम, मंडीभाव और खेती की जानकारी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सरकार देश के किसानों की आय बढ़ाने और उन्हें सशक्त बनाने जरूरी कदम उठाई है। मंगलवार को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किसानों के लिए 'भारत विस्तार' को लॉन्च किया है। यह एक एआई-पावर्ड मल्टीलिंगुअल टूल है। इसकी मदद से किसान मोबाइल या एक सिंपल फोन कॉल के जरिए उनकी अपनी भाषा में खेती से जुड़ी सभी जानकारी ले सकते है। भारत विस्तार किसानों के लिए सरकार द्वारा बनाया गया एक नया डिजिटल साथी प्लेटफॉर्म है। यह एआई आधारित प्लेटफॉर्म किसानों को फोन कॉल, चैटबॉट और आगे चलकर ऐप के जरिए मौसम, मंडीभाव, कीटरोग, मिट्टी, फसल सलाह और सरकारी योजनाओं की जानकारी एक ही जगह पर देगा।

**केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने दी सुविधा**



**भारतविस्तार का इस्तेमाल कैसे कर सकते हैं किसान?**

- *भारत विस्तार एक डिजिटल कृषि विशेषज्ञ के रूप में दो माध्यमों (भारतविस्तार चैटबॉट – फोन कॉल ) से 24 घंटे उपलब्ध रहेगा।*
- *भारतविस्तार के अंदर मौजूद बोलने वाला एआई सहायक 'भारती' ।*
- *किसानों से यह बातचीत कर सकता है, आसान भाषा में प्रश्नों के उत्तर दे सकता है।*

### 6 माह के अंदर 11 भाषाओं में मिलेगी सुविधा

*फेज1 में यह सुविधा हिंदी व अंग्रेजी में शुरू है और महाराष्ट्र, बिहार, गुजरात सहित कई राज्यों के लाखों किसानों तक पहुंचेगी। अगले 3 महीनों के भीतर यह तमिल, बंगाली, असमिया और कन्नड़ भाषाओं में उपलब्ध होगा। अगले 6 महीनों के भीतर यह कुल 11 भाषाओं (अंग्रेजी, हिंदी और 9 क्षेत्रीय भाषाएं) में उपलब्ध होगा।*

### हेल्प लाइन नंबर जारी किया

- *अगर आपके पाससाधारण मोबाइल फोन हैं तो आप कॉल के जरिए भारत-विस्तार का लाभ ले सकते हैं। इससे टेलीफोन हेल्पलाइन 155261 को जोड़ा गया है जिस पर आप कॉल कर सकते हैं।*
- *10 प्रमुख केंद्रीय योजनाओं की जानकारी*
- *प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि*
- *प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना*
- *मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना*
- *संशोधित ब्याज अनुदान योजना*
- *कृषि यंत्रीकरण उप-मिशन*
- *प्रति बूंद अधिक फसल*
- *प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना*
- *प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान*
- *कृषि अवसंरचना कोष*

## गुजरात दौरे पर भाजपा अध्यक्ष नितिन

# तीन दिन में करेंगे कई अहम बैठकें, बजट मीट में भी जाएंगे

एजेंसी ⏭ अहमदाबाद

भाजपाके राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन 20 से 22 फरवरी तक गुजरात के 3 दिन के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे अहमदाबाद और गांधीनगर में कई संगठनात्मक बैठकों और सार्वजनिक कार्यक्रमों में शामिल होंगे। यह पार्टी के शीर्ष पद का कार्यभार संभालने के बाद उनका राज्य का पहला आधिकारिक दौरा होगा। गुजरात भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश विश्वकर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद नितिन का यह राज्य का पहला दौरा है। 20 फरवरी



को वे सरदार वल्लभभाई पटेल इंटरनेशनल एयरपोर्ट पहुंचेंगे, जहां पार्टी के नेता और कार्यकर्ता उनका स्वागत करेंगे। नबीन अहमदाबाद के नारनपुरा स्थित जीएससी बैंक में सांसदों और विधानसभा सदस्यों से बातचीत करेंगे। वे गांधीनगर के इंफोसिटी में आयोजित 'बजट मीटमें शामिल होंगे।

# छिंदवाड़ा कफ सीरप कांड: हाईकोर्ट का राहत देने से इंकार

## आरोपी डॉ सोनी सहित अन्य की जमानत अर्जियां खारिज

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति प्रमोद कुमार अग्रवाल की एकलपीठ ने छिंदवाड़ा जिले के बहुचर्चित जहरीले कफ सीरप कांड के आरोपी डा. प्रवीण सोनी सहित अन्य की जमानत याचिकाएं निरस्त कर दीं। कोर्ट ने आरोपों को गंभीर मानते राहत देने से इनकार कर दिया। गत दो फरवरी को इन जमानत याचिकाओं पर कोर्ट ने सुनवाई पूरी करने के साथ आदेश सुरक्षित कर लिया था, जिसे मंगलवार को सुनाया गया। दरअसल, तमिलनाडु की सन फार्मा कंपनी द्वारा बनाये गए कोलड्रिफ कफ सरप को पीने से छिंदवाड़ा और उसके आसपास के जिलों में कुल 30 बच्चों की मौत हुई थी। दवा के रूप में ये कफ सीरप परासिया के शिशु रोग विशेषज्ञ डा. प्रवीण सोनी द्वारा लिखे गए थे। इस कफ सीरप को पीने से सर्दी-जुकाम से पीड़ित बच्चों की पहले किडनी फेल हुईं और फिर उनकी मौत हो गई थी।



### पत्नी के मेडिकल स्टोर से बिकता था सीरप

परासिया पुलिस को अनुसार जिस कोलड्रिफ कफ सीरप को दवा के रूप में डा. प्रवीण सोनी लिखते थे, वो कफ सिरप उनकी पत्नी ज्योति सोनी द्वारा संचालित अपना मेडिकल स्टोर से बिकता था। पुलिस ने मामले का खुलासा होने पर पांच अक्टूबर, 2025 को डा. प्रवीण सोनी को गिरफ्तार किया था। इसके बाद डा. सोनी के भतीजे राजेश और अपना मेडिकल स्टोर में फार्मासिस्ट के रूप में काम करने वाले सौरभ कुमार जैन को 13 अक्टूबर और फिर डा. सोनी की पत्नी ज्योति को तीन नवंबर, 2025 को गिरफ्तार किया गया था।

### मृत बच्चों की ओर छिंदवाड़ा की अधिवक्ता ने की आपत्ति

जहरीले कफ सीरप को पीकर अपनी जान गंवाने वाले 30 बच्चों की ओर से छिंदवाड़ा की महिला अधिवक्ता अश्मिता चांद ने हाई कोर्ट में आपत्ति दायर की थी। उनका कहना था कि जहरीले कफ सिरप ने मासूम बच्चों की जिंदगियां छीनने वाले वाले आरोपितों को जमानत का लाभ न दिया जाए।

### सरकार ने किया था कड़ा विरोध

सुनवाई के दौरान आरोपियों की ओर से दायर जमानत याचिकाओं का राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता हरप्रीत सिंह रूपराह व शासकीय अधिवक्ता सीएम तिवारी ने कड़ा विरोध किया था। उनकी दलील थी कि डा. सोनी द्वारा लिखा गया कफ सीरप उसकी पत्नी ज्योति के मेडिकल स्टोर से ही बिकता था। पैसों की लालच में यह षड्यंत्र रचा गया। जहरीले कफ सिरप से 30 बच्चों की जानें गई। इसलिए आरोपियों को जमानत न दी जाए।

# स्वच्छता व जन-सुविधाओं की जांच के लिए सुबह मैदान में उतरे निगमायुक्त

**जबलपुर।** शहर की स्वच्छता व्यवस्था सुदृढ़ करने और आगामी त्यौहारों के मद्देनजर जन-सुविधाओं का जायजा लेने के लिए नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश अहिरवार मंगलवार सुबह एक्शन मोड में नजर आए। उन्होंने सुबह 6:30 बजे से शहर के संभाग 3, 4, 8, 12, 13, 14 और 16 का सघन निरीक्षण किया। करीब दो घंटे तक चले भ्रमण में गलियों, बस्तियों और कॉलोनियों की सफाई, जल वितरण, स्ट्रीट लाइट, पेंटिंग और अन्य विकास कार्यों की समीक्षा की गई। निगमायुक्त ने संबंधित वार्डों में नाला-नालियों की सफाई, निर्माणाधीन कार्यों की प्रगति और सौंदर्यीकरण कार्यों का बारीकी से निरीक्षण किया। अधिकारियों को समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही सार्वजनिक और सामुदायिक प्रसाधन केंद्रों में स्वच्छता के उच्च मानक बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया। आगामी रमजान माह को ध्यान में रखते हुए निगमायुक्त ने वार्ड पार्षद Shamreen Qureshi और Akhtar Ansari के साथ रद्दी चौकी, नूरी नगर, तालिब शाह चौक, सुब्बा शाह, रज़ा चौक और अमन चौक क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को त्यौहार के दौरान साफ-सफाई, जल आपूर्ति और प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निगमायुक्त ने स्पष्ट किया कि नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना नगर निगम की प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



# 400 के.व्ही. ट्रांसमिशन टावर पर चढ़ी महिला का सुरक्षित रेस्क्यू

**जबलपुर।** एम.पी. ट्रांसको के मार्गदर्शन में 400 के.व्ही. इंदौर–नागदा डबल सर्किट ट्रांसमिशन लाइन के टावर पर चढ़ी एक महिला का सुरक्षित रेस्क्यू कर बड़ा हादसा टाल दिया गया। घटना ग्राम बौरसी, हातोद क्षेत्र की है। सूचना मिलते ही एम.पी. ट्रांसको की इंदौर टीम मौके पर पहुंची। सहायक अभियंता राजेंद्र कनोजे और रवीन्द्र पाटिल ने तकनीकी आकलन कर प्रशासन एवं Madhya Pradesh Paschim Kshetra Vidyut Vitaran Company Limited को स्पष्ट निर्देश दिए कि कोई भी व्यक्ति टावर पर न चढ़े, क्योंकि 400 के.व्ही. लाइन के इंडक्शन जोन में बिना सीधे संपर्क के भी जानलेवा खतरा हो सकता है। कंपनी के मार्गदर्शन में परिजनों ने महिला को समझाइश दी। पढ़ाई जारी रखने की सहमति मिलने के बाद महिला स्वयं सुरक्षित नीचे उतर आईं। समय पर तकनीकी सलाह और सतर्कता से संभावित गंभीर दुर्घटना टल गई।



# गोकुलधाम परिसर में हुआ हल्दी-कुमकुम उत्सव

**जबलपुर।** संस्कारधानी के उपनगरीय गढ़ा क्षेत्र स्थित बीटी तिराहा के पास गोकुलधाम शिव शक्ति मंदिर परिसर में हल्दी-कुमकुम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कॉलोनी एवं विभिन्न संगठनों की बड़ी संख्या में महिलाओं ने सहभागिता की। इस अवसर पर महिलाओं ने एक-दूसरे को हल्दी-कुमकुम लगाकर श्रृंगार सामग्री भेंट की और सौभाग्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम की आयोजक श्रीमती रजनी शर्मा ने बताया कि हल्दी-कुमकुम सनातन संस्कृति में अखंड सौभाग्य का प्रतीक है, जिसकी शुरुआत मकर संक्रांति से होती है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से महिलाओं को परंपराओं के निर्वहन के साथ-साथ एक-दूसरे को जानने-समझने का अवसर मिलता है, जिससे आपसी मेलजोल और नई ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने बताया कि यह आयोजन मुख्य रूप से विवाहित महिलाओं द्वारा पति की दीर्घायु, स्वास्थ्य एवं समृद्धि की कामना के लिए किया जाता है। कार्यक्रम में इत्र लगाना, सुहाग सामग्री वितरित करना, मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं देना, भजन-कीर्तन, पारंपरिक गीत एवं तंबोला जैसे आयोजन भी शामिल रहे। इस अवसर पर सुंदरकांड पाठ का भी आयोजन किया गया।कार्यक्रम में रजनी शर्मा, ममता श्रीवास्तव, अलका राजपूत, रेखा नामदेव, आरती श्रीवास्तव, नीलिमा ताराम, साक्षी कौशिक, उमा राजपूत, कविता तिवारी, अभिलाषा यादव, कुसुम श्रीवास्तव, रूपाली कौशिक, स्मिता सोनी, आरती सोनी, रमा ठाकुर, सुरभि, जागृति गर्ग, ज्योति सोनी, विनीता शर्मा, वंदना जोशी, सुनीता कौशिक, शैली कौशिक, आरती कौशिक, रेखा कौशिक, चारु केशरवानी, रीना विश्वकर्मा, अंजलि श्रीवास्तव, आकृति यादव, सविता प्यासी सहित अनेक मातृशक्तियां उपस्थित रहीं।





# सिद्ध श्री मां दरबार में महाशिवरात्रि पर रुद्राभिषेक

**जबलपुर।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर सिद्ध श्री मां दरबार में पूज्य दैवज्ञ पंडित अरुण शर्मा जी के सानिध्य में विधि-विधान से रुद्राभिषेक एवं विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान शिव का दूध, दही, गंगाजल, शहद, घी एवं बेलपत्र से अभिषेक कर प्रदेश एवं समाज की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की गई। पूजन कार्यक्रम में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। इस अवसर पर देवेंद्र गोटिया, पंडित अभिषेक शर्मा, पंडित आशीष शर्मा, सरदार तलविंदर सिंह ओबेराय, गौरव शर्मा, डॉ. आर. एस. चंडोक, ओमी सलूजा, संजय, चंद्रशेखर शर्मा, डॉ. विमल शुक्ला, मुकेश तिवारी, पंडित प्रणव राजोरिया एवं बेटू शर्मा उपस्थित रहे। सभी श्रद्धालुओं ने पूज्य गुरु एवं गुरु माता से आशीर्वाद प्राप्त कर धर्म लाभ अर्जित किया।

# शिव दर्शन भवन, गढ़ा में द्वादश ज्योतिर्लिंग झांकियां बनीं आकर्षण का केंद्र

**जबलपुर।** ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वावधान में बी.टी. तिराहा गढ़ा स्थित शिव दर्शन भवन में महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में सजाई गई द्वादश ज्योतिर्लिंग झांकियां जन-मानस के आकर्षण का केंद्र बनी रहीं। कार्यक्रम शिव स्मृति भवन की प्रमुख संचालिका ब्रह्माकुमारी राजयोगिनी भावना बहन के पावन सानिध्य में आयोजित किया गया।गढ़ा सेवा केंद्र की संचालिका ब्रह्मकुमारी मीना दीदी एवं ज्योति बहन ने जानकारी देते हुए बताया कि 4 फरवरी से प्रारंभ हुई यह भव्य झांकियां 17 फरवरी तक प्रतिदिन प्रातः 7 बजे से रात्रि 9 बजे तक दर्शनार्थ खुली रहीं। प्रतिदिन प्रातः 9 बजे आरती एवं सायं 7 बजे महाआरती संपन्न हुई। झांकियों के दर्शन के लिए प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालु उमड़ते रहे। इस अवसर पर लखनादौन के पूर्व विधायक शशि ठाकुर, ब्रह्मकुमारी मीना दीदी, ब्रह्मकुमारी ज्योति दीदी, शशि प्रभा चड्ढा, देश कुमारी चड्ढा, उषा दीदी, नीरज बाजपेई, दिलीप भाई, वीरेंद्र, संपत विजय, देव सिंह उइके सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। साथ ही केन्द्रीय मानवाधिकार संगठन के वरिष्ठ राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अरुण मिश्रा की उपस्थिति भी उल्लेखनीय रही।



# मां सिद्ध दरबार में पं. रविदत्त शर्मा की स्मृति में वाटर फाउंटेन का लोकार्पण

**जबलपुर।** बैकुंठ निवासी स्वर्गीय पंडित रविदत्त शर्मा की पुण्य स्मृति को जीवंत बनाए रखने हेतु उनके सुपुत्र पंडित आशीष शर्मा द्वारा मां सिद्ध दरबार के मुख्य द्वार पर एक भव्य एवं सुसज्जित वाटर फाउंटेन स्थापित किया गया। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर पूज्य दैवज्ञ पंडित अरुण शर्मा जी की उपस्थिति में विधिविधान व मंत्रोच्चार के साथ इसका लोकार्पण किया गया। पूज्य गुरु माता जी द्वारा फीता काटकर फव्वारे को दरबार को समर्पित किया गया। रंगीन लाइट्स एवं संगीतमय विशेषताओं से सुसज्जित यह अत्याधुनिक फव्वारा न केवल दरबार की सुंदरता को बढ़ाएगा, बल्कि जल संरक्षण का संदेश भी देगा। इस अवसर पर पूज्य दैवज्ञ पंडित अरुण शर्मा जी ने शर्मा परिवार की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह समाज के लिए एक प्रेरणादायी उदाहरण है कि किस प्रकार दिवंगत परिजनों की स्मृति को जनहित से जोड़ा जा सकता है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मां सिद्ध दरबार के भक्तजन एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।





# संजय गांधी वार्ड में स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए ज्ञापन सौंपा

**जबलपुर।** वार्ड क्रमांक 41, संजय गांधी वार्ड में स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव को देखते हुए वूमेन फॉर पीस एंड जस्टिस फॉर वेलफेयर के तत्वावधान में जिला स्वास्थ्य अधिकारी, नगर निगम आयुक्त और महापौर को ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में मुख्य रूप से मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक खोलने की मांग रखी गई, ताकि स्थानीय लोगों को उचित स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा सकें। आरिफ पहलवान, मोहम्मद सलीम अंसारी सोनू, संजय गांधी वार्ड प्रभारी शेख आरिफ, जीशान भाई, सरफराज भाई, खुर्शीद भाई, आता भाई, सरफराज, मोहम्मद मेहदी, कलीम अब्बासी, नफीस, भूरा भाई, मुशर्रफ, इसरार, हाशिम, गुड्डू भाई, इसरार चाचा, हुसैन नाना, सलमान भाई, मोनू भाई, हसन भाई, गोलू भाई सहित अन्य ज्ञापन सौंपने के अवसर पर उपस्थित प्रमुख लोग थे। कार्यक्रम का उद्देश्य स्थानीय स्वास्थ्य सेवाओं की कमी को उजागर करना और तत्काल प्रभाव से समाधान की दिशा में कदम उठाने के लिए प्रशासन का ध्यान आकर्षित करना था।

# हाई कोर्ट ने पेंशन से रिकवरी के आदेश पर लगाई रोक

**जबलपुर।** हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति विशाल धगट की एकलपीठ ने पेंशन से रिकवरी के आदेश पर रोक लगा दी। याचिकाकर्ता सिवनी निवासी तुलसा की ओर से अधिवक्ता प्रमेंद्र सेन व योगेश तिवारी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि चार जनवरी, 2021 को एक पत्र जारी कर याचिकाकर्ता के पति स्व. रामदयाल की पेंशन से रिकवरी की कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई। अवगत कराया गया कि पेंशन से कुल दो लाख 51 हजार 861 रुपये की वसूली होनी है। इस पर ब्याज भी लगेगा। इससे याचिकाकर्ता हलकान हो गई। ऐसा इसलिए क्योंकि कटौती के बाद मिलने वाली रकम से परिवार का पोषण संभव नहीं होगी। इसीलिए हाई कोर्ट की शरण ली गई। कोर्ट ने रफीक मसीह सहित अन्य न्यायदृष्टांतों के अनुरूप प्रथमदृष्ट्या पाया कि इस तरह सेवनिवृत्त कर्मी की पेंशन से रिकवरी नहीं की जा सकती।



# जमतरा पट्टा विवाद: पट्टाधारी परिवारों ने जिला कलेक्टर से न्याय की मांग की

**जबलपुर।** जनसुनवाई के अवसर पर जिले के पट्टाधारी परिवारों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर अपने अधिकारों की रक्षा हेतु न्याय की गुहार लगाई। ज्ञापन में बताया गया कि उन्हें 1996 में जमतरा पटवारी हल्का नंबर 50 में रहने के लिए पट्टा जारी किया गया था। इस पटवारी हल्का में लगभग 12–13 परिवार निवासरत हैं, जिनमें संतराम सेन, रमेश प्रसाद यादव, जगन लाल यादव, छेदमी लाल झरिया, प्रभा बाई यादव, दिनेश कुमार झारिया, गीता बाई झारिया, मुन्ना लाल यादव, बलिराम यादव, खुशी लाल यादव, प्यारेलाल यादव, नीलम आरमें आदि शामिल हैं। ज्ञापन में कहा गया कि प्रियंका पांडे और उनके पति संदीप पांडे के कथित मिलीभगत के तहत न्यायालय और अतिरिक्त तहसीलदार रांझी ने 11 फरवरी को सभी कब्जाधारियों के नाम पर 6 मार्च तक कब्जा हटाने का नोटिस जारी किया। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि प्रियंका पांडे ने खसरा नंबर 121 क्रय किया है, जबकि वे सभी पट्टाधारी खसरा नंबर 122 पर काबिज हैं और इसका टैक्स नियमित रूप से चुकाते आ रहे हैं। पट्टाधारी परिवारों ने जिला कलेक्टर से न्याय और उचित कार्रवाई की मांग की।

# आज नज़र आ सकता है रमज़ान माह का चाँद

**जबलपुर।** मुफ्ती-ए-आज़म मध्यप्रदेश हज़रत मौलाना डॉक्टर मुशाहिद रज़ा क़ादरी बुरहानी के अनुसार आज 18 फरवरी, बुधवार, मुताबिक़ 29 शाबान को रमज़ान माह का चाँद नज़र आने की उम्मीद है। लिहाज़ा आज शाम मगरिब के वक़्त चाँद देखने की पूरी कोशिश करें। चाँद नज़र आने पर तुरंत मौलाना साहब के मोबाइल नंबर +91 93022 56729 पर सूचना दें, ताकि राब्ता कायम कर आम तौर पर चाँद का ऐलान किया जा सके। चाँद की तस्दीक़ के बाद ही रमज़ान शरीफ़ के रोज़ों एवं तरावीह की शुरुआत का एलान किया जाएगा। शहर की मस्जिदों और मदरसों में भी रमज़ान की तैयारियाँ लगभग पूरी कर ली गई हैं।

# जिला स्तरीय कॅरियर मेला कल

**जबलपुर।** स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना एवं जिला रोजगार कार्यालय, जबलपुर के संयुक्त तत्वाधान में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल स्वशासी महाविद्यालय जबलपुर में "एक दिवसीय युवा संगम रोजगार एवं स्वरोजगार जिला स्तरीय कॅरियर अवसर मेला" दिनांक कल 19 फरवरी सुबह 10.30 बजे से महाविद्यालय के प्रेक्षागृह में आयोजित किया जा रहा है। उक्त मेला आयोजन का पोस्टर आज रिलीज किया गया। इस अवसर पर प्रो. अरुण शुक्ल, मेला संयोजक ने बताया कि यह जबलपुर जिले के युवाओं के लिए प्लेसमेंट का सुनहरा अवसर है।

# रगत शैक्षिक अध्ययन संस्थान में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का पंचम दिवस संपन्न

**जबलपुर।** प्रगत शैक्षिक अध्ययन संस्थान में दिनांक 17 फरवरी को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता 2025-26 के पंचम दिवस का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती एफ. इक्का और विशिष्ट अतिथियों श्री शानू यादव, डॉ. प्रशांत मिश्रा (म.प्र. खेल प्रकोष्ठ / कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष), श्री राहुल सरीन (अंतर्राष्ट्रीय बॉडी बिल्डर) एवं संभाग प्रभारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के क्रीड़ा प्रभारी और अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी शेख मुनीर विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन प्रदीप तिवारी, फाइल वर्क आशीष तिवारी एवं संपादन सतीश उपाध्याय द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के आचार्यगण भी उपस्थित रहे, जिनमें डॉ. ए.एन. माथुर, डॉ. ज्योत्सना दुबे, श्रीमती ललिता सप्रा, श्रीमती अर्चना दुबे, जी.पी. यादव, कु. रीनू मोर, डॉ. ज्योति खरे, डॉ. आर.एन. पटेल, श्री विनीत सिंह चौहान, केशव नंदन पटेरिया, श्रीमती अल्पना खरे, डॉ. सारिका चौकसे, श्रीमती मेधना सिंह ठाकुर शामिल थे। कार्यक्रम में संभाग के विभागीय शिक्षक, गैर-विभागीय छात्राध्यापक एम.एड., बी.एड. और अन्य छात्र-शिक्षक भी शामिल हुए। सत्यप्रकाश त्यागी, संतोष तिवारी, कालीचरण राय, अमित ठाकुर, अरविंद तिवारी, राजेश तावबाडे, छवि त्रिपाठी, राकेश अग्रवाल, मनोरमा जैन सहित सभी का सहयोग सराहनीय रहा। कार्यक्रम के बीच-बीच में मनीषा धुर्वे और अनुज जैन द्वारा गीत गायन प्रस्तुत किया गया, जिससे कार्यक्रम का माहौल और भी जीवंत और उत्साहपूर्ण बना।



**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 12 , घंटाघर नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्रं.सं.अधि./सं.क्र.12/2025-26/एम-46
दिनांक:- 10/02/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री कमल कुमार अरोरा पिता श्री पुरूषोत्तम दास अरोरा ने मकान नं. 59/7, का भाग वार्ड लोक मान्य तिलक कुल क्षेत्रफल 280 व.फु., निर्मित क्षेत्रफल मेजनाइन तल 280 व.फु., भूतल 280 व.फु., मृत्यु प्रमाणपत्र /वसीयतनामा के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-12 घंटाघर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.12 घंटाघर
नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 12 , घंटाघर नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्रं.सं.अधि./सं.क्र.12/2025-26/एम-47
दिनांक:- 17/02/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री संजय कुमार अरोरा पिता श्री पुरूषोत्तम दास अरोरा ने मकान नं. 59/7, का भाग वार्ड लोक मान्य तिलक कुल क्षेत्रफल 534 व.फु., निर्मित क्षेत्रफल मेजनाइन तल 534 व.फु., भूतल 534 व.फु., मृत्यु प्रमाणपत्र / वसीयतनामा के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-12 घंटाघर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.12 घंटाघर
नगर निगम, जबलपुर

**न्यायालय तहसीलदार तहसील आधारताल, जबलपुर**
रा.प्र.क्रं/3152/6/2025-2026 जबलपुर, दिनांक 2/2/26

**आम इश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमति अनसुईया सेन वगै. पिता स्व. मुन्नालाल सेन निवासी शुक्ला का बाड़ा करमचंद्र चौक जबलपुर के द्वारा मौजा- नजूल ब्लॉक नंबर 79 प्लॉट नंबर 33/6 स्थित भूमि खसरा नंबर- में से रकवा 561 वर्गफुट भूमि पर मुन्नालाल सेन की मृत्यु दिनांक 22/05/2025 को हो जाने के कारण वर्तमान राजस्व अभिलेखों में नाम दर्ज किये जाने हेतु विक्रय पत्र/ फौती/ वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र सहित अन्य दस्तावेज संलग्न कर आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 21/2/26 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकती है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात् प्रस्तुत दावा/ आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक-2/2/26
पेशी दिनांक-21/2/26
मुद्रा
तहसीलदार
अधारताल,जबलपुर

**न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर**
रा.प्र.क्रं/1434/अ-6/2025-26

**आम इश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक डेविड लाल S/o स्व. श्री जोसेफ छोटे लाल नि.-15 केरवस साउथ सिविल लाईन ने नजूल ब्लाक नं.- प्लाट नं.- रकवा 1000 व.फु./हे. ग्राम राँझी प.ह.नं.-22/25 खसरा नं.-159/4 रकवा 1000 व.फु./हे. पर विक्रय पत्र/ हक त्याग/ वसीयतनामा/ दानपत्र/ वारसान हक/ दिनांक- 10/02/2004 मृत्यु दिनांक- को हो जाने के कारण वारसान हक/ क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र- खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है।

प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा/पटवारी/ डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल ब्लाक नं.- प्लाट नं.- रकवा-1000 व.फु.हे. / ग्राम-राँझी प.ह.नं.-22/25 खसरा नं.-159/4 रकवा-1000 व.फु./हे. पर के नाम दर्ज है।

अत: किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 27/02/2026 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

इश्तहार आज दिनांक 11/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक-11/02/2026
पेशी दिनांक-27/02/2026
मुद्रा
तहसीलदार
रांझी, जबलपुर

# कस्टम मिलिंग के बकाये ने तोड़ी राइस मिलर्स की कमर, दो साल का 1000 करोड़ बाकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ में राइस मिलरों का पिछले 2-3 वर्षों से कस्टम मिलिंग का लगभग एक हजार करोड़ रुपए से अधिक का भुगतान बकाया है। विलंब के कारण मिलर्स को धान की मिलिंग में परेशानी हो रही है। मजदूरों को भुगतान और परिवहन के कार्यों के लिए कई मिलर्स को आर्थिक संकट का सामना करना पड रहा है। मिलर्स की हालत खस्ता होने के कारण पुरानी बकाया राशि का जल्द भुगतान के लिए बार बार आग्रह किया जा रहा है। बिलों का भुगतान नहीं होने के कारण नई धान की मिलिंग को लेकर अनिश्चितता के हालात हैं, जिसका सीधा असर धान की मिलिंग पर पड़ सकता है। धान खरीदी पूरी होने के बाद सोसाइटियों में धान जाम होने की एक बड़ी वजह यह भी है। प्रदेश में करीब 4 हजार मिलर्स हैं, जिनमें 32 सौ मिलर्स मिलिंग कार्य कर रहे हैं। इन मिलरों को वर्ष 2023-24 और 2024-25 के धान की मिलिंग का भुगतान नहीं किया गया है। पिछले साल के बकाये के संदर्भ में बताया गया है कि मिलर्स ने पिछले साल धान का उठाव किया था लेकिन उसका चावल अब तक एफसीआई में जमा नहीं किया गया है। कई मिलरों के पास पिछले साल का धान आज भी रखा हुआ है। चावल जमा होने के बाद ही भुगतान किया जाता है। अलबत्ता उससे पहले साल की मिलिंग पूरी होने के बाद भुगतान रोका गया। यही वजह है कि मिलर्स परेशान हैं। दो साल से भुगतान अटकने का असर इस साल मिलिंग में पड़ सकता है। ऐसा कहा जा रहा है कि नान में जमा किए जाने वाले चावल की मात्रा पूरी होने के बाद एफसीआई का रैक न मिलने के कारण दो माह से चावल जाम पड़ा हुआ है। रैक मिलने पर पिछले साल का चावल पहले जमा किया जाएगा। उसके बाद इस साल के धान की मिलिंग की प्रक्रिया शुरू होगी।

## धान खरीदी पूरी होने के बाद भुगतान का मिला है आश्वासन

### अब तक 66 लाख टन का उठाव

प्रदेश में धान खरीदी पूरी होने के बाद मिलर्स ने अब तक 66 लाख टन से अधिक धान का उठाव किया है। धान खरीदी पूरी होने के बाद मिलरों को डीओ जारी किए जा रहे हैं। अब मिलिंग तेजी ये शुरू होगा। उसके पूर्व पिछले साल के धान की मिलिंग का प्रोग्रेस देखकर उन मिलरों का ही उठाव करने का आदेश दिया जा रहा है। राज्य सरकार ने इस बार 141 लाख टन धान की खरीदी की है।



### एसोसिएशन ने शीघ्र भुगतान की मांग की

राइस मिलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष कांति लाल बोथरा ने बताया कि धान की मिलिंग के एवज में वर्ष 2023-24 और 2024-25 में जिन मिलरों ने मिलिंग किया था उनका करीब 1000 करोढ़ रुपए का भुगतान बाकी है। अभी भी कुछ मिलरों ने पिछले साल की मिलिंग का कार्य पूरा नहीं किया है, उनका भी भगुतान रुका हुआ है। राज्य सरकार से एसोसिएशन ने शीघ्र भुगतान करने की मांग की है। राज्य सरकार ने धान खरीदी पूरी होने के बाद भुगतान की प्रक्रिया शुरू करने का आश्वासन दिया है।

# जेईई में रेजोनेंस ने फिर लहराया अपना परचम

**कोटा।** रेजोनेंस ने एक बार फिर उत्कृष्ट परिणाम देकर अपनी शैक्षणिक श्रेष्ठता सिद्ध की है। हाल ही में घोषित जेईई (मेन) 2026 जनवरी सत्र के परिणामों में रेजोनेंस के विद्यार्थियों ने प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। संस्थान से कुल 105 विद्यार्थियों ने (99 क्लासरूम, 6 दूरस्थ) 99 परसेंटाइल से अधिक अंक अर्जित किए हैं. जिससे उन्होंने जेईई (एडवांस्ड) परीक्षा में उत्कृष्ट रैंक हेतु अपनी मजबूत दावेदारी सुनिश्चित की है। कोटा केन्द्र से सफल विद्यार्थियों में स्नेहिल आनंद. वंश अरोडा, हर्षवर्धन रघुवंशी, दिव्यांश अग्रवाल. कुलवीर सिंह, स्वयंदीप साहू, पारिजात चतुर्वेदी, अनुपम पाल, आदित्य राज, हर्ष अग्रवाल, गौतम आनंद, लक्ष्य शुक्ला, अनंत त्रिपाठी, पार्थ कुमार, मयंक राज, आदित्य आनंद, प्रथम सुमन, नमन मित्तल, उज्ज्वल कुमार ने कक्षा 12वीं के साथ यह उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है।




रेजोनेंस के अन्य शिक्षण केंद्रों से भी बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने 99 परसेंटाइल से अधिक स्कोर प्राप्त कर संस्थान की गुणवत्ता को प्रमाणित किया है। परिणाम घोषित होने के बाद विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के साथ इस सफलता का उत्सव मनाया। इस अवसर पर संस्थान के प्रबंध निदेशक आर.के.वर्मा ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कठोर मेहनत, अनुशासन एवं संस्थान के अनुभवी मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने विद्यार्थियों को आगामी परीक्षाओं पर पूर्ण एकाग्रता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। रेजोनेंस द्वारा विद्यार्थियों के लिए जेईई (मेन) अप्रैल प्रयास में प्रदर्शन को और बेहतर बनाने हेतु निःशुल्क विशेषज्ञ मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जा रहा है। इच्छुक विद्यार्थी अपना नाम 73400 10345 पर व्हाट्सऐप के माध्यम से भेजकर इस विशेष सुविधा का लाभ ले सकते हैं। यह सुविधा वर्ष 2026 में परीक्षा देने वाले सभी

अमेरिका के एडमिरल कमांडर ऑपरेशन सिंदूर के हुए मुरीद

# भारत ने संयम, रणनीति और ताकत के जरिए पेश की शांति की मिसाल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिका के हिंद-प्रशांत कमान के कमांडर एडमिरल सैमुअल जे. पपारो ने भारत के ऑपरेशन सिंदूर की जमकर तारीफ की है। पपारो ने कहा कि उनका मानना है कि उस समय भारतीय सेनाओं ने इसमें अद्भुत संयम, रणनीतिक सटीकता और ताकत के जरिए शांति बनाए रखने की मिसाल पेश की। उनका यह बयान ऐसे समय आया है जब हिंद-प्रशांत क्षेत्र में बढ़ती आक्रामकता और जबरदस्ती पर चिंता बढ़ रही है और साथ ही भारत-अमेरिका रक्षा साझेदारी को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की बात हो रही है। अमेरिकी नौसेना के एडमिरल पपारो नई दिल्ली दौरे पर मीडिया से बातचीत करते हुए ऑपरेशन सिंदूर पर विस्तार से बात की।



## पपारो के बयान की चार बड़ी बातें

**संयम की सराहना :** उन्होंने कहा कि हम ऑपरेशन सिंदूर में दिखाए गए संयम की सराहना करते हैं। इसके साथ ही ऐसे अभियानों को देखकर सभी शांतिप्रिय राष्ट्र चिंतित हो जाते हैं। बता दें कि उन्होंने भारत की ताकतिक निष्पादन और आत्ममंथनकी भी तारीफ की, जिसमें ऑपरेशन के बाद सबक सीखने पर गंभीरता दिखाई गई।

**चीन से जुड़े सबक :** इसके साथ ही पाकिस्तान के चीनी मूल के हथियारों के इस्तेमाल पर उन्होंने कहा कि इससे बहुत सबक मिले हैं। लंबी दूरी के हथियारों और किल चेन की जटिलता पर फोकस जरूरी है। फिलहाल उन्होंने स्पष्ट रूप से चीन का नाम नहीं लिया, लेकिन क्षेत्र में बढ़ती 'कोएर्शन और एग्रेशन' पर गंभीर चिंता जताई।

**भारत-अमेरिका संबंध:** 'हमारी साझेदारी का डिटरेंस पर एक्सपोनेंशियल प्रभाव पड़ता है, क्योंकि यह शांति बनाए रखने के साझा उद्देश्य को दिखाता है, विशेष रूप से समुद्री क्षेत्र में। बता दें कि अमेरिका भारत के हिंद महासागर में योगदान की सराहना करता है।

**क्षेत्रीय महत्वः** पपारो ने कहा हिंद-प्रशांत में दुनिया की 60% आबादी, 60% से ज्यादा जीडीपी और टॉप 10 सेनाओं में से 7 इसी क्षेत्र में हैं।

भारतमाता के जयकारे के साथ स्मारक ध्वस्त

# माओवादियों के स्मारकों पर चला बुलडोजर




हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सुकमा जिले में किस्टाराम इलाके में बने नक्सलियों के स्मारकों पर एक बार फिर बुलडोजर चलाकर जमीदोंज कर दिया गया है। भारतमाता के जयकारे के साथ ग्रामीणों की मौजूदगी में मारे गए शीर्ष नक्सलियों के बने स्मारकों को ध्वस्त कर जवानों ने ग्रामीणों के मनोबल को बढ़ाते हुए नक्सलियों के खौफ को कम करने लगातार प्रयास कर रही है। खुफिया इनपुट के बाद यह कार्रवाई सीआरपीएफ 217 व 212 बटालियन के जवानों ने कमांडेंट दीपक कुमार श्रीवास्तव और विजय शंकर के नेतृत्व में जिला पुलिस के साथ मिलकर सोमवार सुबह से शुरू की। टीम को सूचना मिली थी कि नक्सल प्रभावित सुकमा जिले के किस्टाराम थाना क्षेत्र में माओवादियों के प्रचार के प्रमुख हथियार स्मारक बनाए गए है। इसी सूचना पर संयुक्त टीम ने मुरियापारा गांव में नक्सलियों के तीन खास स्मारकों को ग्रामीणों की मौजूदगी में ध्वस्त कर दिया। ये स्मारक सीनियर माओवादी नेता वंजम हिडमा, बलदेव समर और धर्मा समर के नाम पर बनाए गए थे जो संगठन के प्रचार-प्रसार और स्थानीय जनता पर मनोवैज्ञानिक दबाव बनाने के लिए इस्तेमाल हो रहे थे।

### सीआरपीएफ जिंदाबाद व पाकिस्तान मुर्दाबाद के लगे नारे

ग्रामीणों की मौजूदगी में जिस समय स्मारकों को बुलडोजर से गिराया जा रहा था उस दौरान इलाके में खुशी की लहर दौड़ गई। स्थानीय आदिवासियों ने तालियां बजाईं और भारत माता की जयकारे के साथ ही पाकिस्तान मुदार्बाद व सीआरपीएफ जिंदाबाद के नारे लगाए। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने बताया कि यहां बने स्मारक हमें हमेशा डराते रहते थे। अब हम बेखौफ होकर जी सकेंगे।

# अदाणी ग्रुप का एआई इंफ्रास्ट्रक्चर में 9 लाख करोड़ रुपये निवेश

**नई दिल्ली।** अदाणी ग्रुप ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) इंफ्रास्ट्रक्चर में 100 बिलियन अमेरिकी डॉलर (करीब 9 लाख करोड़ रुपये) के निवेश की घोषणा की है। यह निवेश वर्ष 2035 तक रिन्यूएबल एनर्जी से संचालित हाइपरस्केल एआई-रेडी डेटा सेंटर और संबंधित बुनियादी ढांचे के विकास पर केंद्रित होगा। यह योजना AdaniConneX के मौजूदा 2 गीगावॉट डेटा सेंटर नेटवर्क पर आधारित है, जिसे 5 गीगावॉट तक विस्तारित किया जाएगा। समूह की Google के साथ विशाखापत्तनम में गीगावॉट-स्तरीय एआई डेटा सेंटर कैंपस विकसित करने की साझेदारी है। नोएडा, हैदराबाद और पुणे में Microsoft के सहयोग से भी कैंपस स्थापित किए जाएंगे। साथ ही Flipkart के साथ डेटा सेंटर साझेदारी को और मजबूत किया जाएगा। कंपनी के अनुसार, इस निवेश से 150 बिलियन डॉलर (करीब 14 लाख करोड़ रुपये) के अतिरिक्त निवेश आकर्षित होने की उम्मीद है। इससे इस दशक में भारत में कुल 250 बिलियन डॉलर (करीब 22 लाख करोड़ रुपये) का एआई इंफ्रास्ट्रक्चर इकोसिस्टम विकसित हो सकता है। ऊर्जा आपूर्ति के लिए Adani Green Energy के 30 गीगावॉट खावड़ा प्रोजेक्ट को आधार बनाया जाएगा। समूह ने अपने रिन्यूएबल पोर्टफोलियो के विस्तार के लिए 55 बिलियन डॉलर के अतिरिक्त निवेश की प्रतिबद्धता जताई है। समूह के चेयरमैन Gautam Adani ने कहा कि भारत एआई क्रांति में केवल उपभोक्ता नहीं बल्कि इंटेलिजेंस का निर्माता और निर्यातक बनेगा।

संसद परिसर में कुत्ता लेकर पहुंचीं थीं

# रेणुका चौधरी को दिया गया विशेषाधिकार हनन का नोटिस

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कांग्रेस नेता और राज्यसभा सदस्य रेणुका चौधरी को अपनी कार में एक आवारा कुत्ते को संसद परिसर में लाने और सांसदों के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया गया है। सूत्रों ने बताया कि भाजपा सांसद बृजलाल और इंदु बाला गोस्वामी ने चौधरी के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया। राज्यसभा की विशेषाधिकार समिति ने चौधरी के खिलाफ एक शिकायत पर संज्ञान लिया है। रेणुका को 23 फरवरी तक आरोपों का जवाब देने के लिए कहा गया है। कांग्रेस सांसद रेणुका चौधरी द्वारा संसद परिसर में कुत्ता लाने पर सीआईएसएफ के अतिरिक्त महानिदेशक विजय प्रकाश ने सोमवार को स्पष्ट किया कि सदन परिसर में पालतू जानवरों की अनुमति नहीं है।

### रेणुका चौधरी ने यह की थी टिप्पणी

जब कुछ सदस्यों ने आपत्ति जताई तो उन्होंने कहा था कि 'अंदर बैठे लोग काटते हैं, कुत्ते नहीं।' नोटिस के बारे में पूछे जाने पर चौधरी के कार्यालय के सूत्रों ने कहा कि वह संसदीय नियमों, मानकों, परंपराओं और प्रक्रियाओं के तहत जवाब देंगी।

पहलगाम हमले के बाद से थे बंद

# जम्मू-कश्मीर में 14 टूरिस्ट स्पॉट फिर से खोले गए



एजेंसी ▶▶| जम्मू

जम्मू-कश्मीर के लेफ्टिनेंट गवर्नर मनोज सिन्हा ने केंद्र शासित प्रदेश में बंद 14 टूरिस्ट स्पॉट को फिर से खोलने का ऐलान किया। लेफ्टिनेंट गवर्नर ने कहा कि पूरी सिक्योरिटी रिव्यू और चर्चा के बाद मैंने कश्मीर और जम्मू डिवीजन में और टूरिस्ट स्पॉट फिर से खोलने का ऑर्डर दिया है। घूमने वाली इन जगहों को पिछले साल अप्रैल में हुए पहलगाम अटैक के बाद से बंद कर दिया गया था। इस आतंकी हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिसमें से 25 टूरिस्ट थे।**इन पर्यटन स्थलों पर होगी आवाजाही :** पकश्मीर डिवीजन में 11 टूरिस्ट स्पॉट - यूसमर्ग, बडगाम में दूधपथरी, कोकरनाग में दांडीपोरा पार्क, पीर की गली, शोपियां में दुबजान और पड़पावन, श्रीनगर में अस्तनपोरा, ट्यूलिप गार्डन, थजवास ग्लेशियर, गंदेरबल में हंग पार्क और बारामूला में वुलर/वतलाब को फिर से खोला जाएगा।

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृष** — आत्मसंयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। मन प्रसन्न

**मिथुन** — किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क** — जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। वाणी में सौम्यता रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**सिंह** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** — मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन मिल सकता है। अपनी भावनाओं को वश में रखें।

**वृश्चिक** — मन में नकारात्मक विचारों से बचें। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे।

**धनु** — आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। घर-परिवार में धार्मिक एवं मांगलिक कार्य हो सकते हैं।

**मकर** — क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। पिता से धन मिल सकता है। मन प्रसन्न रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कुंभ** — मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। माता का सहयोग मिलेगा।

**मीन** — पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। वाणी में मधुरता रहेगी। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे।

# एएम/एनएस इंडिया ने वैल्यू-एडेड स्टील श्रृंखला का विस्तार किया

**दिल्ली।** AM/NS India ने अपनी वैल्यू-एडेड स्टील श्रृंखला का विस्तार किया है, जिसमें विश्वस्तरीय ब्रांडेड उत्पाद Vibrance और Optima शामिल हैं। ये उत्पाद घरेलू उपकरण और औद्योगिक विनिर्माण क्षेत्र को उच्च गुणवत्ता वाली कोटेड स्टील प्रदान करेंगे। इस पहल का उद्देश्य "मेक इन इंडिया" और आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को सशक्त करना है। इसके साथ ही यह पीएमएलआई (PLI) योजनाओं के अनुरूप भारत के विनिर्माण क्षेत्र में नई गति प्रदान करेगा। भारत में उपभोक्ता बाजार तेजी से प्रीमियम श्रेणी की ओर बढ़ रहा है, जहां आकर्षक फिनिश और डिज़ाइन-आधारित उपकरणों की मांग में लगातार वृद्धि हो रही है। वर्तमान में भारत में कोटेड स्टील की वार्षिक मांग लगभग 11.1 मिलियन टन है और आने वाले वर्षों में इसमें 8-10% वार्षिक वृद्धि की संभावना जताई जा रही है। श्री रंजन धर, डायरेक्टर एवं वाइस प्रेसिडेंट – सेल्स और मार्केटिंग, AM/NS India ने कहाः "OEM कंपनियों के लिए कच्चे माल का चयन सीधे उत्पादकता, लागत और दीर्घकालिक प्रदर्शन पर प्रभाव डालता है। इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए AM/NS Vibrance और AM/NS Optima को हमारी ब्रांडेड स्टील श्रृंखला में शामिल किया गया है। ये उत्पाद OEM कंपनियों को अधिक उत्पादकता, मूल्य सृजन और नवाचार में सहायता प्रदान करेंगे।" इस कदम से AM/NS India अपने ब्रांडेड स्टील उत्पादों के माध्यम से नवाचार और उच्च गुणवत्ता वाले स्टील समाधानों के लिए भारत में प्रमुख और विश्वसनीय भागीदार के रूप में अपनी स्थिति मजबूत करेगा।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**निर्देशात्मक सुचना**
क्र.पी/एनएजी/आरसीटी/2024/11/2
दिनांक : 12.02.2026
द.पू.म.रेलवे, नागपुर मंडल में मानदेयी विजिटिंग विशेषज्ञ (HVS) - फिजिशियन का एंगेजमेंट
पॉलीक्लिनिक/मोतीबाग, नागपुर में एचवीएस (फिजिशियन) विशेषज्ञ के 01 (एक) पद के विरुद्ध विशुद्ध रूप से वार्षिक अनुबंध के आधार पर, 01 वर्ष के लिए प्रतिदिन 02 घंटे/सप्ताह में 06 दिन के लिए मानद विजिटिंग विशेषज्ञ को नियुक्त करने का प्रस्ताव है।
ईमेल द्वारा आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 27.02.2026 है। दिनांक 27.02.2026 के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।
इस संबंध में अधिक जानकारी एवं अन्य विवरण द.पू.म. रेलवे की वेबसाइट https://secr.indianrailways.gov.in. पर उपलब्ध हैं। पथ निम्नानुसार है: -
Recruitment/News/Press Release > Recruitment > Nagpur Division> Fresh engagement of Honorary Visiting Specialist (HVS) - Physician
मंडल कार्मिक अधिकारी
वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारियों के लिए
द.पू.म.रेलवे/नागपुर
AAA/74/317
स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

**सार्वजनिक सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल **श्री ललितकुमार गोपालराव मरसकोल्हे, पिता श्री गोपालराव मरसकोल्हे,** निवासी भंसोली, पोस्ट कानोलिबारा, तहसील हिंगना, जिला नागपुर - ४४००३४, निम्नलिखित कृषि भूमि **खसरा क्रमांक १६४ (s), ग्राम मरहा पाथा, हल्का धोढा, आर.एन.एम. ००११३, तहसील जबलपुर, जिला जबलपुर (म.प्र.)** को **श्री नन्हे लाल, पिता श्री महासिंह गौड़,** निवासी जैतपुरी, कुंडम, जिला जबलपुर (म.प्र.) से क्रय करना चाहते हैं। उक्त संपत्ति किसी भी प्रकार के बंधक, ऋण, दावा, आपत्ति अथवा तृतीय पक्ष अधिकार से मुक्त बताई गई है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति के संबंध में कोई दावा/आपत्ति हो तो वह इस सूचना के प्रकाशन से ७ **दिवस** के भीतर प्रमाण सहित निम्न अधिवक्ता को लिखित सूचना दें, अन्यथा बाद में कोई दावा मान्य नहीं होगा और प्रस्तावित विक्रय कार्यवाही पूर्ण की जाएगी।
**अधिवक्ता अमोल पी. गासे**
र. फ्लैट नं. 303, 'एन विभा एनेक्स' चिमुरकर लेआऊट, जैताला बसस्टॉप के पास नागपुर-440036 मो. 9579461512

**आवश्यकता**
आवश्यकता है - अनुभवी सुरक्षागार्ड, गनमैन, फिल्ड ऑफिसर, सिक्युरिटी सुपरवाइसर, कम्प्यूटर ऑपरेटर, घरेलू कामवाली बाई वेतन योग्यता अनुसार आवास फ्री। पता- साई सिक्युरिटी सर्विस साई निवास कॉम्प्लेक्स जेजे हॉस्पिटल बाजू तोरवा बिलासपुर 8085233213, 8253010291, 722302602, 8889997826 (बिलासपुर /04/मार्च 26)

**छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ**


सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाइड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081
9083218330

## शब्द पहेली - 6142



**बाएँ से दाएँ**
1. मन मोहने वाला-5
5. प्रस्थान करना, रवानगी-5
9. राशिचक्र की दसवीं राशि-3
10. तेल में पकाना-3
11. प्रेम, प्यार-2
13. थोड़ा, जरा-2
14. मैं का बहुवचन-2
15. उम्मीद करना-5
18. धन, संपदा-2
19. पक्षियों की चहचहाट-4
20. अभिप्राय-4
21. सद्, अच्छा-2
22. दम, ताकत-2
23. प्रकाशवान-4
26. ठसाठस-4
29. माईल, दूरी नामपे की इकाई-2
30. क्रोधित होना-2,3
33. विदेशी शराब-2
34. झुका हुआ-2
35. भाग्य (अंग्रेजी-2)
36. आखेट मंच-3
38. खुजली-3
41. मनमोहकता-5
42. नाटक लिखने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. आकर्षक. चिताकर्षक-5
2. वैक्स, मधुज-2
3. अधिकार-2
4. फिल्म 'मदर इंडिया' की नायिका-4
5. जागरण-4
6. दीवार (अंग्रेजी-2)
7. मां के पिता-2
8. असफल-5
12. गर्भ, कोख-3
13. करामात-3
15. खातिरदारी-5
16. उद्देश्य-2
17. नामकरण-2,3
23. भूस्वामी-2,3
24. सही का विलोम-3
25. मृत्यु-2
27. इमामदस्ता-3
28. कांतिमान, चमकीला-5
31. उदारता, बड़प्पन-4
32. मालगोदाम-4
36. रत्न, नग-2
37. टी, चहा-2
39. याचिका, वाद (अंग्रेजी-2)
40. वहम, संदेह-2

### शब्द पहेली -6141 का हल



## सूडोकु नवताल - 6152

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 1 | | | | 2 | 5 | |
| 2 | | | | | | | | 9 |
| 5 | | | 1 | | 7 | 4 | | |
| 9 | 5 | | | 4 | | | 2 | |
| | | 3 | 9 | | 6 | 7 | | |
| | 7 | | | 8 | | | 1 | 5 |
| | | 7 | 2 | | 5 | | | 1 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| | 1 | 5 | | | | 6 | 9 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 6151 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 |
| 8 | 7 | 3 | 1 | 4 | 5 | 2 | 9 | 6 |
| 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 3 | 5 | 4 |
| 1 | 6 | 7 | 9 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 |
| 3 | 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 6 | 2 | 9 |
| 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 3 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 8 | 7 | 2 | 4 | 5 | 6 | 1 |



# ऑस्कर विनर एक्टर के लिए अनुपम ने लिखा भावुक पोस्ट

**मुंबई।** हॉलीवुड के मशहूर एक्टर, फिल्म प्रोड्यूसर और ऑस्कर विनर रॉबर्ट डुवैल का 95 साल की उम्र में निधन हो गया। रॉबर्ट डुवैल ने 'द गॉडफादर' जैसी कल्ट फिल्म में अपनी दमदार एक्टिंग से दुनिया भर में पॉपुलैरिटी बटोरी थी। एक्टर अनुपम खेर ने रॉबर्ट डुवैल के निधन पर दुख जताया। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर रॉबर्ट डुवैल की तस्वीरें पोस्ट करते हुए लिखा, 'रॉबर्ट डुवैल ऐसे एक्टर थे, जिन्हें ध्यान खींचने के लिए कभी शोर की जरूरत नहीं पड़ी। शांत, सटीक और बहुत सच्चे... वह हर रोल में जबरदस्त गहराई लेकर आए और पर्दे पर कमाल की छाप छोड़ी।



लाइफ Style

# मोना

## स्टार को बीमा पॉलिसी समझते हैं मेकर्स

एजेंसी ▶▶ मुंबई

टीवी की जस्सी के नाम से मशहूर अभिनेत्री मोना सिंह अब इंडस्ट्री की सबसे बिजी अभिनेत्रियों में से एक हैं। वो फिल्मों के साथ-साथ वेब सीरीज में भी लगातार काम कर रही हैं। हाल ही में मोना सिंह नेटफ्लिक्स की सीरीज कोहरा के दूसरे सीजन में नजर आई हैं।

लगातार फिल्मों और सीरीज में अहम भूमिकाएं निभाने के बावजूद मोना सिंह का कहना है कि प्रोड्यूसर्स उनके नाम पर 100 करोड़ रुपए के बजट की फिल्म बनाने का जोखिम नहीं उठाना चाहते। मोना सिंह ने अपने कॅरियर के उस मुकाम पर होने की बात की, जहां वह आसानी से प्रोजेक्ट्स को ठुकरा नहीं सकतीं। अभिनेत्री ने कहा कि यह मेरे द्वारा लिए गए फैसलों की वजह से ही है कि मैं यहां हूं। मैंने प्रासंगिक बने रहने और अपने सिद्धांतों पर कायम रहने की कोशिश की है। इसलिए मैंने कई प्रोजेक्ट्स को मना किया है। हालांकि, मना करना कभी आसान नहीं होता। मुझे लगता है कि जीवन में मुझे पता है कि मैं क्या नहीं चाहती। यह स्पष्टता अब मेरे भीतर है।अभिनेत्री ने आगे कहा कि निर्माता सितारों को एक बीमा पॉलिसी की तरह देखते हैं, ताकि उन्हें अपना पैसा वापस मिल सके। पोस्टर पर एक स्टार बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की गारंटी देता है। फिल्म निर्माण आखिरकार एक व्यवसाय है। आप जानते हैं कि आप निवेश कर रहे हैं और आपको उससे कहीं अधिक पैसा वापस मिलने की उम्मीद है। दूसरी ओर किरदार सिर्फ सर्विस प्रोवाइडर बनकर रह जाते हैं। यही सच्चाई है। अगर आप मेरी मुख्य भूमिका वाली 100 करोड़ रुपए की फिल्म की बात कर रहे हैं, तो मुझे ऐसा होता हुआ नहीं दिख रहा है।

हॉलीवुड मसाला




# डैनी के साथ शेयर की तस्वीरें

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेता ड्वेन जॉनसन ने फिल्म 'जुमांजी 3' की शूटिंग को लेकर अहम जानकारी सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की हैं। फैंस के बीच 'द रॉक' के नाम से मशहूर ड्वेन ने फिल्म के सेट से कुछ खास तस्वीरें शेयर कर फैंस को खुश कर दिया है। 17 फरवरी को ड्वेन जॉनसन ने इंस्टाग्राम पर एक भावुक पोस्ट शेयर कर बताया कि फिल्म 'जुमांजी 3' के लिए उनके सह-कलाकार डैनी डेविटो की शूटिंग पूरी हो गई है। उन्होंने डैनी और केविन हार्ट के साथ कुछ तस्वीरें शेयर कीं।



# स्पाई-थ्रिलर सीरीज तेहरान से मिली थी पहचान...

**लॉस एंजिल्स।** इस्राइली प्रोड्यूसर डाना ईडन का 52 साल की उम्र में निधन हो गया है। डाना एक होटल में मृत अवस्था में पाई गईं। वो एमी पुरस्कार विजेता जासूसी थ्रिलर 'तेहरान' की सह-निर्माता थीं। इस्राइल के पब्लिक ब्रॉडकास्टर 'कान' ने डाना ईडन के निधन की जानकारी दी है। इसके मुताबिक, वो ग्रीस में 'तेहरान' के चौथे सीजन की शूटिंग कर रही थीं। डाना ईडन को इस्राइल की सबसे सफल और प्रभावशाली टेलीविजन प्रोड्यूसर्स में गिना जाता था। वह हिट सीरीज 'तेहरान' की सह-निर्माता और क्रिएटर थीं। उन्होंने अपने करियर में कई चर्चित टीवी प्रोजेक्ट्स पर काम किया। जिनमें 'सेविंग्स द वाइल्डलाइफ', 'शी हैज इट', 'मैगपाई' और 'शाकशौका' जैसे शोज के जरिए उन्होंने अपनी पहचान बनाई। डाना ईडन ने अपने प्रोफेशनल पार्टनरशिप प्रोड्यूसर शूला स्पीगल के साथ मिलकर डोना और शुला प्रोडक्शंस की स्थापना की थी।



# आगे खिसकी गबरू की रिलीज डेट...


**मुंबई।** सनी देओल अभिनीत फिल्म 'बॉर्डर 2' बॉक्स ऑफिस पर जबर्दस्त तरीके से सफल हुई है। इस बीच वे अपने आगामी प्रोजेक्ट्स को लेकर चर्चा में हैं, जिनमें फिल्म 'गबरू' का भी नाम है। पहले यह फिल्म मार्च में रिलीज होने वाली थी। मगर, अब दर्शकों को इसके लिए थोड़ा इंतजार करना पड़ेगा। रिलीज डेट में बदलाव किया गया है। शशांक उदयपुरकर निर्देशित यह फिल्म पहले 13 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी। मगर, अब इसमें बदलाव कर दिया गया है। यह फिल्म 8 मई को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। हाल ही में सनी देओल ने 'गबरू' को अपने दिल के सबसे करीब फिल्मों में से एक बताया। रणवीर सिंह की 'धुरंधर 2' और यश की 'टॉक्सिक' 19 मार्च को रिलीज हो रही हैं। फिल्म 'गबरू' को विशाल राणा और ओम छंगानी के प्रोड्यूस किया है।



# तुम्बाड 2 के लिए विलेन की तलाश जारी

**मुंबई।** साल 2018 में रिलीज हुई सोहम शाह की हॉरर फिल्म तुम्बाड थिएटर के बाद डिजिटल पर जबरदस्त रिएक्शन मिला था। फिल्म की कहानी, एक्टिंग ने ऑडियंस और गहरी छाप छोड़ी थी। अब सोहम शाह इस तुम्बाड 2 बना रहे हैं। फिल्म पर काम इस साल की शुरुआत में शुरू हो गया है। अब विलेन के सिलेक्शन पर काम चल रहा है। ताजा रिपोर्ट की मानें तो तुम्बाड 2 के लिए धुरंधर के रहमान डकैत अक्षय खन्ना और नवाजुद्दीन सिद्दीकी का नाम सामने आ रहा है। दोनों में से कोई एक हॉरर फिल्म का विलेन बन सकता है। इस फिल्म से जुड़े सूत्र ने एक पोर्टल को जानकारी देते हुए बताया है कि तुम्बाड 2 में एक पावरफुल विलेन का किरदार अहम है। फिल्म की कहानी इसी किरदार के इर्द गिर्द रची गई है। इस विलेन का किरदार इंटेस और कई परतों से बना हुआ है।

टीवी मसाला




# फिल्म की शूटिंग खत्म करते ही शादी के बंधन में बंधेंगी...

**नई दिल्ली।** कृतिका कामरा और गौरव कपूर इस मार्च शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। शादी से पहले दोनों अपने-अपने प्रोफेशनल कमिटमेंट्स को पूरा करने में व्यस्त हैं, ताकि जश्न के दौरान वे पूरी तरह फ्री रह सकें। कृतिका अपनी नई फिल्म की शूटिंग खत्म करने में जुटी हैं, जबकि गौरव एक बड़े स्पोर्ट्स टीवी और एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री की जानी-मानी जोड़ी कृतिका कामरा और गौरव कपूर अपने जीवन के सबसे खास पड़ाव की ओर बढ़ रहे हैं। दोनों इस मार्च शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं और जैसे-जैसे तारीख नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे उनकी जिंदगी में उत्साह बढ़ते नजर आ रहे हैं। शादी से पहले दोनों अपने-अपने प्रोफेशनल कमिटमेंट्स को पूरा करने में पूरी तरह जुटे हुए हैं, ताकि जब जश्न का समय आए तो वे बिना किसी चिंता के हर पल को जी सकें। कृतिका इन दिनों एक इंडिपेंडेंट फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। यह प्रोजेक्ट लगातार चलने वाले शेड्यूल में शूट हो रहा है और उम्मीद है कि मार्च के पहले सप्ताह तक इसका काम पूरा हो जाएगा। लंबे शूटिंग घंटों के बावजूद कृतिका शादी की तैयारियों पर भी उतना ही ध्यान दे रही हैं। उनके करीबी बताते हैं कि वह चाहती हैं कि शादी के समय उनका कैलेंडर पूरी तरह खाली हो, ताकि वह इस नए सफर की शुरुआत पूरे सुकून और खुशी के साथ कर सकें। वहीं, गौरव कपूर भी अपने काम में व्यस्त हैं। वह इन दिनों एक बड़े स्पोर्ट्स इवेंट की मेजबानी कर रहे हैं और लगातार शूट व लाइव शेड्यूल में व्यस्त हैं।

## अवनीत कौर का मिस्ट्री मैन कौन

**नई दिल्ली।** अवनीत कौर ने इस वैलंटाइंस डे पर एक ऐसी तस्वीर शेयर की जिसके बाद से उनके मिस्ट्री मैन को लेकर चर्चा शुरू हो गई है।



हालांकि, अवनीत ने वो पोस्ट डिलीट तो कर दिया लेकिन अब वो सवालों के घेरे में फंस गई हैं। पहले तो उन्होंने वैलंटाइंस डे पर सरेआम प्यार का इजहार किया और फिर अपनी वो पोस्ट डिलीट कर डाली। बताया जा रहा है कि ये मिस्ट्री मैन कोई और नहीं, बल्कि राघव शर्मा हैं। हालांकि, भले अवनीत ने वो फोटो डिलीट कर दी लेकिन अब चर्चा है कि क्या एक्ट्रेस राघव शर्मा को डेट कर रही हैं? बताया जा रहा है कि राघव देसी म्यूजिक फैक्ट्री के को-फाउंडर हैं, जो साल 2022 से अवनीत के साथ अपने रिलेशनशिप को लेकर खबरों में हैं। एक्ट्रेस ने पहले तो पोस्ट किया लेकिन इसे लेकर शुरू होते बवाल को देखते हुए उन्होंने ये सबूत मिटाने की कोशिश की। हालांकि, तब तक ये झलक चारों तरफ फैल चुकी थी। उस तस्वीर में अवनीत डाइनिंग टेबल के दूसरी तरफ बैठे एक शख्स का हाथ पकड़े नजर आ रही थीं और जैसे ही उन्होंने ये पोस्ट किया लोगों ने स्क्रीनशॉट रख लिए थे।


# अभिषेक अब शाहरुख की किंग में आएंगे नजर...

**मुंबई।** अभिषेक बच्चन ने अपने नए लुक को लेकर बात की और बताया है कि ये शाहरुख खान की अपकमिंग फिल्म 'किंग' का हिस्सा है। अब एक्टर के इस नए लुक पर लोग जमकर कॉमेंट करते दिख रहे हैं। अभिषेक बच्चन ने शाहरुख की फिल्म का हिस्सा बनने की बात खुद कही है। पिछले दिनों एक इंटरव्यू मं अपने बदले हुए लुक पर बातें करते हुए अभिषेक बच्चन ये ये बातें बताई हैं। अब फिल्म 'किंग' में उनकी भूमिका को लेकर फैंस काफी एक्साइटेड दिख रहे हैं। इसके अलावा लोगों ने उनके इस लुक की तारीफ भी की है। सुपरस्टार शाहरुख खान अपनी अगली मी फिल्म 'किंग' के साथ एक बार फिर बड़े पर्दे पर अपना जादू बिखेरने के लिए तैयार हैं। 'जवान' के बाद आ रही शाहरुख की इस फिल्म में कई बॉलीवुड सितारे दिखेंगे, जिसे लेकर अब अभिषेक बच्चन ने भी कन्फर्म कर दिया है। अभिषेक बच्चन ने 'किंग' में अपनी भूमिका पर भी बात की। उन्होंने हाल में आयोजित 'ग्लोबल बिजनेस समिट 2026' के एक सेशन के दौरान अपने नए हेयरस्टाइल को लेकर बातें की। जब उनसे उनके नए लुक के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा, 'मुझे इस बात की खुशी है कि आपने मेरे बदले हुए लुक पर ध्यान दिया। जी हां, मैं फिलहाल अपनी नई फिल्म किंग की शूटिंग कर रहा हूं।' हालांकि उनसे ये भी पूछा गया कि क्या वो इस फिल्म के बारे में और बातें करना पसंद करेंगे? इसपर एक्टर ने ना में जवाब दिया और फिल्म के बारे में और कुछ कहने से साफ इनकार कर दिया।



# अधूरी मोहब्बत की ताकत : सैड एंडिंग वाली फिल्में होती हैं सुपरहिट

**नई दिल्ली।** आज तक हम इस दुख में हैं कि गजनीमें कल्पना को अंत तक नहीं पता चल पाया कि सचिन ही संजय सिंहानिया है। हमें आज भी अफसोस होता है कि आमिर खान क्यों सही वक्त पर पहुंचकर आसिन को नहीं बचा पाए। तेरे नाम में जब राधे पागलखाने पहुंच जाता है और निर्जरा जहर पी लेती है, तो हम अंदर तक दुखी हो जाते हैं। रांझणा में कुंदन का जोया के लिए आखिरी मोनोलॉग आज भी तीर की तरह हमें चुभता है। सनम तेरी कसम में सरस्वती को मरते देख हम सब आंसू बहाते हैं। कल हो ना हो में शाहरुख खान का किरदार अमन माथुर चल बसता है, लेकिन हम आज भी उस फिल्म को याद करते हैं। सदमा में जब ट्रेन से श्रीदेवी चली जाती हैं तो पीछे कमल हासन का छूटना हमें आज भी सताता है। हम दिल दे चुके सनम में सलमान खान के किरदार को तड़पते देख





हम भी दर्द महसूस करते थे, मगर ये सारी फिल्में सुपरहिट रहीं। एक विलेन, आशिकी 2, लैला मजनूं, मोहब्बतें जैसी तमाम फिल्में हैं, जिनमें हीरो या हीरोइन या दोनों की मौत हो जाती है, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर ये फिल्में शानदार प्रदर्शन करती हैं।

***लेकिन सवाल है:*** जब इन फिल्मों को देखकर हम अंदर तक दुखी हो जाते हैं, फिर भी ये सैड एंडिंग वाली फिल्में सुपरहिट क्यों होती हैं? चलिए समझने की कोशिश करते हैं।

क्यों सुरक्षित रिश्ते लगते हैं बोरिंग, 'रजनीगंधा'ने 52 साल पहले समझा दिया था । इश्क दर्द और सिनेमा

***अधूरी मोहब्बत का आकर्षण :*** जब कोई प्यार पूरी तरह से पूरा नहीं होता या हमें हासिल नहीं हो पाता, तो हमारा दिमाग उसे खास मानने लगता है। साइक्लॉजी में इसे 'अप्राप्य वस्तुओं का आदर्शवाद' कहा जाता है। मतलब, जो चीज मुश्किल या नामुमकिन लगती है, हमारा दिमाग उसे ज्यादा परफेक्ट और रोमांटिक मानता है। इसलिए देवदास, रांझणा, सनम तेरी कसम जैसी अधूरी मोहब्बत की कहानी हमें ज्यादा याद रहती है और दिल को छू जाती है। हमारा अचेतन इसे आइडियल मानता है।

जैसा हरिवंश राय बच्चन ने मधुशाला में लिखा- 'प्यार नहीं पा जाने में है, पाने के अरमानों में! पा जाता तब, हाय, न इतनी प्यारी लगती मधुशाला।' यानी, हासिल करने में प्यार उतना खास नहीं लगता जितना उसे पाने की तड़प में।

## एक के लिए तो गिनीज बुक में दर्ज हो चुका है नाम

# सिर्फ भारतीय फिल्मों में होती हैं ये 7 अजीब चीजें

***नई दिल्ली।*** *बात जब फिल्मों की आती है तो हम अक्सर बातें करते हैं कि बॉलीवुड वाले हॉलीवुड के टक्कर की फिल्में नहीं बना पाते हैं। कभी वीएफक्स तो कभी कोरियन सिनेमा जैसी सादगी हमारी फिल्मों में मिसिंग रहने की बात उठती है। लेकिन, क्या आपको पता है कि भारत साल भर में इतनी फिल्में रिलीज करता है जितनी दुनिया भर में और कहीं नहीं होती हैं। इतना ही नहीं और भी कई ऐसी बातें हैं जो भारतीय सिनेमा को बाकी फिल्म इंडस्ट्रीज से अलग बनाती हैं। तो चलिए जानते हैं भारतीय सिनेमा के बारे में 7 रोचक तथ्य।*

### फिल्मों की फैक्ट्री है अपना इंडिया

***दुनिया*** को लगता है कि हॉलीवुड सबसे बड़ा है, लेकिन सच यह है कि भारत दुनिया में सबसे ज्यादा फिल्में बनाने वाला देश है। जहां हॉलीवुड साल भर में लगभग 700-800 फिल्में बनाता है, वहीं भारत हर साल 1,500 से 2,000 के बीच फिल्में रिलीज करता है।

### बिना गानों की फिल्म का पिटना तय

***हॉलीवुड*** या यूरोपियन सिनेमा में फिल्में बिना गानों के होना सामान्य बात है, वहां 'म्यूजिकल' एक अलग जॉनर होता है। लेकिन, भारत में उल्टा है। यहां बिना गानों की फिल्म बनाना एक बहुत बड़ा जोखिम माना जाता है। भारतीय फिल्मों में औसतन 5-6 गाने होते हैं, जो फिल्म की मार्केटिंग और कमाई का आधा जरिया होते हैं।

### स्टार्स का दूध अभिषेक और मंदिर

***यह*** दुनिया के किसी और देश में नहीं होता। दक्षिण भारत में जब किसी बड़े सुपरस्टार की फिल्म रिलीज होती है, तो फैंस उनके कट-आउट्स को दूध से नहलाते हैं। इतना ही नहीं, अमिताभ बच्चन और सोनू सूद जैसे स्टार्स के तो भारत में बाकायदा मंदिर भी बने हुए हैं।

### क्यों दुनिया से उलटा चल रहा इंडिया?

दुनिया भर की सिनेमा इंडस्ट्री आज 90 मिनट से 2 घंटे की फिल्मों की ओर बढ़ रहा है, लेकिन भारतीय दर्शक आज भी 'पैसा वसूल' अनुभव के लिए कम से कम 2.5 से 3 घंटे की फिल्म की उम्मीद करते हैं। भारत में फिल्म देखने जाना मतलब पूरा दिन इसके लिए निकालना पड़ता है। क्योंकि, कई बार 3 घंटे की फिल्म और इंटरवल फिर फिल्म से पहले और बाद थोड़ा घूमना-फिरना पूरा दिन लेता है।



### सिर्फ यहां का बोर्ड लगाता है ऐसे नियम

भारत दुनिया के उन चुनिंदा देशों में से है जहां फिल्मों में स्मोकिंग या शराब के सीन आने पर स्क्रीन के नीचे 'चेतावनी' दिखाना जरूरी है। विदेशी फिल्मों को भी भारत में रिलीज होते समय इन नियमों का पालन करना पड़ता है, जो बाहर के फिल्ममेकर्स के लिए काफी अजीब अनुभव होता है।

### दुनिया का सबसे बड़ा फिल्मी परिवार

भारतीय सिनेमा जगत में 'नेपोटिज्म' की खूब चर्चा तो होती है, लेकिन क्या आपको पता है कि इसी वजह से हमने गिनीज बुक में भी जगह पाई है। कपूर खानदान का नाम 'गिनीज वर्ल्ड बुक' में दर्ज है, क्योंकि उनकी एक ही परिवार की पांच पीढ़ियां (पृथ्वीराज कपूर से लेकर रणबीर-करीना तक) सिनेमा जगत का हिस्सा रही हैं।

### कहीं नहीं मिलती ऐसी फैन फॉलोइंग

आपको जानकर हैरानी होगी कि राज कपूर रूस में वहां के लोकल हीरोज से ज्यादा पॉपुलर थे। वहीं, रजनीकांत का जापान में इतना जबरदस्त क्रेज है कि वहां उनकी फिल्मों के खास शोज चलते हैं। मिथुन चक्रवर्ती का 'डिस्को डांसर' अवतार आज भी रूस और मिड एशिया के देशों में एक कल्ट माना जाता है।

# पाकिस्तान के लिए आज करो या मरो का मुकाबला

- नामीबिया पर हर हाल में करनी होगी जीत दर्ज
- पाक का विश्वकप में अभियान नाजुक मोड़ पर पहुंचा
- भारत से हार ने उसे बुरी तरह से झकझोर दिया है



एजेंसी ▶▶| कोलंबो

अपने चिर प्रतिद्वंद्वी भारत से मिली करारी शिकस्त के बाद पाकिस्तान का टी20 विश्व कप में अभियान नाजुक मोड़ पर पहुंच गया है और इससे नामीबिया के खिलाफ बुधवार को होने वाला मैच उसके लिए करो या मरो जैसा बन गया है। एक समय पाकिस्तान सुपर आठ में जगह बनाने की अच्छी स्थिति में दिख रहा था लेकिन भारत से हार ने उसे बुरी तरह से झकझोर दिया है जिसके कारण उसे ग्रुप ए के अपने आखिरी मैच में करो या मरो की स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। विश्व कप में प्रत्येक ग्रुप से केवल शीर्ष दो टीमें ही सुपर आठ में पहुंचेंगी।

### पाक तालिका में तीसरे स्थान पर

पाकिस्तान वर्तमान में भारत और अमेरिका के बाद तालिका में तीसरे स्थान पर है। भारत ने तीन मैचों में तीन जीत के साथ सुपर आठ के लिए क्वालीफाई कर लिया है जबकि अमेरिका चार अंक और बेहतर रन रेट के कारण दूसरे स्थान पर है।

### शाहिन को शुरुआत में विकेट लेने होंगे

तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी भी संघर्ष करते नजर आए और उन्होंने अपने दो ओवरों में 31 रन लुटाकर एक विकेट लिया। एकमात्र सकारात्मक पहलू साइम अयूब का रहा, जिन्होंने तीन विकेट लेकर भारत के शीर्ष क्रम को मुश्किल में डाल दिया था। नामीबिया के खिलाफ अफरीदी को शुरुआत में ही विकेट लेने होंगे क्योंकि पहले छह ओवरों में प्रमुख बल्लेबाजों को आउट करने से पाकिस्तान को मैच पर हावी होने का मौका मिल जाएगा।

### पाक की पावरप्ले में कमजोरी उजागर

पाकिस्तान की पावरप्ले की कमजोरियां भी चिंता का विषय बनी हुई हैं। पिछले मैच में उसकी टीम ने पावरप्ले में चार विकेट गंवाए। उसके मध्य क्रम में बार-बार होने वाले बदलावों ने स्थिति को और जटिल बना दिया है, जिससे निचले क्रम में तेजी से रन बनाने की संभावना कम हो गई है। नामीबिया के पास प्रतिभाशाली गेंदबाज हैं जिससे पाकिस्तान के लिए बीच के ओवरों में संघर्ष करना महंगा साबित हो सकता है। नामीबिया की टीम तीन हार के बाद टूर्नामेंट से बाहर हो चुकी है लेकिन वह जीत हासिल करके सम्मान के साथ विदाई लेने के लिए प्रतिबद्ध होगी।

## टीम इंडिया की नीदरलैंड से होगी भिड़ंत, मैच शाम 7:00 बजे से

# अहमदाबाद को आज अभिषेक से आक्रामक पारी की उम्मीद

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

अपनी पिछली दो पारियों में खाता खोलने में नाकाम रहे सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा नीदरलैंड के खिलाफ बुधवार को यहां होने वाले टी20 विश्व कप के मैच में बड़ी पारी खेलने के लिए प्रतिबद्ध होंगे जबकि भारतीय टीम के अन्य बल्लेबाज भी सुपर आठ चरण से पहले स्पिन के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगे। अभिषेक शर्मा ने पिछले 18 महीने में खुद को इस प्रारूप का खतरनाक खिलाड़ी साबित किया है लेकिन घरेलू मैदान पर खेली जा रही आईसीसी प्रतियोगिता में वह अभी तक अपना जलवा नहीं दिखा पाए हैं। अमेरिका के खिलाफ पहले मैच में शून्य पर आउट होने के बाद वह पेट के संक्रमण के कारण नामीबिया के खिलाफ दूसरे मैच में नहीं खेल पाए थे।

### अभिषेक जोखिम लेने से नहीं कतराते

अभिषेक ने पाकिस्तान के खिलाफ पिछले मैच में वापसी की लेकिन खाता खोलने में नाकाम रहे। लेकिन दूसरे छोर पर ईशान किशन की शानदार फॉर्म के कारण अभिषेक के बल्ले से रनों की कमी का टीम की स्थिति पर कोई असर नहीं पड़ा है। अभिषेक जोखिम लेने से नहीं कतराते हैं और उनकी इस तरह की बेखौफ बल्लेबाजी से भारत को कई मैच में जीत भी मिली है।

### अभिषेक के लिए शानदार अवसर

भारत पहले ही टूर्नामेंट के अगले चरण में पहुंच चुका है और ऐसे में नीदरलैंड के खिलाफ मैच अभिषेक के लिए रन बनाने का शानदार अवसर होगा। किशन और गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने पाकिस्तान को आसानी से हरा दिया था। लेकिन लगातार दूसरे मैच में भारत के अन्य बल्लेबाजों ने किशन जैसा आत्मविश्वास नहीं दिखाया।



### नीदरलैंड के पास अच्छे स्पिनर नहीं



नीदरलैंड के गेंदबाजी आक्रमण में बहुत अच्छे स्पिनर नहीं हैं और ऐसे में भारतीय बल्लेबाजों को उनको खेलने में किसी तरह की दिक्कत नहीं आनी चाहिए। नीदरलैंड की स्पिन आक्रमण में आर्यन दत्त और रोएलॉफ वैन डेर मेरवे शामिल है जो काफी समय से खेलने के बावजूद भारतीय बल्लेबाजों के सामने चुनौती पेश करें इसकी संभावना कम लगती है।

### बुमराह सहित कुछ गेंदबाजों को दे सकता हैं आराम

गेंदबाजी के मोर्चे पर भारत के पास सुपर आठ से पहले कुछ गेंदबाजों को आराम देने का विकल्प है, जिसमें तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह भी शामिल हैं। कोलंबो में अतिरिक्त स्पिन विकल्प के रूप में अर्शदीप सिंह के स्थान पर कुलदीप यादव को चुनने के बाद उम्मीद है कि भारत फिर से दो विशेषज्ञ तेज गेंदबाजों के संयोजन पर वापस लौटेगा। अगर बुमराह को आराम दिया जाता है तो मोहम्मद सिराज और अर्शदीप के अंतिम एकादश में शामिल होने की संभावना है। ऐसे में स्पिन विभाग की जिम्मेदारी वरुण चक्रवर्ती और अक्षर पटेल संभाल सकते हैं। नीदरलैंड को मौजूदा चैंपियन से मुकाबला करने के लिए अपनी बल्लेबाजी और गेंदबाजी में जबरदस्त सुधार करना होगा। नामीबिया पर शानदार जीत के बाद पिछले मैच में उसे अमेरिका से करारी हार मिली थी।



### नामीबिया व पाक के स्पिन गेंजबाजों ने भारत को किया परेशान

नामीबिया के कप्तान गेरहार्ड इरास्मस ने अपनी 'राउंड आर्म' और 'बिहाइंड द स्टंप्स' गेंदबाजी से भारतीय बल्लेबाजों को परेशान किया जबकि पाकिस्तान के खिलाफ मैच में एक अन्य अपरंपरागत स्पिनर उस्मान तारिक ने भारतीय बल्लेबाजों को खुलकर नहीं खेलने दिया। यहां तक कि साइम अयूब भी भारतीयों के खिलाफ प्रभावी साबित हुए थे।

### टीम इस प्रकार

**भारतः** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, संजू सैमसन, शिवम दुबे, इशान किशन, हार्दिक पंड्या, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, रिंकू सिंह।

**नीदरलैंडः** स्कॉट एडवर्ड्स (कप्तान), कॉलिन एकरमैन, नोआ क्रोज, बास डी लीडे, आर्यन दत्त, फ्रेड क्लासेन, काइल क्लेन, माइकल लेविट, जैक लायन-कैशेट, मैक्स ओ'डोव्ड, लोगान वैन बीक, टिम वैन डेर गुगटेन, रूलोफ वैन डेर मेरवे, पॉल वैन मीकेरेन, साकिब जुल्फिकार।

## खबर संक्षेप



### प्रतिका आस्ट्रेलिया के खिलाफ भारतीय महिला टीम में शामिल

**नई दिल्ली।** सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल को टखने की चोट से उबरने के बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ब्रिसबेन में 24 फरवरी से शुरू होने वाली तीन मैचों की वनडे श्रृंखला के लिए मंगलवार को भारतीय महिला क्रिकेट टीम में शामिल किया गया। प्रतिका पिछले साल विश्व कप के दौरान बांग्लादेश के खिलाफ मैच में फील्डिंग करते समय चोटिल हो गई थी। उनकी जगह शेफाली वर्मा को उस टूर्नामेंट के लिए टीम में शामिल किया गया था। भारत ने पहली बार यह टूर्नामेंट जीता था। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है, ''महिला चयन समिति ने ऑस्ट्रेलिया की टीम के खिलाफ तीन मैचों की वनडे श्रृंखला के लिए प्रतिका रावल को भारतीय टीम में शामिल किया है।'बयान के अनुसार, ''प्रतिका ने बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में अपना रिहैबिलिटेशन पूरा कर लिया है और वह अक्टूबर में आईसीसी महिला वनडे विश्व कप 2025 के दौरान लगी टखने की चोट से पूरी तरह उबर चुकी हैं।''

### जेल में बंद इमरान के साथ मानवीय व्यवहार की अपील



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट के दिग्गज सुनील गावस्कर और कपिल देव सहित 14 पूर्व कप्तानों ने जेल में बंद क्रिकेटर से राजनेता बने इमरान खान के बिगड़ते स्वास्थ्य पर ''गहरी चिंता'' व्यक्त करते हुए पाकिस्तान सरकार से उन्हें अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप उचित चिकित्सा और सम्मानजनक परिस्थितियां प्रदान करने का आग्रह किया है। ऐसी खबरें आई हैं कि 1992 के विश्व कप विजेता टीम के कप्तान इमरान खान ने रावलपिंडी की अडियाला जेल में उचित चिकित्सा सुविधा नहीं मिलने के कारण अपनी दाहिनी आंख की लगभग 85 प्रतिशत दृष्टि खो दी है। लगभग 14 पूर्व कप्तानों ने ''पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट कप्तानों की अपील'' शीर्षक से पाकिस्तान सरकार को एक पत्र लिखकर इमरान के साथ उचित व्यवहार करने की मांग की।

### आयरलैंड के खिलाफ मैच में दोनों टीमों को मिले एक-एक अंक

# मैच धुलने से जिम्बाब्वे सुपर आठ में, आस्ट्रेलिया टी20 विश्व कप से बाहर

एजेंसी ▶▶| पाल्लेकल

जिम्बाब्वे ने आयरलैंड के खिलाफ टी20 विश्व कप ग्रुप बी का मैच बारिश में धुलने के बाद सुपर आठ में प्रवेश कर लिया जबकि पूर्व चैम्पियन आस्ट्रेलिया और आयरलैंड टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। दोनों टीमों को एक एक अंक मिला जिससे जिम्बाब्वे के पांच अंक हो गए।

अब 26 फरवरी को पहले सुपर आठ मुकाबले में चेन्नई में जिम्बाब्वे का सामना भारत से होगा। जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा ने कहा ,'' हमने अभी लक्ष्य हासिल नहीं किया है, बस उसकी ओर कदम बढाया है। थोड़ा बहुत जश्न होगा लेकिन फोकस अगले मैच पर है।''

### 26 फरवरी को सुपर आठ में भारत से होगा मुकाबला



### सुपर आठ में पहुंचने वाली बनीं 7वीं टीम

पिछली बार टूर्नामेंट में क्वालीफाई करने से चूकी जिम्बाब्वे सुपर आठ में पहुंचने वाली सातवीं टीम बन गई। ग्रुप वन में भारत, दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज भी सुपर आठ में पहुंच गए हैं। जिम्बाब्वे को आखिरी ग्रुप मैच 19 फरवरी को श्रीलंका से खेलना है।

### श्रीलंका पहले ही सुपर-8 में

श्रीलंका छह अंक लेकर पहले ही सुपर आठ में पहुंच चुका है। आस्ट्रेलिया के दो अंक है जिसे जिम्बाब्वे और श्रीलंका ने हराया। ग्रुप दो में श्रीलंका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान या अमेरिका होंगे।

## एशिया कप राइजिंग स्टार्स : भारत 'ए' ने नेपाल को हराकर सेमीफाइनल में जगह पक्की की

एजेंसी ▶▶| बैंकॉक

सीनियर टीम की गेंदबाज तनुजा कंवर और मिन्नू मणि के शानदार प्रदर्शन की मदद से भारत ए ने मंगलवार को यहां नेपाल को सात विकेट से हराकर महिला एशिया कप राइजिंग स्टार्स क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की।

बाएं हाथ की स्पिनर तनुजा ने 12 रन देकर चार विकेट लिए जबकि मिन्नू ने आठ रन देकर तीन विकेट हासिल किये। इन दोनों स्पिनरों की शानदार गेंदबाजी से भारत ने नेपाल को 18 ओवर में



केवल 78 रन पर आउट कर दिया। दिनेश वृंदा की 18 गेंदों पर नाबाद 39 रन की शानदार पारी से भारत ए ने महज 7.5 ओवर में तीन विकेट पर 82 रन बनाकर दो अंक हासिल किए। भारतीय टीम अब चार अंकों के साथ ग्रुप ए में शीर्ष पर पहुंच गई है। इस ग्रुप से सेमीफाइनल में पहुंचने वाली दूसरी टीम का फैसला यूएई और पाकिस्तान ए के बीच होने वाले मैच के बाद होगा। यूएई के चार अंक हैं, लेकिन पाकिस्तान के जीत हासिल करने पर दोनों टीम के चार-चार अंक हो जाएंगे जिसके बाद नेट रन रेट के आधार पर यह तय होगा कि कौन सी टीम सेमीफाइनल में पहुंचेगी। अगर यूएई जीत जाता है तो वह छह अंकों के साथ ग्रुप में शीर्ष पर पहुंच जाएगा, जिससे भारत दूसरे स्थान पर खिसक जाएगा। भारत ने नेपाल के खिलाफ सभी विभागों में दबदबा बनाया।

## बार्सिलोना एक सप्ताह के अंदर दूसरा मैच हारा

**गिरोना (स्पेन)।** लामिन यामल पेनल्टी पर गोल करने से चूक गए जिससे बार्सिलोना सोमवार को यहां गिरोना से 2-1 से हार गया और इस तरह से उसने स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लीगा में रियाल मैड्रिड को पीछे छोड़कर शीर्ष पर पहुंचने का मौका गंवा दिया। बार्सिलोना की एक हफ्ते से भी कम समय में



यह दूसरी हार है जिसके कारण वह तालिका में दूसरे स्थान पर आ गया। वह रियाल मैड्रिड से दो अंक पीछे है। इस मैच में जीत से बार्सिलोना अपने कट्टर प्रतिद्वंद्वी से आगे हो जाता लेकिन अब उसके 24 मैच में 58 अंक है जबकि रियाल मैड्रिड के इतने ही मैच में 60 अंक हैं। बार्सिलोना की टीम पिछले हफ्ते कोपा डेल रे में एटलेटिको मैड्रिड से 4-0 से हार गई थी। यामल ने हाफ टाइम से ठीक पहले पेनल्टी किक को गोलपोस्ट पर मार दिया हालांकि पाउ कुबार्सी के गोल से बार्सिलोना ने दूसरे हाफ की शुरुआत में ही बढ़त बना ली थी। हालांकि, महज तीन मिनट बाद ही गिरोना ने जोरदार वापसी करते हुए मैच पर कब्जा जमा लिया। उसकी तरफ से थॉमस लेमार और स्थानापन्न खिलाड़ी फ्रान बेल्ट्रान ने गोल किये।

## न्यूजीलैंड टी-20 वर्ल्डकप के सुपर-8 में पहुंचा

# युवराज के रिकॉर्ड शतक पर भारी पड़ी फिलिप्स की तूफानी पारी




**युवराज समरा**
विश्वकप में शतक जड़ने वाले सबसे कम उम्र के बल्लेबाज




एजेंसी ▶▶| चेन्नई

युवराज समरा टी20 विश्व कप में शतक जड़ने वाले सबसे कम उम्र के बल्लेबाज बने लेकिन यह उलटफेर करने के लिए पर्याप्त साबित नहीं हुई क्योंकि न्यूजीलैंड ने ग्लेन फिलिप्स की तूफानी पारी के दम पर मंगलवार को यहां ग्रुप डी के मैच में कनाडा को 29 गेंद शेष रहते हुए आठ विकेट से हराकर सुपर आठ में अपनी जगह पक्की की।

भारत के विश्व कप विजेता ऑलराउंडर युवराज सिंह के नाम पर 19 वर्षीय समरा का नाम रखा गया था और उन्होंने अपने नाम को सही साबित करते हुए आखिरी ओवर में आउट होने से पहले 65 गेंद पर 110 रन बनाए जिसमें 11 चौके और छह छक्के शामिल हैं। उनकी इस पारी की मदद से कनाडा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 173 रन बनाए। फिलिप्स की 36 गेंद पर चार चौकों और छह छक्कों की मदद से खेली गई नाबाद 76 रन की पारी तथा रचिन रविंद्र (39 गेंद पर नाबाद 59) के साथ उनकी 146 रन की अटूट साझेदारी की मदद से न्यूजीलैंड ने 15.1 ओवर में दो विकेट पर 176 रन बनाकर कनाडा के स्कोर को बौना साबित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी और शान से अगले चरण में प्रवेश किया। न्यूजीलैंड ने चार मैच में छह अंक के साथ ग्रुप चरण के अपने अभियान का समापन किया। वह ग्रुप डी में दक्षिण अफ्रीका के बाद दूसरे स्थान पर है।

### फिलिप्स चुने गए प्लेयर ऑफ द मैच

न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने चौथे ओवर तक अपने दोनों सलामी बल्लेबाज टिम सीफर्ट (06) और फिन एलन (21) के विकेट गंवा दिए। एलन ने दिलन हेइलिगर पर चौका और छक्का लगाया लेकिन इसी गेंदबाज ने अगले ओवर में उन्हें पवेलियन की राह दिखा दी। न्यूजीलैंड ने पावरप्ले में दो विकेट पर 60 रन बनाए। मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए फिलिप्स ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की और कनाडा के अनुभवहीन आक्रमण की धज्जियां उड़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। फिलिप्स ने पारी के 11वें ओवर में अंश पटेल पर दो छक्के लगाकर केवल 22 गेंद में अर्धशतक पूरा किया जो टी20 विश्व कप में न्यूजीलैंड की तरफ से नया रिकॉर्ड है। उन्होंने आरोन रेडमंड का 2009 में आयरलैंड के खिलाफ और वर्तमान टूर्नामेंट में सीफर्ट का यूएई के खिलाफ 23 गेंद में अर्धशतक बनाने के रिकॉर्ड को तोड़ा।

## हरमनप्रीत निजी कारणों से बाहर, एफआईएच प्रो लीग मैचों में नहीं खेल पाएंगे

# हार्दिक संभालेंगे भारतीय हॉकी टीम की कमान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नियमित कप्तान हरमनप्रीत सिंह निजी कारणों से 20 से 25 फरवरी तक होबार्ट में होने वाले एफआईएच प्रो लीग मैचों में नहीं खेल पाएंगे और उनकी जगह मिडफील्डर हार्दिक सिंह को मंगलवार को भारतीय पुरुष की टीम का कप्तान नियुक्त किया गया। भारत, स्पेन और मेजबान ऑस्ट्रेलिया टूर्नामेंट के आगामी चरण में होबार्ट के तस्मानिया हॉकी सेंटर में एक दूसरे के खिलाफ खेलेंगे।

भारतीय टीम ने राउरकेला में समाप्त हुए चरण में अपने सभी चार मैच गंवा दिए थे, जिसमें



अर्जेंटीना के हाथों 0-8 की शर्मनाक हार भी शामिल है। भारत के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने कहा, ''राउरकेला में हमारा प्रदर्शन निराशाजनक रहा और परिणाम हमारे पक्ष में नहीं रहे लेकिन हमने कुछ अच्छे सबक सीखे हैं और कुछ उल्लेखनीय सुधार किए हैं।''

नए कप्तान हार्दिक दो बार के ओलंपिक कांस्य पदक विजेता हैं। टीम में अमनदीप लाकड़ा और मनमीत सिंह जैसे युवा खिलाड़ी भी शामिल हैं, जिन्होंने राउरकेला चरण के दौरान सीनियर टीम के लिए अपना पहला मैच खेला था।

हॉकी इंडिया ने एक बयान में कहा, ''हरमनप्रीत सिंह निजी कारणों से टीम का हिस्सा नहीं होंगे।''

### मनिंदर की टीम में वापसी

इस खिलाड़ी के करीबी एक सूत्र ने बताया कि हरमनप्रीत अपने दूसरे बच्चे के जन्म के कारण अपनी पत्नी अमनदीप कौर के साथ रहना चाहते हैं और इसलिए वह टीम से हट गए हैं। स्ट्राइकर मनिंदर सिंह की भी टीम में वापसी हुई है। वह आखिरी बार 2023-24 में एफआईएच हॉकी प्रो लीग में भारत के लिए खेले थे। एक अन्य फॉरवर्ड अंगद बीर सिंह की भी टीम में वापसी हुई है। फुल्टन ने कहा, ''हमारा लक्ष्य होबार्ट में बेहतर प्रदर्शन करना और विश्व कप और एशियाई खेलों के लिए अपनी टीम को अंतिम रूप देना है।''

**भारतीय टीम इस प्रकार हैः**

गोलकीपरः सूरज करकेरा, मोहित होन्नेनाहल्ली शशिकुमार। डिफेंडरः अमित रोहिदास, जरमनप्रीत सिंह, जुगराज सिंह, संजय, सुमित, अमनदीप लाकड़ा, यशदीप सिवाच, पूवन्ना चंदूरा बॉबी।

मिडफील्डरः राजिंदर सिंह, मनमीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, हार्दिक सिंह, मोइरंगथेम रबीचंद्र सिंह, विष्णु कांत सिंह, राज कुमार पाल।

फॉरवर्डः अभिषेक, शिलानंद लाकड़ा, मंदीप सिंह, अरिजीत सिंह हुंदल, आदित्य अर्जुन लालगे, अंगद बीर सिंह, मनिंदर सिंह।

## श्रीजेश ने मुख्य कोच पद के लिए दोबारा किया आवेदन

**नई दिल्ली।** महान गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने भारत की जूनियर पुरुष हॉकी टीम के मुख्य कोच के रूप में अपने कार्यकाल के पिछले साल दिसंबर में समाप्त होने के बाद इस पद के लिए दोबारा आवेदन किया है।



इस नियुक्ति पर अगले पखवाड़े में फैसला होने की संभावना है। दो बार के ओलंपिक कांस्य पदक विजेता श्रीजेश को अगस्त 2024 में जूनियर पुरुष टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया था। उनके मार्गदर्शन में भारत ने बीते दिसंबर में चेन्नई में आयोजित एफआईएच पुरुष हॉकी जूनियर विश्व कप में कांस्य पदक जीता था। टीम ने पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए अर्जेंटीना को 4-2 से हराकर नौ साल बाद इस प्रतियोगिता में पोडियम स्थान हासिल किया था। श्रीजेश ने कहा, ''हां, विश्व कप के बाद 21 दिसंबर को मेरा अनुबंध खत्म हो गया था और उसके बाद मैं केरल स्थित अपने गृहनगर में हूं।

Divisa



“ अगर आप भी कब्ज, गैस, एसिडिटी जैसी परेशानियों से घिरे हुए है, तो आज ही लीजिए, आयुर्वेदिक पेट सफा ग्रेन्यूल्स। यह पहले दिन से असर दिखाता है, मुंह में चिपकता नहीं और इसकी आदत भी नहीं बनती। ”

मोर्निंग होगी मस्त क्योंकि पेट सफा है जबरदस्त

Safe for daily use | No Side Effect | No added Sugar

पेट सफा... तो हर रोग दफा

24x7 Helpline: 91197 88888 • www.petsaffa.com • Available at all medical and general stores

Dr. Juneja's पेट सफा Natural Laxative Granules & Tablets

## हाईकोर्ट ने गृहसचिव व एसपी से जवाब मांगा

# मेडिकल छात्र की संदिग्ध मौत को चुनौती

हरिभूमि जबलपुर।

नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज के एमबीबीएस प्रथम वर्ष के छात्र शिवांश गुप्ता की हास्टल की बिल्डिंग से गिरने के दौरान संदिग्ध मौत



को छात्र के पिता ने हाईकोर्ट में चुनौती दी है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि यह आत्महत्या नहीं बल्कि रैगिंग और प्रशासनिक लापरवाही के कारण हुई मौत का मामला है, लिहाजा इस पूरे मामले की जांच सीबीआई से कराने के निर्देश दिए जाएँ। याचिका में लगे आरोपों को गंभीरता से लेते हुए मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के जस्टिस बीपी शर्मा की बेंच ने मंगलवार को सुनवाई के बाद राज्य सरकार के गृह सचिव व अन्य को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

याचिका में मप्र सरकार के गृह सचिव, जबलपुर के पुलिस अधीक्षक, गढ़ा थाना प्रभारी और नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज के वार्डन रविकांत महंत को पक्षकार बनाया गया है।

### मेधावी छात्र था शिवांश

रीवा में निवासी संतोष कुमार गुप्ता की ओर से दायर की गई याचिका में कहा गया है कि उनके बेटे शिवांश गुप्ता ने वर्ष 2024 की नीट परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 19577 तथा 660 अंक प्राप्त किए थे। मध्यप्रदेश रैंक 734 के आधार पर उसे जबलपुर मेडिकल कालेज जबलपुर में प्रवेश मिला था। वह प्रथम वर्ष एमबीबीएस का छात्र था। 5 जून 2025 को परिजनों को सूचना मिली कि शिवांश घायल अवस्था में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती है। पिता, जो नोएडा में सेवा में हैं, पत्नी के साथ जबलपुर पहुंचे, जहां 6 जून 2025 को इलाज के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार रीवा स्थित पैतृक निवास पर किया गया।

### रैगिंग और मारपीट के आरोप

याचिकाकर्ता का कहना है कि 12 जून को कॉलेज परिसर पहुंचकर उन्होंने शिवांश के सहपाठियों से बातचीत की। याचिका में आरोप है कि द्वितीय वर्ष के छात्र नयन साहू, जो स्थानीय निवासी बताया गया है, ने शिवांश के साथ रैगिंग और दुर्व्यवहार किया। आरोप है कि एक प्रथम वर्ष की छात्रा से मित्रता को लेकर विवाद था। परिजनों का दावा है कि मई माह में शिवांश ने अपनी मां को बताया था कि नयन साहू ने स्थानीय लड़कों को बुलाकर उसके साथ मारपीट करवाई। डर के कारण उसने वॉर्डन या प्रशासन से शिकायत नहीं की।

### छत से गिरने की घटना

याचिका के अनुसार 4 जून को शिवांश हॉस्टल से बाहर गया और 5 जून को लौटा। सुबह लगभग 10:30 से 11:30 बजे के बीच वह हॉस्टल की छत पर किसी से फोन पर बात कर रहा था। करीब 11:45 बजे वह छत से नीचे गिर गया। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई।

### एफआईआर दर्ज नहीं

पिता का आरोप है कि उन्होंने थाना प्रभारी को रैगिंग, प्रशासन और वॉर्डन रविकांत महंत की लापरवाही के संबंध में तथ्य बताए, परंतु पुलिस ने नयन साहू, कॉलेज प्रशासन और वॉर्डन के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं की। याचिका में यह भी कहा गया है कि पुलिस ने निष्पक्ष जांच किए बिना ही इसे आत्महत्या का मामला घोषित कर दिया।

### सीबीआई जांच की मांग

याचिकाकर्ता ने हाईकोर्ट से स्वतंत्र एजेंसी से जांच कराने, एफआईआर दर्ज करने तथा निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने की मांग की है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता सुदीप सिंह सैनी पैरवी कर रहे।

## झंडा लगाते समय पेड़ से गिरे युवक की मौत

**जबलपुर।** रांझी थानान्तर्गत कल दोपहर बड़ा पत्थर शिव मंदिर में महाशिवरात्रि का कार्यक्रम होने के दौरान समीप ही एक पीपल के पेड़ पर चढ़ कर झंडा बांधने के दौरान गिरकर एक युवक बेहोश हो गया जिसे ईलाज के लिए तत्काल रांझी अस्पताल लाया गया। जहाँ डाक्टर ने जांच के उपरान्त युवक को मृत करार दिया। सूचना पर पंचनामा कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर जांच में लिया गया। घटना के संबंध में रांझी पुलिस ने बताया कि बड़ा पत्थर रांझी निवासी कंधी लाल चौधरी ने सूचना दी थी कि बड़ा पत्थर शराब दुकान के सामने पीपल के पेड़ के नीचे शिव मंदिर है जहाँ कल महाशिवरात्रि का कार्यक्रम चल रहा था। इस दौरान कंघी लाल का भांजा अर्जुन चौधरी झंडा लगाने के लिए पीपल के पेड़ पर चढ़ा था इस दौरान अर्जुन नीचे गिर गया घटना में अर्जुन को सिर में गंभीर चोटें आयीं थी जिसे उपचार के लिए तत्काल रांझी सिविल अस्पताल ले जाया गया जहाँ डाक्टर ने चैक कर उसे मृत घोषित कर दिया।

आगामी होली त्योहार के मद्देनजर यात्रियों की सुविधा और यात्रियों की मांग पर

# एलटीटी-दानापुर-एलटीटी के बीच प्रतिदिन स्पेशल ट्रेन

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेल ने आगामी होली त्योहार के मद्देनजर यात्रियों की सुविधा और यात्रा मांग को पूरा करने के लिए लोकमान्य तिलक टर्मिनस (एलटीटी) – दानापुर – एलटीटी स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा की है।



गाड़ी संख्या 01143: एलटीटी से दानापुर के लिए, 21 से 28 फरवरी और 01 से 08 मार्च 2026 तक प्रतिदिन चलेगी। एलटीटी से सुबह 10:30 बजे प्रस्थान कर इटारसी रात 21:10 बजे, अगले दिन जबलपुर 02:25 बजे, कटनी 04:00 बजे, सतना 07:10 बजे और शाम 18:45 बजे दानापुर पहुंचेगी।

गाड़ी संख्या 01144: दानापुर से एलटीटी के लिए, 22 फरवरी से 01 मार्च और होली पर 02 से 09 मार्च 2026 तक प्रतिदिन चलेगी। दानापुर रात 21:30 बजे प्रस्थान कर प्रयागराज छिवकी 05:45 बजे, सतना 10:05 बजे, कटनी 12:00 बजे, जबलपुर 13:45 बजे, इटारसी 17:30 बजे और तीसरे दिन 07:45 बजे एलटीटी पहुंचेगी।

कोच संरचनाः ट्रेन में 1 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 6 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 9 शयनयान, 4 सामान्य और 2 एसएलआरडी कोच सहित कुल 22 कोच होंगे।

रास्ते के ठहरावः ठाणे, कल्याण, नासिक रोड, भुसावल, इटारसी, जबलपुर, कटनी, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर और आरा स्टेशनों पर।

# पनवेल-अलीपुरद्वार के बीच साप्ताहिक अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन शुरू

**जबलपुर।** रेल मंत्रालय ने यात्रियों की सुविधा और लंबी दूरी की यात्रा मांग को ध्यान में रखते हुए पनवेल जंक्शन – अलीपुरद्वार जंक्शन – पनवेल जंक्शन सप्ताहिक अमृत भारत एक्सप्रेस की नई ट्रेन सेवा शुरू की है।

गाड़ी संख्या 11031: पनवेल जंक्शन से प्रत्येक सोमवार 23 फरवरी 2026 से प्रस्थान करेगी। पनवेल से सुबह 11:50 बजे रवाना होकर इटारसी 23:45 बजे, पिपरिया 00:44 बजे, जबलपुर 03:10 बजे, कटनी 04:38 बजे, सतना 05:50 बजे और बुधवार को दोपहर 13:50 बजे अलीपुरद्वार जंक्शन पहुंचेगी।

गाड़ी संख्या 11032: अलीपुरद्वार जंक्शन से प्रत्येक गुरुवार 26 फरवरी 2026 से चलेगी। सुबह 04:45 बजे प्रस्थान कर सतना 06:55 बजे, कटनी 08:18 बजे, जबलपुर 10:05 बजे, पिपरिया 11:58 बजे, इटारसी 13:25 बजे और अगले दिन सुबह 05:30 बजे पनवेल जंक्शन पहुंचेगी।

रास्ते के ठहरावः कल्याण, नासिक रोड, जलगांव, भुसावल, इटारसी, पिपरिया, जबलपुर, कटनी, सतना, मानिकपुर, बरगढ़, प्रयागराज छिवकी, मेजा रोड, मिर्जापुर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, हसनपुर रोड, खगड़िया, मानसी, नौगछिया, कटिहार, बारसोई, किशनगंज, अलुआबाड़ी रोड, न्यू जलपाईगुड़ी, सिलीगुड़ी, बिन्नागुड़ी और हासीमारा।

कोच संरचनाः ट्रेन में 8 शयनयान, 11 सामान्य, 2 एसएलआरडी और 1 पेंट्री कार सहित कुल 22 कोच होंगे।

## पुणे-दानापुर के लिए स्पेशल ट्रेन सेवाएं होली तक प्रतिदिन उपलब्ध

**जबलपुर।** रेलवे ने होली के अवसर पर यात्रियों की सुविधा और यात्रा मांग को देखते हुए पुणे-दानापुर-पुणे स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है।

**गाड़ी संख्या 01449:** पुणे से दानापुर, 21-28 फरवरी और 01-08 मार्च 2026 तक प्रतिदिन। पुणे से दोपहर 3:30 बजे प्रस्थान, जबलपुर सुबह 9:05 बजे, सतना दोपहर 12:55 बजे और तीसरे दिन 2:45 बजे दानापुर पहुँचेगी।

**गाड़ी संख्या 01450:** दानापुर से पुणे, 23 फरवरी-02 मार्च और 03-10 मार्च 2026 तक प्रतिदिन। दानापुर से सुबह 5:00 बजे प्रस्थान, जबलपुर 21:35 बजे, इटारसी 01:20 बजे और अगले दिन शाम 6:15 बजे पुणे पहुँचेगी।

**कोच संरचना:** 01 AC II, 05 AC III, 06 शयनयान, 04 सामान्य और 02 SLRD, कुल 18 कोच। **मुख्य ठहराव:** दौंड, अहिल्यानगर (अहमदनगर), कोपरगाँव, मनमाड, भुसावल, इटारसी, जबलपुर, कटनी, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर और आरा।

**नगर निगम का टैक्स कलेक्टर सहित दो अन्य रिश्वत लेते पकड़ाए**

# जबलपुर, कटनी में लोकायुक्त और परासिया में ईओडब्ल्यू की कार्यवाही

हरिभूमि जबलपुर।

लोकायुक्त जबलपुर की टीम ने मंगलवार को जबलपुर के रांझी में एक टैक्स कलेक्टर टीसी को जोन कार्यालय में तीन हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगेहाथ पकड़ा।



कटनी में जलसंसाधन विभाग के प्रभारी कार्यपालन यंत्री को 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुये रंगेहाथ पकड़ा। इसी तरह ईओडब्ल्यू ने छिंदवाड़ा में नगर पालिका परासिया में अकाउंटेंट को 25 हजार की रिश्वत लेते पकड़ा। लोकायुक्त एसपी अंजु लता पटले ने बताया कि रांझी के नगर निगम जोन कार्यालय में पदस्थ आरोप चंद्र भान नोनिया को फरियादी दीपक कुशवाहा के मुंडी टोरिया रांझी स्थित निवास पर ट्रैप किया गया। दरअसल आरोपी छोटे लाल नोनिया ने दीपक कुशवाहा से नजूल के मकान की टैक्स रसीद में पुरानी टैक्स धारक की जगह पत्नी का नाम चढ़ाने की एवज में 5 हजार रुपये की रिश्वत मांगी थी। जिसकी शिकायत लोकायुक्त में की गई थी फरीयादी ने जैसे ही रिश्वत की रकम देने की तीसरी को घर बुलाया। लोकायुक्त ने जाल बिछाकर आरोपी का रंगे हाथ पकड़ा। लोकायुक्त की इस कार्रवाई से पूरे नगर निगम कार्यालय में हड़कंप मचा हुआ है।

## कटनी में कार्यपालन यंत्री धराया

जबलपुर लोकायुक्त पुलिस की टीम ने कटनी जल संसाधन विभाग के प्रभारी कार्यपालन यंत्री को विभाग के ही एक रिटायर्ड चौकीदार से एरियर भुगतान के बदले बीस हजार रुपए की रिश्वत लेते उनके शासकीय आवास से पकड़ा है। लोकायुक्त एसपी अंजु लता पटले के मुताबिक ग्राम जरवाही, जिला कटनी निवासी कुंवर लाल रजक चौकीदार के पद से 2024 में सेवानिवृत हुए था। वर्ष 2011 से 2017 तक वर्गीकरण की कार्यवाही में न्यायालय जबलपुर के आदेश से 7-8 लाख रूपये एरियर के मिलना थे, इस एरियर का भुगतान करने के बदले प्रभारी कार्यापालन यंत्री आरोपी व्हीए



सिद्दीकी ने 50 हजार रुपये की रिश्वत की मांग की। पहली किश्त 20 हजार रुपये की रिश्वत देने का सौदा तैयार हुआ। शासकीय आवास के अंदर 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुये रंगेहाथों सिद्दीकी को पकड़ा गया। आरोपी के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (संशोधन)2018 की धारा-7,13(1)B, 13(2) के अंतर्गत कार्यवाही की जा रही है। इस कार्यवाही के दौरान लोकायुक्त दल प्रभारी नीतू त्रिपाठी, निरीक्षक रेखा प्रजापति,निरीक्षक बृजमोहन सिंह नरवरिया, एवं अन्य शामिल थे।



## छिंदवाड़ा में अकाउंटेंट रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

राज्य आर्थिक अपराध अनवेषण ब्यूरो (ईओडब्लयू) ने नगर पालिका परासिया के अकाउंटेंट शैलेंद्र शर्मा को 5 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुये रंगे हाथों गिरफ्तार किया। ईओडब्लयू एसपी अनिल विश्वकर्मा ने बताया कि नगर पालिका में पदस्थ सफाई कर्मी लालजी अगस्त 2025 में सेवानिवृत्त हुआ था, जिसकी ग्रेज्यूटी भुगतान के लिये अकाउंटेंट ने 25 हजार रुपये रिश्वत की मांग की थी। अकाउंटेंट शैलेंद्र शर्मा फंड पेंशन भुगतान रोककर परेशान कर रहा था। शिकायत सत्यापन के बाद ईओडब्लयू की टीम ने नगर पालिका डोंगर परासिया में आरोपी को रिश्वत की पहली किश्त रिश्वत के 5 हजार रुपये लेते रंगेहाथ पकड़ा। ईओडब्लयू ने आरोपी के विरुध्द भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 2018 की धारा 7 (ए) के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही की है।

डा. ऑर्थो गद्दे/मैट्रेस के मिलते-जुलते नामों से प्रोडक्ट बेचने वालों पर सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी

जागरूक रहें, आजकल सस्ती व्यापारिक प्रतिस्पर्धा के मद्देनज़र कुछ दुकानदार **डा. ऑर्थो गद्दे/मैट्रेस** के मिलते-जुलते नामों से अन्य गद्दे बेच रहे हैं। इस संदर्भ में उन पर आवश्यक कानूनी कार्यवाही प्रारंभ की जा रही है। आज की इस पब्लिक नोटिस से यह स्पष्ट माना जाए कि प्रसिद्ध ब्रांड **डा. ऑर्थो गद्दे/मैट्रेस** को यदि कोई भी व्यक्ति, फर्म, संस्था अथवा कम्पनी किसी भी रूप में नकल करता या बेचता है, उन सभी पर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

सभी उपभोक्ता एवं दुकानदार कृप्या यह ध्यान दें कि **डा. ऑर्थो गद्दे/मैट्रेस** रेंज के सभी प्रोडक्ट्स केवल **डा. ऑर्थो गद्दे/मैट्रेस** के नाम से ही आते है। इसलिए मिलते-जुलते नामों से धोखा न खाएं व पूरा नाम पढ़कर ही प्रोडक्ट खरीदें। यदि आपको कोई प्रोडक्ट **डा. ऑर्थो गद्दे/मैट्रेस** के मिलते जुलते नाम से बाजार में मिलता है तो इसकी सूचना तुरन्त हमारी **Email: info@drorthooil.com** या **Helpline No.: 8264822252** पर दें।

आपके द्वारा दी गई सूचना पर यदि कोई दुकानदार अथवा निर्माता पकड़ा जाता है तो आपको ₹ 1,00,000/- का नकद इनाम दिया जाएगा एवं आपका नाम गुप्त रखा जायेगा। जागरूक रहें- डा. ऑर्थो मैट्रेस का पक्का बिल अवश्य लें।

Dr. Juneja's Dr. Ortho ORTHOPAEDIC MATTRESS



Divisa

सम्पर्क करें 8264822252

Email: info@drorthooil.com • Website : www.drorthooil.com

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240